ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 24 मई 2024
वर्ष 5, अंक 59, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत में जन्मी जया बडिगा अमेरिकी कोर्ट में बनी जज 16

पीवी सिंधू ने यू जिन को हराया 15

रजि.

बालाजी कन्सलटेंसी

फाइनेंस एडवाइजर | इण्डस्ट्रीयल लोन

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रीय" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

DSA– LOAN

स्पेशलिस्ट - कंट्रोल एटमोसफियर, कोल्ड स्टोर, फ्रूट चेम्बर, राईस मिल, ईंट भट्टा, गत्ता फैक्ट्री, दाल मिल, ग्रीन हाउस, वेयर हाउस, मिल्क प्रोडक्ट, भैंसो की डेयरी, बकरी-बकरा व मुर्गी पालन, डिस्पोजल व मिट्टी की क्राकरी, नमकीन, सोयाबीन, कोल्डड्रिंक, टायर प्यर लिसिस, प्लास्टिक प्यर लिसिस (प्लास्टिक to फ्यूल), ऑयल स्पेलर, बेकरी, कुरकुरे, सोया, प्लास्टिक पाइप, कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट (बायो सीएनजी), वेस्ट टू एनर्जी, पेपर, कप, नैपकीन, टिशू पेपर, मिट्टी क्राकरी, फ्लोर मिल, कोल्ड रूम आदि (100 करोड़ रूपये तक) ऋण का सरकारी सब्सिडी का स्तर शहर व ग्रामीण क्षेत्र में 90 प्रतिशत तक प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें।

सन्तोष कुमार

Mob:- 9917519347

E-mail:balajiconsultancy101@gmail.com

केवल 25 लाख से 100 करोड़ तक का लोन प्राप्त करने वाले संपर्क करें

एक नजर

मंडी समिति में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

ईवीएम की सुरक्षा में न हो कोई लापरवाही: डीएम

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने गुरुवार को मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम/सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि ईवीएम की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीएम ने कंट्रोल रूम से सभी प्रबंध ठीक रखने के लिए कहा है। लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को मतदान के बाद ईवीएम व वीवीपैट मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। 4 जून को मंडी समिति में मतगणना होगी। इसकी तैयारी भी जिला प्रशासन ने शुरू कर दी है।

कटरा मानपुर, बुध बाजार, कोठीवाल व मालवीय नगर में रातभर गुल रही बिजली, पानी को भी तरसे लोग

शट डाउन प्लान व उपकरणों में फाल्ट बने परेशानी का सबब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विद्युत विभाग द्वारा महानगर में बेहतर बिजली आपूर्ति देने का दावे खोखले साबित हो रहे हैं। एक साथ चारों ओर योजना-परियोजनाओं के कार्य के बिखराव को विभाग के अधिकारी समेट नहीं पा रहे हैं। स्मार्ट सिटी का कार्य कर रही कार्यदायी संस्थाओं की लापरवाही से महानगर में बिजली व्यवस्था चौपट हो चुकी है। बिजली विभाग की ओर से अब पुराने शहर में पूरे दिन में दो से चार घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल पा रही है। कटरा मानपुर, बुध बाजार, कोठीवाल नगर, मालवीय नगर, प्रिंस रोड, हरपाल नगर में शटडाउन प्लान में घंटों बिजली रही गुल तो कहीं फाल्ट होने से रात भर आपूर्ति बाधित रही। मियां कालोनी में बिजली कटौती से लोग पीने के पानी को भी तरस गए हैं।

महानगर में चल रही दोनों योजनाओं के शटडाउन प्लान ने उपभोक्ताओं की रात की नींद और दिन का चैन उड़ा दिया है। करूला मियां कॉलोनी में बिजली कटौती के चलते तीन दिन से लोगों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। भीषण गर्मी में 600 उपभोक्ताओं को बिजली गुल रहने से पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चे भी बिना पानी के परेशान हो रहे हैं।

वहीं बुधवार की रात को बुध बाजार में स्मार्ट सिटी परियोजना कार्य करने के लिए 10 बजे शटडाउन के अनुसार बिजली आपूर्ति बंद की गई। 12:30 बजे तक आपूर्ति बंद रही। इसके बाद एक बजे बुध बाजार और मोहल्ला मानपुर के बाहर रखे ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया। जिससे कटरा मानपुर, बुध बाजार, कोठीवाल नगर, मालवीय नगर में रहने वाले 6 हजार लोगों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं भूड़े के चौराहे पर रखे ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ने से प्रिंस रोड व हरपाल नगर के रहने वाले 4200 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह 7 बजे तक गुल रही।

गलशहीद मोहल्ले में ट्रांसफार्मर में लगी आग। ● अमृत विचार

> गर्मी में बिजली विभाग की ओर से बेहतर आपूर्ति देने के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन ओवरलोडिंग से उपकरण हीट हो कर खराब हो रहे हैं। हालांकि खराब उपकरणों को बिजली कर्मचारी तुरंत बदलने का काम कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी परियोजना और आरडीएसएस योजना का कार्य कर रही संस्था के कर्मचारियों की लापरवाही भी कटौती का कारण बनी है।
>
> **-मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता नगरीय**

धू-धूकर जल उठा ट्रांसफार्मर, कार भी जलकर राख

मुरादाबाद, अमृत विचार : गल शहीद मोहल्ले में बुधवार की देर रात अचानक 450 केवी के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग की लपटों से कुछ दूरी पर खड़ी कार भी जलकर राख हो गई। मोहल्ले के लोगों ने बिजली कर्मचारियों को फोन करके ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना देनी चाही, लेकिन सुबह चार बजे की घटना होने के कारण विभाग के कर्मचारियों ने फोन नहीं उठाया। जिससे घंटों ट्रांसफार्मर जलता रहा। बाद बिजली आपूर्ति बंद हुई। जिससे के बाद गुरुवार की दोपहर तक 600 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बाधित रही। अधिशासी अभियंता तृतीय प्रेम सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने से 600 उपभोक्ताओं को अगले दिन दोपहर तक बिजली कटौती समस्या से जूझना पड़ा। फुंके ट्रांसफार्मर के स्थान पर अस्थाई ट्रांसफार्मर से बिजली व्यवस्था सुचारू की गई। फिलहाल ट्रांसफार्मर में आग लगने का कारण नहीं पता चल सका है।

भीषण गर्मी से राहत की आस नहीं, अभी और बढ़ेगा तापमान

मुरादाबाद व आसपास के जिलों में अभी बारिश के आसार नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भीषण गर्मी और उमस से अभी राहत नहीं मिलने वाली है। अभी तापमान और बढ़ेगा। शनिवार व रविवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 43 डिग्री पर पहुंच सकता है। मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि अभी बारिश के कोई आसार नहीं है। अगले पांच दिनों तक गर्मी में कोई राहत नहीं मिलेगी। लू से बचकर रहना होगा।

गुरुवार को उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। दोपहर में कड़ी धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों को बेचैन कर दिया। पंखा व कूलर से भी गर्मी में कोई राहत नहीं मिल रही थी। एसी के अलावा अन्य उपकरण बेमतलब साबित हो रहे हैं। वहीं अभी आगामी दिनों में गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। क्योंकि अभी मुरादाबाद और आसपास के क्षेत्रों में तापमान अभी और बढ़ेगा। गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.6 और न्यूनतम 27.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि अभी मौसम शुष्क रहेगा। सप्ताह के अंत में तापमान और बढ़ेगा। शनिवार रविवार को तापमान 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। अगले पांच दिनों तक अभी बारिश की कोई उम्मीद नहीं है। लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोगों को सावधानी बरतनी होगी।

काजीपुरा में ट्यूबवेल में नहाते बच्चे। ● अमृत विचार

● **शनिवार, रविवार को 43 डिग्री तक पहुंच सकता है तापमान**

डायरिया की चपेट में आ रहे बुजुर्ग व बच्चे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मई के आखिर में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। जिसके कारण लोगों का हाल बेहाल है। तेज धूप के चलते लोग घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। शहर से लेकर देहात तक डायरिया के मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। सरकारी व निजी अस्पतालों में प्रतिदिन डायरिया व बुखार के मरीज पहुंच रहे है। ऐसे में चिकित्सकों ने सलाह दी है कि खुद को धूप से बचाए और खानपान का ध्यान रखे।

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी में एसी, कूलर और पंखों ने काम करना बंद कर दिया है। सुबह से ही आसमान में तेज धूप से लोगों का बुरा हाल होने लगा है। जिसके कारण बुखार और डायरिया की समस्या हो रही है। गुरुवार को भी तेज धूप और गर्म हवा से लोग बेहाल नजर आए। जिससे लोगों को डायरिया ने अपने चपेट में लेना शुरू कर दिया है। अगर बात करें जिला अस्पताल कि तो यहां प्रतिदिन दो हजार मरीज ओपीडी पहुंच रहे हैं। जबकि 50 से अधिक मरीज सिर्फ डायरिया के ही भर्ती हो रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है अगर गर्मी के मौसम में किसी को चक्कर आना, बुखार या उल्टी दस्त की परेशानी हो रही है तो वह तुरंत चिकित्सकों को दिखाए। खानपान का विशेष ध्यान रखे।

जिला अस्पताल की ओपीडी में लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

> गर्मी में लोगों को अपना ख्याल रखना बहुत जरूरी है। बिना किसी वजह से धूप में न निकले। अगर धूप में घर से बाहर निकल रहे हैं तो सिर को ढक कर निकले। पूरी बाजू के कपड़े पहने। ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं और खान-पान का विशेष रखें।
>
> **-डॉ. राजेंद्र कुमार**, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल

गर्मी से ऐसे करें बचाव

- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए खूब पानी पीते रहें।
- सूती और ढीले कपड़े पहनें। ये शरीर को ठंडा रखने में मददगार होते हैं।
- पूरे कपड़े पहनें, हाथों को अच्छे से कवर करके रखें।
- दोपहर के समय घर से अनावश्यक रूप से बाहर जाने से बचें।
- बांसी खाना न खाएं। घर का ताजा बना हल्का खाना खाए।

अब मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता जांचेंगे खाद्य सुरक्षा अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **उप जिलाधिकारी दवा की दुकानों की जांच में रहेंगे मौजूद**

अमृत विचार: मध्याह्न भोजन योजना में दिए जाने वाले भोजन व सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर बंटने वाले राशन के गुणवत्ता की जांच भी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम करेगी। प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच को अब प्राथमिकता मिलेगी। जिलाधिकारी ने इसके लिए निर्देश दिए हैं।

जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर अब शिकंजा कसा जाएगा। खाद्य पदार्थों में मिलावट व गुणवत्ता को लेकर अब अधिक ध्यान दिया जाएगा। इसमें न केवल खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी शामिल रहेंगे बल्कि प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम व अन्य टीम के साथ जाएंगे। एक तरफ जहां पीडीएस के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बांटे जा रहे राशन के गुणवत्ता की जांच होगी। वहीं प्राथमिक विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर बनने वाले मध्याह्न भोजन में प्रयोग किए गए अनाज का परीक्षण भी नमूना लेकर किया जाएगा। इसका निर्देश जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिया है। प्रशासनिक अधिकारी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच प्राथमिकता देंगे। इसमें लापरवाही पर उनसे जवाब तलब होगा। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि टीमों को नियमित जांच के लिए कहा गया है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह का कहना है कि जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती होगी।

तबादले रद नहीं किए तो सड़कों पर होगा प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रेल मंडल में सिग्नल और दूरसंचार विभाग में हुए तबादलों को रद कराने की मांग को लेकर आंदोलनरत रेल यूनियन एनआरएमयू ने गुरुवार को 11वें दिन भी अपना विरोध जताया। वहीं नरमू ने चेतावनी दी कि अगर विभाग में सभी कर्मियों के तबादले रद नहीं किए गए तो रेल कर्मचारी सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने सिग्नल और दूरसंचार विभाग के तबादले को लेकर गुरुवार को अपना विरोध जताया। मंडल मंत्री राजेश चौबे ने रेलवे अधिकारियों को ललकारते हुए कहा की प्रशासन को हर हाल में सीनियर डीएसटीई व सीनियर डीईई/टीआरडी द्वारा नियम के खिलाफ किए गए अनुचित तबादलों को रद करना होगा। अन्यथा रेल प्रशासन के अधिकारी मंडल में जहां-जहां जाएंगे उनको एनआरएमयू के कार्यकर्ताओं का गुस्सा झेलना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रशासन ने हमारे कार्यकर्ताओं को ताली और थाली बजाकर न्याय मांगने को मजबूर किया, हमारे साथियों ने मुखर होकर ताली और थाली बजाकर जोरदार नारों के साथ मंडल रेल प्रबंधक से न्याय की मांग की। उन्होंने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह मंडल में जहां-जहां निरीक्षण के लिए जा रहे हैं, हमारी शाखाएं हाथों में लाल झंडा लिए सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मंडल रेल प्रबंधक को नियम विरुद्ध हुए स्थानांतरण के विरोध में ज्ञापन सौंपने का काम कर रही है। उन्होंने अपने साथियों को आश्वस्त किया कि प्रशासन को आपके आंदोलन के सामने झुकना पड़ेगा और सिग्नल व कर्षण विभाग में हुए अनैतिक स्थानांतरण को रद करना होगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, सहायक मंडल मंत्री कुंवर सुहेल खालिद, दीपक यादव, रजनीश चौबे, विनेश ठाकुर, सत्येंद्र सिंह, सीताराम, संजय सैनी, राजेंद्र कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, अवनीश चंद, शलभ शर्मा, मशकूर आलम, एमके गौड़, अनूप लखेरा, नितिन कुमार, संजय कश्यप, आलोक दिक्षित, रवि सैनी, राजीव कुमार, विजयपाल सिंह, राहुल कुमार, नवीन चरण, मनोज कुमार, शाने अजीम, राहुल कुमार, हितेश कुमार, रोहित सैनी, विपिन कुमार, अतुल सक्सेना, यादराम व रजा खान आदि शामिल रहे।

रेल कर्मचारियों के तबादलों के खिलाफ विरोध जताते नरमू के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

मुसीबत भीषण गर्मी के बीच लंबी दूरी की ट्रेनों के संचालन में नहीं हो रहा सुधार, रेलवे स्टेशन पर यात्री कर रहे ट्रेनों का इंतजार

कई घंटे देरी से आईं समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें, यात्री हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गर्मी में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को दुश्वारियों भरा सफर करना पड़ रहा है। पहले किसान आंदोलन के कारण ट्रेनें लेट हो रही थीं। लेकिन, अब आंदोलन खत्म होने के बाद भी ट्रेनों के संचालन में कोई सुधार नहीं हो रहा है। ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों की मुसीबतें गर्मी के बीच बढ़ती जा रही हैं।

पिछले एक महीने से अंबाला में चल रहे किसान आंदोलन के कारण ट्रेनें लेट हो रही थी। लेकिन, आंदोलन खत्म होने के बाद भी ट्रेनें समय से नहीं पहुंच रही हैं। जिसके कारण भीषण गर्मी में ट्रेन में सफर करने वाले यात्री दुश्वारियां झेल रहे हैं।

रेलवे प्रशासन द्वारा गर्मी में चलाई गई समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें अपने समय पर मुरादाबाद नहीं पहुंच पा रही है। जिससे भीषण गर्मी में यात्री काफी परेशान हैं। एक महीने से समर स्पेशल व एक्सप्रेस ट्रेनों से बुरा हाल है। मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली ट्रेनें एक से 20 घंटे की देरी से पहुंची रही है। यात्रियों का कहना है कि सफर से ज्यादा ट्रेनों के इंतजार में समय गुजारना पड़ रहा है।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पायदान पर बैठे यात्री।

ट्रेन संख्या	नाम	कितनी देरी से पहुंची
13005	हावड़ा-समृतसर मेल	22 घंटे 58 मिनट
05721	आनंद विहार टर्मिनल	छह घंटे 47 मिनट
02192	जबलपुर समर स्पेशल	तीन घंटे 40 मिनट
04067	दिल्ली समर स्पेशल	11 घंटे 48 मिनट
05252	एमएफपी एक्सप्रेस स्पेशल	छह घंटे 1 मिनट
13009	दून एक्सप्रेस	दो घंटे 18 मिनट
14674	शहीद एक्सप्रेस	11 घंटे 30 मिनट
05655	गुवाहाटी समर स्पेशल	12 घंटे
15653	जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस	तीन घंटे 33 मिनट
05006	गोरखपुर समर स्पेशल	छह घंटे पांच मिनट

स्पेशल ट्रेनों का जुलाई तक होगा संचालन

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन पहली बार छह माह तक स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने जा रहा है। जनवरी में अयोध्या जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेनों से शुरू हुआ सिलसिला समर स्पेशल तक जारी रहेगा। इस बार रेलवे ने लगभग 50 समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। जिससे बीते साल की तुलना में रेलवे की आय में भी बढ़ोतरी हुई है। मुरादाबाद मंडल में इस बार सिर्फ अप्रैल में 2024 में 49 .9 लाख यात्रियों ने आरक्षण कराया। जबकि अप्रैल 2023 में कुल 38 .42 लाख यात्रियों ने बुकिंग कराई थी। अप्रैल 2024 में रेलवे को यात्रियों से 81 .7 करोड़ रुपये की आय की बढ़ोतरी हुई है। जबकि अप्रैल 2023 में 72 .58 करोड़ रुपये थी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन जुलाई तक जारी रहेगा। रेलवे प्रशासन की ओर से जनवरी में आस्था स्पेशल ट्रेन की शुरूआत की गई थी। हालांकि ये ट्रेनें आईआरसीटीसी की ओर से बुकिंग पर चलाई गई थीं। जिसके बाद चैत्र नवरात्र के मौके पर वैष्णो देवी व पूर्णागिरि के लिए कुछ स्पेशल ट्रेनें चलीं। जिसके बाद अप्रैल में गेहूं की कटाई शुरू होने के कारण पंजाब व जम्मू से बिहार व कोलकाता के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। अप्रैल के अंत में ही समर स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है। रेलवे का मानना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार ज्यादा यात्रियों ने सफर किया है। इसलिए स्पेशल ट्रेनें जुलाई तक के लिए संचालित की जा रही है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सहूलियत के लिए मुख्यालय ने स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। मुरादाबाद मंडल से 50 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें गुजर रही हैं। जोकि जुलाई तक संचालित की जाएगी।

BHARAT MAXILLO FACIAL SURGERY & DENTAL IMPLANT CENTRE

Dr. Amit Yadav
BDS, MDS
(Oral & Mxillo Facial Surgeon)

- दाँतों की समस्त बीमारियों का इलाज।
- बाहर निकलें दातों को तार बांधकर व्यवस्थित करना।
- मसूड़ों की हड्डी में स्थाई दाँत लगाना।
- जबड़े की रसौली का इलाज।
- जबड़ें व चेहरे की हड्डियों के फ्रेक्चर का अत्याधुनिक तकनीक (मिनी प्लेटिंग) द्वारा इलाज ।

Shahpur Tigri Road,
Near Khushalpur Police Chowki,
Moradabad., Mob- 9639941041

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 24 मई 2024
वर्ष 5, अंक 59, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वा क्षुद्रग्रह 16

भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजयराज 15

एक नजर

राज्यपाल के खिलाफ ईसी में शिकायत

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल के राज्यपल सीवी आनंद बोस के खिलाफ गुरुवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) में शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि बोस ने कोलकाता में एक कार्यक्रम में भाजपा के चिह्न वाला एक बिल्ला लगाकर पार्टी के लिए प्रचार किया।

सलमान ने याचिका से नाम हटाने को कहा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने मुंबई में अपने आवास पर हुई फायरिंग मामले से जुड़े घटनाक्रम में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई से जांच कराने की मांग से संबंधित याचिका में अपना नाम हटाने का आग्रह किया है।

मुठभेड़ में माओवादी को मार गिराया

रांची। झारखंड के चतरा जिले में गुरुवार दोपहर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह मुठभेड़ राजधानी से लगभग 90 किमी दूर खूंटी-चाईबासा-रांची सीमा के पास एक जंगल में हुई। रांची के आईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि मुठभेड़ में एक माओवादी संगठन का एरिया कमांडर बुधराम मुंडा मारा गया।

मोबाइल कनेक्शन के सत्यापन का निर्देश

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को छह लाख से अधिक मोबाइल कनेक्शन के सत्यापन का निर्देश दिया है। ये ऐसे कनेक्शन हैं, जिन पर संदेह है कि ये गलत दस्तावेजों से प्राप्त किए गए हैं। विभाग ने कंपनियों को 60 दिन में इन नंबरों के सत्यापन को कहा है। विभाग ने 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शन की पहचान की है। संदेह है कि ये गलत और जाली पहचान पत्र जैसे केवाईसी दस्तावेजों से लिए गए हैं।

जंग-ए-आजादी मामले में आयोग ने मांगी रिपोर्ट

चंडीगढ़। चुनाव आयोग ने पंजाब के मुख्य सचिव से जंग-ए-आजादी स्मारक मामले में रिपोर्ट मांगी है। विजिलेन्स ब्यूरो ने कल स्मारक निर्माण में अनियमितताओं पर वरिष्ठ पत्रकार और अजीत समूह के डॉ बलजिन्दर सिंह हमदर्द समेत 26 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। भाजपा, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया था।

प्रधानमंत्री के साथ यह देश के भविष्य का भी चुनाव : मोदी

प्रधानमंत्री ने हरियाणा में की चुनावी रैली, विपक्ष को सांप्रदायिक-जातिवादी बताया

महेंद्रगढ़ (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का है, लेकिन आप केवल प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे बल्कि देश के भविष्य का भी चुनाव करेंगे। दावा किया कि इंडिया गठबंधन अगले पांच साल में पांच प्रधानमंत्री की बात कर रहा है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि गाय के दूध देने से पहले ही उसके घटक दलों में 'घी' को लेकर लड़ाई शुरू हो गई है।

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार खत्म होने से कुछ घंटे पहले मोदी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक रैली में कहा कि जब तक वह जीवित हैं, दलितों-आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है। लेकिन आप सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि देश का भविष्य भी चुनेंगे। एक ओर आपका जांचा-परखा सेवक मोदी है। वहीं दूसरी ओर कौन है, इसका अता-पता ही नहीं है।

महेंद्रगढ़ में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को भेंट की गई गदा। ● एजेंसी

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम सहित कुछ अन्य विपक्षी दल शामिल हैं। मोदी ने 'इंडिया' गठबंधन को घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी करार देते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं होने दिया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडी अलायंस वालों का हाल तो ऐसा है कि गाय ने दूध दिया नहीं, लेकिन घी खाने के लिए इंडी वालों में झगड़ा शुरू हो गया। अब ये लोग कह रहे हैं कि हर साल एक आदमी भारत का प्रधानमंत्री बनेगा। 5 साल, 5 पीएम! आप मुझे बताइए, ऐसे देश चलेगा क्या? ये लोग देश को फिर से गड्ढे में धकेलना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने पहले ही बहाना बनाना शुरू कर दिया है कि हार के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए।

- विपक्ष पर तंज, गाय के दूध देने से पहले घी को कर रहे झगड़ा

हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे, यह मोदी की गारंटी

हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लिए 25 मई को मतदान होगा। नब्बे के दशक के मध्य में राज्य में भाजपा के लिए काम करने के अपने दिनों को याद करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हरियाणा ने मुझ पर बहुत प्यार बरसाया है, मेरे आपके साथ गहरे संबंध हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरी गारंटी है कि हम हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने कांग्रेस के पापों को धोने के लिए कड़ी मेहनत की है।

छत्तीसगढ़ में मार गिराए 7 नक्सली

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बीजापुर जिले की सीमा में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के प्लाटून नंबर-16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा तथा बस्तर जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। दल गुरुवार सुबह 11 बजे जब क्षेत्र में था तो नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। देर तक चल मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से सात नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए। कई नक्सलियों के घायल होने का अंदेशा है। इस घटना के साथ ही इस साल राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 112 नक्सली मारे जा चुके हैं। 10 मई को बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए थे।

- मुठभेड़ के बाद हथियार भी बरामद

सांसद की हत्या को दोस्त ने दी थी सुपारी

कोलकाता, एजेंसी

- बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या का राजफाश
- सीआईडी ने कहा-पांच करोड़ रुपये दिए गए थे

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके एक दोस्त ने उनकी (सांसद) हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बुधवार को कहा था कि 13 मई से कोलकाता में लापता अनार की हत्या हुई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा था कि मामले की जांच राज्य सीआईडी कर रही है। अधिकारी ने बताया कि यह एक सुनियोजित हत्या थी। सांसद के एक पुराने मित्र ने उन्हें मारने के लिए भारी रकम (लगभग पांच करोड़ रुपये) का भुगतान किया था।

उन्होंने कहा कि अवामी लीग के सांसद का दोस्त अमेरिकी नागरिक है और उसके पास कोलकाता में एक फ्लैट है। सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बुधवार को कहा था कि पुलिस के पास विश्वसनीय इनपुट थे कि अनार की संभवत हत्या कर दी गई है लेकिन अभी तक उनका शव बरामद नहीं हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या पुलिस को कोलकाता के बाहरी इलाके के न्यू टाउन में स्थित अपार्टमेंट (जहां सांसद के 13 मई को वहां आखिरी बार मौजूद होने का पता चला था) में खून के धब्बे मिले हैं, चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी फॉरेंसिक टीम संदिग्ध अपराध स्थल की जांच कर रही है। इस बारे में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। लापता सांसद कथित तौर पर इलाज कराने के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे। उनकी तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। अनार यहां आने के बाद बिस्वास के घर पर रुके थे।

काम्या कार्तिकेयन एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं

नई दिल्ली/जमशेदपुर, एजेंसी

काम्या कार्तिकेयन नेपाल की ओर से दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 16 साल की उम्र में हासिल की।

जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील एड्वेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस पर्वतारोहण में सहयोग करने वाले टीएसएएफ के एक अधिकारी ने बताया कि काम्या ने अपने पिता एवं भारतीय नौसेना के कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ एवरेस्ट की चोटी को फतह किया। पिता और पुत्री 20 मई को एवरेस्ट की 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। नौसेना अधिकारी की बेटी काम्या

मुंबई के 'नौसेना बाल विद्यालय' में 12वीं कक्षा की छात्रा हैं। नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस सफलता के साथ ही काम्या दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करने वाली दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की लड़की बन गई है।

1200 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 23000 के करीब

मुंबई/नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी दिए जाने के बीच गुरुवार को बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांकों ने 1.6 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई और नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद की सबसे ऊंची छलांग लगाई और 1,196.98 अंक के लाभ के साथ यह 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ। एनएसई के निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत बढ़कर 22,967.65 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1.75 प्रतिशत उछलकर 22,993.60 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

नया रिकॉर्ड

शाहनवाज हत्याकांड में सुमित को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- कोर्ट ने एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया, फूट-फूटकर रोया अपराधी
- साढ़े चार साल पहले बिजनौर के सीजेएम कोर्ट में गोली मारकर की गई थी हत्या

अमृत विचार : साढ़े चार वर्ष पहले बिजनौर के सीजेएम कोर्ट में दिल्ली पुलिस की हिरासत में अपने साथी जब्बार के साथ आए शाहनवाज की गोली मारकर हत्या के मामले में शामली निवासी सुमित को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। सजा सुनते ही दोषी कोर्ट में फूट-फूटकर रोने लगा।

17 दिसंबर 2019 की दोपहर दो बजे दिल्ली पुलिस नजीबाबाद निवासी शाहनवाज और जब्बार को कोर्ट में पेश करने के लिए बिजनौर लाई थी। सीजेएम कोर्ट में दोपहर को अहसान व शादाब हत्याकांड में दोनों को पेश किया गया तभ्ज्ञी सुमित, साहिल और अकराज ने कोर्ट में ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी थीं। जब्बार कोर्ट से भाग गया था जबकि शाहनवाज के शरीर में 11 गोलियां लगी थीं और मौके पर ही मौत हो गई थी। कोर्ट मोहर्रिर मनीष भी गोली लगने से घायल हो गए थे। तीनों हमलावरों साहिल निवासी नजीबाबाद, अकराज निवासी किरतपुर और सुमित निवासी शामली को मौके से पकड़ लिया गया था। शासकीय अधिवक्ता मुकेश चौहान के अनुसार, नाबालिग साहिल और अकराज की सुनवाई पर हाईकोर्ट से स्टे है। बुधवार को सुमित को बिजनौर कोर्ट में पेश किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश प्रकाश चंद शुक्ला ने सुमित को शाहनवाज की हत्या, जानलेवा हमले और अवैध शस्त्र रखने का दोषी माना। गुरुवार को कोर्ट ने सुमित को उम्रकैद के साथ एक लाख का जुर्माना भी लगाया। शाहनवाज पूर्वांचल के डॉन रहे मुख्तार अंसारी का करीबी बताया जाता था।

कांग्रेस ने कहा- निर्वाचन आयोग का सत्तापक्ष की ओर झुकाव का मतलब खतरे में लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- मतदान केंद्र वार डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार को निंदनीय बताया
- निर्वाचन आयोग ने कहा था-बिना सोचे-समझे डेटा जारी करने से बनेगी भ्रम की स्थिति

कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्वाचन आयोग के पत्र तथा मतदान केंद्र वार वोटिंग प्रतिशत डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार का हवाला देते हुए गुरुवार को कहा कि इस संवैधानिक संस्था के कदम भर्त्सना योग्य हैं तथा इससे उसका पर्दाफाश होता है।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग जैसी संस्था सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ झुक जाएगी तो इसका मतलब है कि लोकतंत्र खतरे में है। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि मतदान केंद्रवार मतदान प्रतिशत डेटा को बिना सोचे-समझे जारी करने और वेबसाइट पर पोस्ट करने से चुनावी मशीनरी में भ्रम पैदा होगा। आयोग ने कहा कि मतदान केंद्र में डाले गए वोटों की संख्या बताने वाले फॉर्म 17सी का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता और इससे भ्रम हो सकता है क्योंकि इससे तस्वीरों से छेड़छाड़ की आशंका बढ़ जाती है। आयोग ने सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी थी और कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि हमारी शिकायत के बावजूद प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आयोग के किसी दस्तावेज में नाम तक नहीं लिया गया। आयोग ने किसी को भी चेतावनी नहीं दी, न कोई प्रतिबंध लगाया और न कोई दोषारोपण किया।

इंसानियत | बिना किसी मदद के सैकड़ों शवों का अंतिम संस्कार कर चुके शरीफ गाजी

अंतिम संस्कार के इंतजार में न पड़ा रहे कोई लावारिस शव

केपी शर्मा, बदायूं

- पुलिस भी लेती है मदद, मुस्लिम को दफन, हिंदू को देते हैं मुखाग्नि

अमृत विचार : कोई रिश्ता है न नाता, अमीरी-गरीबी की परवाह नहीं। शरीफ गाजी के लिए सिर्फ इतना काफी है कि इस शव का कोई वारिस नहीं। बस वह जुट जाते हैं और शव के धर्म के अनुसार उसका अंतिम संस्कार करते हैं। इसमें किसी की मदद नहीं लेते। वह ऐसे सैकड़ों लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करा चुके हैं। पुलिस भी उनसे मदद लेती है। अब लोग उन्हें जेसीबी वाले शरीफ भाई के नाम से पहचानते हैं। उन्हें लावारिस शवों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं।

शहर के मोहल्ला गद्दी चौक निवासी शरीफ गाजी के पिता रियाकत अली क्रेन चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके निधन के बाद शरीफ गाजी ने भी क्रेन चलानी शुरू की। शरीफ गाजी बताते हैं कि साल 1991 में शहर की एक युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। उस युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार नहीं किया।

दो दिन तक शव रखा रहा। उन्होंने सुना तो अच्छा नहीं लगा। इंसानियत कचोटने लगी। इसके बाद शव के अंतिम संस्कार का फैसला किया। अपने पैसे से सामान जुटाकर शव का अंतिम संस्कार किया। तभी से उन्हें लावारिस शवों को दफनाने और अंतिम संस्कार करने का जूनून सवार हो गया। अब तक गिनती नहीं की कि कितने शवों का अंतिम संस्कार कर चुके हैं।

धर्म के अनुसार करते हैं अंतिम संस्कार

जिले में जहां भी लावारिश शव मिलता शरीफ गाजी खुद वहां पहुंच जाते हैं और शव का अंतिम संस्कार करते हैं। पुलिस लावारिस शव बरामद करती है तो पोस्टमार्टम कराने के बाद वह शरीफ भाई को याद करती है। शरीफ गाजी का कहना है कि मरने वाला जिस धर्म का होता है उसका अंतिम संस्कार उसी के अनुसार करते हैं। लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने से दिली सुकून मिलता है। उनका कहना है कि शरीर एक मिट्टी है। उनके धर्म में मिट्टी को मिट्टी से मिलाना शबाब का काम होता है। शव का अच्छे से अंतिम संस्कार करना या दफन करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हैं।

33 साल से नहीं ली किसी की मदद

नेक कार्य के लिए जिला प्रशासन से लेकर कई सामाजिक संस्थाएं उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं। उनके कार्य की सराहना होती है। कुछ लोग तो उन्हें मुर्दों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं। वह लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने के अलावा समय-समय पर जरूरतमंदों को भोजन भी कराते हैं। वह लगभग 33 साल से यह काम कर रहे हैं लेकिन आज तक उन्होंने किसी की मदद नहीं ली। हां जो अपनी इच्छा से लकड़ी देता है तो ले लेते हैं लेकिन किसी के पास मदद के लिए नहीं जाते।

एक नजर

ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति को दी श्रद्धांजलि

अगवानपुर, अमृत विचार : ईरान के राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी व उनके साथियों की मौत पर नगर के शिया समुदाय के लोगों ने श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च निकाल कर शोक व्यक्त किया। मोहल्ला सराय फारूख स्थित इमाम बारगाह अबुल फजलिल अब्बास में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी के ईसाले सवाब की मजलिस मुनाकिद की गई। जिसको मौलाना सादिक हसन ने खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह ने कुरान में कहा कि जो शख्स अल्लाह की राह में कुर्बान हो जाए उसे हरगिज मुर्दा न समझना। उन्हें अल्लाह की तरफ़ से रिज्क मिलता रहता हैं। मजलिस के बाद लोगों ने हाथों में अयतुल्लाह इब्राहीम रईसी के फोटो हाथ में लेकर कैंडल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी। जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

दो पक्षों में हुआ पथराव व फायरिंग, दो घायल

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव ललवारा में सड़क और मकान के दरवाजे पर सीढ़ी बनाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद हो गया। दोनों पक्षों में पथराव के बाद के फायरिंग भी हुई जिसमें दो लोग घायल हुए हैं। सूचना पर मैनाठेर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के गांव ललवारा में गुरुवार की देर शाम एक पक्ष अपने मकान के बाहर दरवाजे पर सीढ़िया बना था। दूसरे पक्ष ने मुन्नू के सीढ़िया बनाने का विरोध किया। इसी बात को लेकर पहले दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बाद में दोनों पक्षो में मारपीट होने लगी। फिर पत्थरबाजी के बाद दोनों ओर से फायरिंग भी की गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस गांव में पहुंची और जांच पड़ताल की।

बाइक में टक्कर मारी लात-घूसों से पीटा

मुरादाबाद, अमृत विचार : शेरुआ चौराहे के पास दबंगों ने पहले युवक की बाइक में टक्कर मारी फिर उसे रोक कर लात-घूसों से जमकर पीटा। पीड़ित ने सिविल लाइन थाने में चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। छजलैट थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा बसंतपुर उर्फ दैनातपुर निवासी अंकित मुरादाबाद में प्राईवेट जॉब करता है। अंकित ने बताया कि गांव में उसका एक युवक से कुछ दिन पहले विवाद हो गया था। उस समय लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत करा दिया था। 21 मई को सुबह 7.30 बजे वह मुरादाबाद ड्यूटी पर आ रहा था। रास्ते में शेरुआ चौराहे से आगे पुलिया के पास आरोपी कुक्कू, अनुज, उसका भाई सूरज और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे घेर कर बाइक में टक्कर मार दिया। बाद में आरोपियों ने लात-घूंसे से मारपीट कर अंकित को घायल कर दिया।

महानगर में विभिन्न संगठनों ने मनाई महात्मा बुद्ध की जयंती

महात्मा बुद्ध के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प, जगह-जगह छबील लगाकर शरबत पिलाया, मार्च निकाल कर दिया शांति का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर में जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा बुद्ध के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया।

भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से बुद्ध पूर्णिमा पर शांति मार्च निकाला गया। मार्च फव्वारा चौक उर्फ महाराणा प्रताप चौक से सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ। मार्च में शामिल महात्मा बुद्ध के अनुयायी पीलीकोठी से होकर सिविल लाइन स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में पहुंचे। जहां धम्म देशना कार्यक्रम किया गया। नेम सिंह बौद्ध, रमाकांत ठाकुर व डॉ. संजय इंगोले आदि वक्ताओं ने बुद्ध दर्शन व उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विपिन बौद्ध, नंदकिशोर, अनिल कुमार, लखपत सिंह, अशोक कुमार, हरपाल सिंह रवि, शशि राम, अमित कुमार, सीपी सिंह, महावीर प्रसाद मौर्य, चंद्रशेखर, अवधेश सिंह, कविता सागर आदि मौजूद रहे।

वहीं, एकता सेवा समिति द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में दुर्गा मंदिर पर शरबत वितरण किया गया। दोपहर की तेज धूप में गुजर रहे राहगीरों को शरबत पिलाया। इस दौरान दीपाली अग्रवाल, अंचित अग्रवाल, हर्षित गुप्ता, सरिता शर्मा, मोहित, जयदेव यादव, आंचल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। वहीं, मिलन बिहार स्थित सैनी संस्था में सैनी समाज के लोगों ने बुद्ध पूर्णिमा पर महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही लोगों को महात्मा बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

मिलन विहार में महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग। ● अमृत विचार

बुद्ध पूर्णिमा पर दुर्गा मंदिर पर शरबत वितरित करते एकता सेवा समिति के सदस्य।

गुलाबबड़ी स्थित गंगा मंदिर पर रामगंगा की आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बुद्ध पूर्णिमा पर पीलीकोठी से निकले शांति मार्च में शामिल लोग। ● अमृत विचार

महात्मा बुद्ध ने सामाजिक कुरीतियों को किया समाप्त

मुरादाबाद, अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा पर डॉ. आंबेडकर मेमोरियल कमेटी की ओर से जिला मुख्यालय पर बुद्ध वंदना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने महात्मा बुद्ध के जन्म लेकर मृत्यु तक किए गए उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। कुमारी काजल ने महात्मा बुद्ध द्वारा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम की अध्यक्षता रूप सिंह भारती ने की। बुद्ध वंदना, त्रिशण व पंचशील काजल सागर ने कराई। बुद्ध के अनुयायियों को संबोधित करते उन्होंने कहा कि बुद्ध का जन्म बैसाख की पूर्णिमा को हुआ था। इसलिए यह त्रिपावन बुद्ध पूर्णिमा कहते हैं। बुद्ध का धर्म मानवतावादी है। बुद्ध का धर्म नास्तिक वादी थे और ईश्वर, आत्मा परमात्मा, पारलौकिक शक्ति में विश्वास नहीं रखता है। जिसकी बुद्धि जागृत हो जाती है तो वह बुद्ध बन जाता है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इं. रामचन्द्र सागर ने सभी का आभार व्यक्त किया। बुद्ध वंदना में कमलेश सागर, बीआर सागर, आरपी सिंह, हरस्वरूप सागर, सुषमा देवी आदि मौजूद रहे। संचालन बीआर सागर ने किया।

राष्ट्रीय पुजारी परिषद ने की गंगा मैया की महाआरती

मुरादाबाद, अमृत विचार : वैशाख पूर्णिमा (बुद्ध पूर्णिमा) के अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा श्री राम गंगा मैया की महाआरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। प्राचीन श्री गंगा मंदिर (अटल घाट) निकट कटघर रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर श्री राम गंगा मैया के प्रति आस्था और श्रद्धा की जागृति बनी रहे। इसीलिए हिंदू समाज देश में बह रही नदियों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूकता पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन, प्रशासन और समाज मिलकर नदियों को स्वच्छ और निर्मल बना सकता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि रामगंगा में दिनभर भैंस आदि पशु घुसे रहते हैं जो रामगंगा को प्रदूषित कर रहे हैं। इस पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य अतिथि श्री राम कथा मंचन समिति लाजपत नगर के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, परिवर्तन एनजीओ के विवेक कुमार, राकेश अत्रि, पुजारी महेंद्र पंडित विनीत शर्मा, पंडित विनोद शर्मा, पुजारी मनमोहन शर्मा, आचार्य कामेश्वर मिश्रा, महंत राकेशानंद गिरि, संदीप त्रिवेदी, श्याम शुक्ला, अंकुर अग्रवाल, बबलू भटनागर, कैलाश भटनागर, अनिल रस्तोगी, शिव शंकर बंसल, वरुण रस्तोगी, वंदना शर्मा, गीता पांडे, सुनीता शर्मा, शकुंतला शर्मा, सुमन रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

अहशाब ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नागफनी थाना क्षेत्र में नौ मई की रात में कैपिटल रोड पर किंग पैलेस मैरिज हॉल के बाहर युवक की गोली मारकर हत्या हो गई थी। इसमें फरार नामजद अभियुक्त अहशाब को पुलिस समय रहते गिरफ्तार नहीं कर सकी। वह घटना के आठवें दिन 17 मई को मुरादाबाद न्यायालय में हाजिर हो गया था। बुधवार को न्यायालय में रिमांड पर आए अहशाब की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा और कारतूस भी बरामद कर लिए हैं।

अहशाब घटना के मुख्य अभियुक्त समीर का मामू है। हत्याकांड में अब नामजद सभी आरोपी जेल पहुंच गए हैं। थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि अहशाब की निशानदेही पर उन्होंने बंगला गांव में चांदमारी घाट पर तमंचा-कारतूस बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि सलाउद्दीन की हत्या में रंगदारी का कोई कारण नहीं रहा है। घटना डीजे पर मनपसंद गाना बजाने को लेकर हुई थी। थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि इस घटना के संबंध में विस्तृत जांच हो रही है। अभियुक्तों से भी उन्होंने कई बिंदुओं पर पूछताछ की है। इन बिंदुओं को शामिल करते हुए बारीकी से विवेचना की जा रही है। सलाउद्दीन हत्याकांड की सनसनीखेज वारदात ने क्षेत्र में दहशत उत्पन्न कर दी थी। हालांकि, घटना में नामजद अभियुक्त समीर और अहद को पुलिस ने घटना की रात में ही पकड़ लिया था। लेकिन, तीसरा अभियुक्त अहशाब फरार था, जो न्यायालय में हाजिर हो गया।

पांच भाइयों में सबसे छोटा था सलाउद्दीन

नियारियान मुहल्ले का सलाउद्दीन (21) पुत्र हाजी मंसूर अली घटना की रात दोस्त शाजे की बहन के निकाह से पहले मंढा (हल्दी रस्म) का कार्यक्रम में गया था। जहां विवाद हुआ और विपक्षियों ने फायरिंग कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। वैसे आरोपियों से परिजनों ने कोई पुरानी रंजिश न होना बताया था। मृतक के पिता हाजी मंसूर अली ने बताया था कि उनके बेटे को गोली मारने वाला समीर ही है। इसे तमंचा इसके मामू अहशाब ने दिया था। उनका आरोप है कि हमलावर उनके बेटे से वसूली के तौर पर रुपये मांग रहे थे। सलाउद्दीन अब 8 दिसंबर 2024 को 22 वर्ष की आयु का होने वाला था। वह अपने भाइयों दानिश, अनस, फैज और सैफ अली में सबसे छोटा था। सलाउद्दीन के शव के पोस्टमार्टम में पता चला था कि उसे 315 बोर के तमंचे से गोली मारी गई थी, जो सीने में फंस गई थी। फेफड़ा फट गया था। हृदय भी क्षतिग्रस्त हो गया था।

सीओ ने महिला थाने का किया निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार: गुरुवार को सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने महिला थाने का निरीक्षण किया। दोपहर के समय थाने पर पहुंचे सीओ ने महिला थाने में सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, थाना कार्यालय, शस्त्रागार में पहुंच कर वहां व्यवस्था देखी और अभिलेखों के रखरखाव को भी चेक किया। सीओ ने निर्देश दिया कि सभी अभिलेख अपडेट रखें। विवेचनात्मक कार्रवाई में तेजी लाइन को भी कहा। उन्होंने कहा कि महिला थाने पर आने वाले पारिवारिक विवाद में प्रभावी ढंग से काउंसिलिंग करें। निरीक्षण में व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद सीओ ने संतोष व्यक्त किया। सीओ अर्पित कपूर ने कहा कि सभी से शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसओ महिला थाना चंद्रप्रभा समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

फिश टनल रहेगा आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: हर वर्ष की भांति कंपनी बाग में लगने वाली जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी को इस बार अनुगूंज राष्ट्र की शानः किसान, दस्तकार और जवान नाम दिया गया है।

शनिवार (25 मई) को कृषि प्रदर्शनी के जिगर मंच पर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व डीआईजी मुनिराज जी द्वारा किया जाएगा। इनके साथ डीएम मानवेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, एडीएम सिटी ज्योति सिंह, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, जिला कृषि अधिकारी प्रभारी सचिव ऋतुषा तिवारी व सहायक प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा रहेंगे।

प्रदर्शनी की तैयारी को लेकर मेथोडेस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में लग गए झूले। ● अमृत विचार

2024 की जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के मंच पर शुभारंभ के बाद 26 मई को निर्धारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस बार प्रदर्शनी में आकर्षण के केंद्र फिश टनल और नए-नए झूले होंगे। 28 मई को बृज की रामलीला, 29 मई को एक शाम किशोर के नाम, 30 मई को रास रंग की प्रस्तुति दी जाएगी। 31 मई को सितारों को संगम, एक जून को एक शाम उत्तराखंड के नाम कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा 28 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जमीन का एग्रीमेंट कराने के नाम पर दो सगे भाइयों ने 1.11 करोड़ हड़पे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मैनाठेर थाना क्षेत्र का मामला कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: मैनाठेर थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कटघर के पंडित नगला निवासी दो सगे भाइयों सुभान अली और अब्दुल सलाम के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें राकेश चंद्र ने जमीन का एग्रीमेंट करके एक करोड़ 11 लाख 50 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है।

थाना कटघर क्षेत्र के डिलरा रायपुर निवासी राकेश चंद्र ने कोर्ट में दिए शिकायत पत्र में बताया कि सुभान अली और अब्दुल सलाम ने मैनाठेर क्षेत्र स्थित 2.8610 हेक्टेयर जमीन में खुद को आधी जमीन का मालिक और काबिज बताया था। आरोपियों की माता नसीमन और मुरादन के बीच विवादित संपत्ति को बेचने के लिए राकेश चंद्र और उनके पार्टनर दीपक यादव निवासी अक्का रायपुर थाना मूंढापांडे, नन्हें उर्फ सुरेश निवासी मऊ खास निकट सहारनपुर, असलम, निवासी बरवारा मझरा भैंसिया थाना कटघर, नेम सिंह निवासी रामगंगा विहार थाना सिविल लाइंस से दो करोड़ पांच लाख रुपये में तय हुआ था। तब दो लाख रुपये बयाना दिए गए थे। इसके अलावा अलग-अलग तारीख और माध्यम से अब तक एक करोड़ 11 लाख 50 हजार रुपये सुभान अली और अब्दुल सलाम ले चुके हैं। बाकी रकम रजिस्ट्री एग्रीमेंट के वक्त देना तय हुआ था। आरोप है कि सौदा तय करते वक्त सुभान अली और उनके भाई अब्दुल सलाम ने वादा किया था कि जमीन से संबंधित जो भी मुकदमेबाजी चल रही है, वह जल्द ही समाप्त हो जाएगी। तय किया था कि विवाद निपटने के 11 माह के अंतराल में ही एग्रीमेंट करा दिया जाएगा। लेकिन अब आरोपी बैनामा करने से मुकर गए। रकम वापस मांगने पर धमकी देने लगे। इसकी शिकायत पुलिस में की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी लगाई। जहां से रिपोर्ट के आदेश हुए। एसएचओ मैनाठेर सवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश से राकेश चंद्र की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है। विवेचना के बाद कार्रवाई की जाएगी।

अपने घर पर भूख हड़ताल पर बैठी लीलावती। ● अमृत विचार

आमरण अनशन पर बैठी लीलावती

मुरादाबाद, अमृत विचार : बिना पैसे दिए पौने तीन बीघा भूमि का बैनामा कराने के विरोध में मोहल्ला धीमरी, थाना मझोला निवासी वृद्धा लीलावती ने अपने घर पर ही भूख हड़ताल पुनः शुरू कर दी है।

लीलावती का कहना है कि मैं पहले भी कई बार भूख हड़ताल पर बैठी हूं, लेकिन प्रशासन के लोग झूठा आश्वासन देकर मेरा आंदोलन रुकवा देते हैं। आमरण अनशन की शुरुआत 15 दिसंबर 2020 से की गई थी। लेकिन समाधान अब तक नहीं हुआ। मेरे पति शेर सिंह भी इंसाफ के लिए लड़ते-लड़ते अनशन के दौरान अपने प्राण गंवा चुके हैं, परंतु न्याय नहीं मिला। वृद्धा ने बताया कि आरोपी महेंद्र पाल को थाना सिविल लाइन पुलिस बचा रही है। इसके बारे में एसएसपी को भी बताया जा चुका है। ऐसे आरोपी पर पुलिस गैंगस्टर क्यों नहीं लगा रही है। वृद्धा का कहना है कि मुझे इंसाफ चाहिए नहीं तो अपने प्राण त्याग दूंगी। मेरी मौत के लिए महेंद्र पाल सिंह और उसका पूरा गिरोह एवं प्रशासन के लोग जिम्मेदार होंगे।

हजयात्रा के लिए रवाना हो रहे जायरीन

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिले से हज के मुबारक सफर के लिए हज यात्री रवाना होना शुरू हो गए हैं। सलाम और सलामती की दुआओं के साथ जायरीन रवाना हो रहे हैं।

हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन गुरुवार को दिल्ली के रवाना हुए। वहां से हवाई जहाज के जरिए मक्का के लिए उड़ान भरेंगे। जायरीनों को फूल माला पहनाकर विदा किया गया। महानगर के काजीपुरा निवासी मेराजुद्दीन अपनी पत्नी अफसरी बेगम, बेटे एजाज उस्मानी और पुत्रवधु हिना उस्मानी के साथ हज के मुबारक सफर के लिए रवाना हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर हज के सफर की मुबारकबाद दी। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने बताया कि उनके परिवार से चार लोग और हज के सफर पर जा रहे हैं।

रामपुर को हरा डीएसए मुरादाबाद ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आईएफटीएम यूनिवर्सिटी ग्राउंड पर अंडर-16 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग का आयोजन
- विजेता टीम ने पहले खेलते हुए 45 ओवर में बनाए एक विकेट खोकर 313 रन

अमृत विचार: आईएफटीएम यूनिवर्सिटी ग्राउंड पर अंडर-16 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग मैच डीएसए मुरादाबाद और डीसीए रामपुर के बीच खेला गया। जिसमें डीएसए मुरादाबाद की टीम ने डीसीए रामपुर को 239 रनों से हरा दिया।

गुरुवार को यूपीसीए द्वारा आयोजित अंडर-16 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग मैच आईएफटीएम यूनिवर्सिटी ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें यूपीसीए के सलेक्टर पूर्व रणजी खिलाड़ी अली मुर्तजा ऑब्जर्वर रहे। डीएसए मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवर में एक विकेट खोकर 313 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसीए रामपुर की टीम 23.4 ओवर में मात्र 84 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच में यूपीसीए द्वारा मनोनीत अम्पायर अमित वर्मा और राहुल सिंह व स्कोरर भूषण मिश्रा रहे। मैच के दौरान डीएसए सचिव विजय गुप्ता, संयुक्त सचिव नितिन गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, मोहम्मद हसीन, आलम ख़ान, जेपी सिंह व अन्य कोच मौजूद रहे।

चुनौती पुलिस के लिए चुनौती, मुरादाबाद में रोकनी होगी मादक पदार्थों की अवैध आपूर्ति

चरस चाहिए या फिर डोडा-गांजा...यहां सब मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले में मादक पदार्थों की बड़ी मात्रा में आपूर्ति हो रही है। इधर, लोकसभा चुनाव की दृष्टि से 2024 की शुरूआत से ही पुलिस अलर्ट रही है। इस बीच में जो कार्रवाई हुई है, उसके आंकड़े चौकाने वाले हैं। जी हां, इन चार महीनों में पुलिस ने कुल 1.70 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। जितने मूल्य के मादक पदार्थों को पुलिस ने बरामद कर लिया है, उससे कहीं अधिक मूल्य का सामान सप्लायर चोरी-छिपे से गंतव्य स्थल पर पहुंचाने में कामयाब भी रहे हैं।

जाहिर है कि मुरादाबाद में मादक पदार्थों की तस्करी का बड़ा काम है, जो पुलिस के लिए चुनौती बना है। इस मामले में पूर्व में डीआइजी मुनिराज जी भी स्वीकार कर चुके हैं। उन्होंने एक मुलाकात में कहा था कि पड़ोस में उत्तराखंड है। सीमावर्ती जिलों से मुरादाबाद मंडल के जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी की शिकायतें रहती हैं। वैसे इस तस्करी पर पुलिस ने काफी कुछ विराम भी लगाया है। आम चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के क्रम में पुलिस एक जनवरी से ही अभियान तौर पर काम कर रही है। इस बीच में पुलिस की कार्रवाई के जो नतीजे सामने आए हैं। उसके मुताबिक चरस, स्मैक व अन्य मादक पदार्थ भारी मात्रा में बरामद हुए हैं। बरामद पदार्थों का बाजार मूल्य 1,69,80,725 रुपये आकलित किया गया है।

1,69,80,725

रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद

तस्करी में 131 मामले दर्ज

एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने कहा कि जनवरी से अब तक एनडीपीएस की कार्रवाई पर चर्चा कर तो इस बीच में मादक पदार्थों की बिक्री में 131 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 138 अभियुक्त बने हैं। इन्हें जेल भेजा गया है। इनके कब्जे से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुए हैं।

बरामद हुई मादक पदार्थों की सामग्री

सामग्री	मात्रा (किग्रा)
गांजा	28.349
चरस	22.003
डोडा	33.23
अन्य	21.164

स्रोत : पुलिस लाइन चुनाव कार्यालय।

रोडवेज बसों से आती है सप्लाई, चालक-परिचालक को मिलता खर्चा

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले में नशीले इंजेक्शन और दवाओं का बड़ा कारोबार है। बड़ी बात ये है कि ये सप्लाई रोडवेज बसों से आती है। इन नशीली दवाओं के परिवहन में रोडवेज बसों के चालक-परिचालक भी जुड़े हैं। इसके एक नहीं कई बार सुबूत भी मिले हैं। लेकिन, ठोस कार्रवाई न होने से यह काला कारोबार अब तक प्रभावी है। थोड़े से रुपये का लालच देने पर चालक-परिचालक तुरंत पैकेट को गंतव्य तक पहुंचाने को राजी हो जाते हैं।

जुलाई 2022 : रोडवेज बस से मेरठ से लाई जा रही नशीली दवाओं की बड़ी खेप को औषधि निरीक्षक के सहयोग से पुलिस ने पकड़ा था। पुलिस ने घेराबंदी कर सरफराज निवासी तेवर खास, थाना बिलारी, नितेश मैसी निवासी चंद्रनगर आजादनगर, थाना सिविल लाइंस और वसीम निवासी दौलतबाग को गिरफ्तार कर लिया था। इनके पास से 18 लाख की नशीली दवाएं बरामद हुई थीं।

सितंबर 2021 : पुलिस ने सोनू कश्यप निवासी मुहल्ला शीरी मियां (बिलासपुर) को पकड़ा था। इसके पास पांच पेटियों में नशे वाली दवाएं मिली थीं। सोनू ने बताया था कि नशीली दवाओं की पेटियां दुर्गानगला गांव से नेशनल हाईवे की ओर जाने वाली सड़क किनारे खंडहर बिल्डिंग से लाई गई हैं। गिरफ्तार होने वालों में दवा एजेंसी संचालक सतीश गुप्ता व इसका बेटा नमन गुप्ता भी था।

> मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। तस्करी पर लगाम भी लगी है। इस मामले में पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी गई है। एनडीपीएस से संबंधित जो मामले कोर्ट में हैं, उनकी सघन पैरवी कराई जा रही है। कई अभियुक्तों को सजा दिलाने में भी पुलिस को कामयाबी मिली है।
>
> – मुनिराज जी, डीआईजी

बिना टिकट 241 पकड़े, वसूला जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रेलवे की चेकिंग टीम ने सीनियर को डीसीएम के आदेश पर ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 241 यात्री बिना टिकट पकड़े गए।

गुरुवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के आदेश पर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेन संख्या 12317 अकाल तख्त एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 13152 जम्मूतवी-सियालदाह एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या-12358 दुर्गियाना एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 13151 सियालदाह जम्मूतवी एक्सप्रेस में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 241 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। जिनसे 68750 रुपये का किराया और 59500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। जिससे रेलवे प्रशासन को एक लाख 28 हजार रुपये का राजस्व मिला। वहीं दूसरी और मुरादाबाद रेल मंडल के मुरादाबाद व रामपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या एक, दो व तीन पर बने सभी खान पान स्टॉलों को गर्मियों में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार खानपान वस्तुओं को सहायक वाणिज्य प्रबंधक (प्रथम) विशाल शर्मा व सहायक वाणिज्य प्रबंधक (द्वितीय) आशीष गुलाठी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें स्वच्छता, सही मूल्य तथा नियमानुसार निर्धारित सामान को आधार लेकर सभी स्टॉलों को देखा गया।

स्टेशन पर स्टॉल पर चेकिंग करतीं टीम। ● अमृत विचार

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.moradabad@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी हमें भेज सकते हैं। पता : अमृत विचार कार्यालय आशियाना फेस वन मुरादाबाद उप्र।

शहर में आज

☞ प्राचीन काली माता मंदिर में सायंकालीन आरती शाम 7.00 बजे से।

एक नजर

पुलिस अकादमी में छात्र छात्राओं का सम्मान आज

मुरादाबाद, अमृत विचार : ग्रीन मिडोज स्कूल डॉ. भीम राव आंबेडकर उप्र पुलिस अकादमी के कक्षा-10 व 12 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी ग्रीन मिडोज स्कूल के प्रधानाचार्य ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम शुक्रवार सुबह 11 बजे से स्कूल सभागार में होगा। छात्र-छात्राओं को डॉ. भीम राव आंबेडकर उप्र पुलिस अकादमी के निदेशक राजीव सभरवाल सम्मानित करेंगे।

लोगों ने सरिया चोर को पकड़ कर धुना

मैनाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के नरोदा रोड स्थित कब्रिस्तान की दीवार को तोड़कर उसमें से सरिया चुरा रहे एक चोर को पकड़कर लोगों ने जमकर धुना। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर में सरकारी स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित कब्रिस्तान की दीवार तोड़कर उससे सरिया चुराते हुए एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सरिया चोर की ग्रामीणों ने पहले तो जमकर धुनाई की फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक को चोरी करने के शक में ग्रामीणों ने पकड़ा है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

महानगर में लगे ट्रैफिक सिग्नल का न करें उल्लंघन, उठानी होगी आर्थिक क्षति, अपने और दूसरों के जीवन को भी बना रहता है खतरा

ट्रैफिक सिग्नल उल्लंघन में 22,373 वाहनों से वसूला 19.46 लाख रुपये जुर्माना

निर्मल पांडेय, मुरादाबाद

अमृत विचार : महानगर के प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था है। वैसे यह सुविधा आपके सुरक्षित जीवन के लिए ही है। बशर्ते, आप पालन करें, नहीं करेंगे तो जान का खतरा उठा सकते हैं और आपका चालान होगा। इससे आप आर्थिक नुकसान भी झेलते हैं। चालान नहीं जमा किया तो कोर्ट से आपके लिए वारंट भी जारी हो जाएगा।

जी हां, वर्ष 2024 की शुरूआत से अप्रैल तक आपने महानगर के अंदर जहां भी ट्रैफिक नियम का उल्लंघन किया है, उसके आधार पर हुई कार्रवाई और आप पर लगे जुर्माने के बारे में बता रहे हैं। इन चार महीनों में आपसे ट्रैफिक उल्लंघन में ही 1.68 करोड़ रुपये बतौर चालान के वसूला जा चुका है या वसूल किया जाना है। आपके कुल 81,432 वाहनों का चालान विभिन्न मामलों में हुआ है। केवल ट्रैफिक सिग्नल (रेड लाइट को पार करने में) उल्लंघन में ही 22,373 वाहनों का चालान हुआ है। इन वाहन चालकों पर 19.46 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। कहने का अर्थ है कि महानगर के लोग ट्रैफिक सिग्नल उल्लंघन में भी काफी आगे हैं। रेड लाइट पार करने में उनको भले ही तत्काल में चालान की कार्रवाई न समझ आती हो, लेकिन चौराहा-तिराहा पर लगे सीसीटीवी कैमरों की नजर से आप और आपका वाहन कतई छिप नहीं रहा है। लिहाजा, बेहतर होगा कि आप चौराहा-तिराहा पर लगे ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन न करें और सुरक्षित सफर करें।

पीली कोठी चौराहे पर रेड सिग्नल होने पर बेरोकटोक गुजरते वाहन चालक। ● अमृत विचार

आपके विरुद्ध जारी हो सकता है वारंट

प्रभारी निरीक्षक यातायात अनुराधा सिंघल ने बताया कि बेहतर यातायात के लिए जरूरी है कि सभी ट्रैफिक सिग्नल का अनुपालन करें। यह व्यवस्था बेहतर यातायात सुविधा देने के लिए ही है। नियम मानने से आम राहगीर को ही अच्छा और सुगम यातायात मिलेगा। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह में चालान की रिपोर्ट न्यायालय भेज देते हैं। अगले 10-15 दिन में यदि चालान नहीं जमा होता है तो कोर्ट से उसको नोटिस और फिर वारंट तक जारी होने का नियम है।

महानगर में 34 स्थल पर ट्रैफिक सिग्नल

प्रभारी निरीक्षक यातायात ने बताया कि महानगर में कई जगह मार्ग पर निर्माण कार्य होने से चौराहा-तिराहा पर लगे ट्रैफिक सिग्नल के पास रोड मार्किंग (सफेद पट्टी) अधूरी है। पूरे महानगर में कुल 34 चौराहा-तिराहा पर ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम स्थापित है।

ट्रैफिक पुलिस की मैनुअल कार्रवाई

28,782 लोगों के विरुद्ध हेलमेट न धारण करने पर चालान हुए हैं।
1626 लोगों के विरुद्ध कार पर सीट बेल्ट न लगाने पर कार्रवाई हुई है।
415 लोगों पर वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने की वजह से चालान हुआ है।
308 लोग ओवर स्पीड में पाए गए हैं, इनका चालान हुआ है।
4720 लोग बाइक पर ट्रिपलिंग करते मिले हैं।
6100 लोग बिना लाइसेंस के वाहन चलाते मिले हैं।
6079 लोगों के विरुद्ध नो-पॉर्किंग में चालान हुए हैं।

ट्रैफिक पुलिस की प्रवर्तन कार्रवाई

माह	चालान	शमन शुल्क
जनवरी	18,616	51,35,750
फरवरी	16,487	35,72,800
मार्च	15,571	37,37,000
अप्रैल	8385	24,52,900
योग	59,059	1,48,98,450

सीसीटीवी कैमरों से चालान व शमन शुल्क

माह	चालान	शमन शुल्क
जनवरी	7309	8,63,000
फरवरी	5042	4,33,000
मार्च	6659	4,74,200
अप्रैल	3363	1,76,500
योग	22,373	19,46,700

ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, दो की मौत

दोस्त की शादी में रुद्रपुर जा रहे थे तीनों दोस्त, घायल का रामपुर जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नोएडा से दोस्त की शादी में शामिल होने रुद्रपुर जा रहे बाइक सवार तीन युवकों के साथ मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के रेलवे फ्लाईओवर पर हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया। इसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सीट पर सबसे पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

घटना गुरुवार तड़के 4:00 बजे हुई है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तीनों दोस्त बाइक (यूपी-16-डीयू-9232) से रूद्रपुर में दिनेशपुर जा रहे थे। रास्ते में गणेश घाट के पास रेलवे फ्लाईओवर के ऊपर तेज रफ्तार ट्रक बाइक को पीछे से रौंदता हुआ निकल गया। हादसे में विकास मिश्रा पुत्र संतोष मिश्र निवासी सरिता विहार दिल्ली एवं राहुल झा पुत्र शिव शंकर निवासी सुदई थाना पुलपराग जिला मधुबनी, बिहार की मौके पर ही मृत्यु हो गई। तीसरा युवक प्रद्युम्न सिंह पुत्र देव सिंह निवासी ग्राम सियारपुरा थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद घायल हो गया। मृतक दोनों युवकों के शवों को मोर्चरी में रख गया है। घायल प्रद्युमन सिंह को जिला अस्पताल रामपुर में भर्ती कराया गया है। वहीं, दूसरी तरफ वरिष्ठ उप निरीक्षक मदन पाल सिंह ने बताया कि बाइक को विकास मिश्रा चला रहा था। इसके पीछे सीट पर राहुल झा व प्रद्युमन सिंह भी बैठे थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के निरीक्षण से स्पष्ट हो रहा है कि विकास के बाएं पैर का जूता ब्रेक व गार्ड के बीच में फंस गया जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलटी है और उसी बीच पीछे से कोई तेज रफ्तार वाहन बाइक सवारों को कुचलता हुआ गुजर गया। हादसे में राहुल झा और विकास मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रद्युमन सिंह का हाथ टूट गया और उसके माथे पर गहरी चोट है। वह बेहोशी की हालत में था। घटना स्थल पर जब पुलिस पहुंची है तो घायल प्रद्युमन को किसी राहगीर ने एंबुलेंस बुलाकर इलाज के लिए रामपुर जिला अस्पताल भिजवाया है। उधर, मृतक विकास मिश्रा, राहुल झा व घायल प्रद्युमन सिंह के मित्र धनंजय कुमार खबर पाकर नोएडा से थाने पहुंचे थे। धनंजय ने बताया कि वह बिहार में बक्सर जिले के बनारपुर चौसा के रहने वाले हैं। लेकिन, नोएडा में रहकर जॉब करते हैं। उन्होंने बताया कि मृतक विकास मिश्रा व राहुल झा अभी अविवाहित थे। वह लोग नोएडा से बाइक पर सवार होकर रुद्रपुर में दिनेशपुर गांव में अपने दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहे थे।

घायल प्रद्युम्न सिंह

ट्रक वाले ने पीछे से मारी टक्कर

रामपुर जिला अस्पताल में भर्ती घायल प्रद्युम्न सिंह ने बताया कि वह और उसके दोनों दोस्त नोएडा से रुद्रपुर में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। मूंढापांडे थाना क्षेत्र में तड़के करीब 4 बजे पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को रौंद दिया। हादसे में विकास मिश्रा और राहुल झा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका हाथ टूट गया है और शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। प्रद्युम्न का रामपुर जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

हेलमेट पहने होते तो बच सकती थी युवकों की जान

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के रेलवे फ्लाईओवर के पास हुई दुर्घटना में मृत दोनों युवकों और घायल युवक में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहन रखे थे। इससे दुर्घटना काफी दुखद हो गई। अगर कहीं युवकों ने हेलमेट पहन रखे होते तो कुछ बचने की उम्मीद हो सकती थी। भोर में हुई दुर्घटना के कारण घायल को अस्पताल पहुंचाने में विलंब होना भी बताया जा रहा है।

हादसे में ससुर की मौत, जीजा-साला घायल

संवाददाता, पाकबड़ा

अमृत विचार: बाइक सवार तीन लोगों को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में ससुर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि घायल जीजा-साले को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की हालत ठीक बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया है।

मृतक महावीर का फाइल फोटो।

गुरुवार की दोपहर को थाना क्षेत्र मैनाठेर के गांव लालपुर गंगवारी निवासी महावीर (50) पुत्र गंगाराम बेटे अजय एवं अपने दामाद गजेंद्र ग्राम जैतपुर थाना भोजपुर निवासी के साथ बाइक से पाकबड़ा की ओर कुछ सामान लेने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह रतनपुर अड्डे के पास में पहुंचे तभी तेज रफ्तार से पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों लोग बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें कुछ ही देर में महावीर ने दम तोड़ दिया। जबकि अजय एवं गजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत ठीक बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महावीर मजदूरी का काम करते थे। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर बाईपास रोड पर पुराने टोल प्लाजा के पास मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक लकड़ी ठेकेदार और उसका साथी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दोनों लोगों को कुचल दिया।

मृतकों के परिजनों के मुताबिक, कुंदरकी थाना क्षेत्र में ऊंचाकानी निवासी हंसू पुत्र जगवीर सिंह लकड़ी का ठेकेदार था। वह एक्सपोर्ट फैक्ट्री में लकड़ी के सामान की सप्लाई करता था। वह बाइक से अपने साथी रंजीत के साथ लोधीपुर में एक एक्सपोर्ट फैक्ट्री में गया था। गुरुवार को रात करीब 8 बजे हंसू बाइक से अपने साथी रंजीत के साथ गांव लौट रहा था। पाकबड़ा थाना क्षेत्र में पुराना टोल के पास पहुंचने पर उसकी बाइक को हाईवे पर किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में हंसू और रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर देर रात परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए थे। परिजन ने बताया कि हंसू लकड़ी ठेकेदार था। उसकी शादी दीक्षा के साथ 2018 में हुई थी। पांच भाई-बहनों में वह तीसरे नंबर का था। रंजीत के परिवार में उसकी पत्नी काजल और डेढ़ साल की बच्ची भी है।

दो भाइयों ने मोबाइल की किस्त को लेकर महिला को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

रिपोर्ट दर्ज

- पुलिस ने महिला का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया
- पीड़िता की तहरीर पर मोहसिन रेहान व उनकी मां पर रिपोर्ट

अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चक्कर की मिलक में मोबाइल की किस्त अदायगी को लेकर दो भाइयों ने महिला को पीट दिया। पीड़िता ने थाने में आरोपी मोहसिन व इसके भाई रेहान व मां हसीन के विरुद्ध तहरीर दी है। थाना पुलिस ने महिला का जिला अस्पताल में मेडिकल भी कराया है।

पीड़िता अफसाना पत्नी आसिफ ने बताया कि वह चक्कर की मिलक में पानी टंकी के पास रहती है। डेढ़ साल पहले उसने किस्त पर मोबाइल खरीदा था। जिसकी किस्तों की अदायगी के रुपये वह मोहसिन व रेहान की मां हसीन को दे देती थी। अब उसे नहीं पता कि हसीन वह रुपये अपने बेटे को दिए या नहीं लेकिन, मोहसिन व रेहान आए दिन उसे घेरते हैं, उसके साथ गाली-गलौज करते हैं। गुरुवार को भी इन दोनों ने उसे मारा-पीटा। महिला ने बताया कि उसका पति आसिफ बैटरी रिक्शा चलाता है। परिवार में तीन बच्चे अरमान, मुस्कान, नोमान हैं।

अफसाना ने बताया कि वह अब इन आरोपियों के घर के बगल से कमरा भी खाली कर दिया है। अब वह पानी टंकी के पास रहती है। दो दिन पहले भी आरोपियों ने उसे घेरा था। वह सब्जी लेकर घर लौट रही थी कि आरोपियों ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज कर उसे मारा पीटा है। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि वह कार्रवाई कर रहे हैं।

ई-रिक्शा चालक ने किया जानलेवा हमला

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर ई-रिक्शा चालक व उसके परिजनों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला बोल दिया। घायल अजान पुत्र गफ्फार ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया।

पुलिस ने अजान को जिला अस्पताल भेजकर उसका मेडिकल कराया है। घायल अजान नगर कोतवाली क्षेत्र में बुध बाजार का रहने वाला है। उसने बताया कि वह मानपुर कोठीवाल नगर में अपनी गाड़ी लोड कर रहे थे। इसी दौरान ई-रिक्शा चालक ने उन्हें धक्का दे दिया तो वह गिर गया था और उसकी कमर में चोट आ गई थी। इस पर अजान ने ई-रिक्शा चालक को दो थप्पड़ मारे थे। इसके बाद ई-रिक्शा चालक ने फोन कर अपने बेटे व अन्य लोगों को बुला लिया था। इन सभी ने घेरकर उसे पीटना शुरू कर दिया था। धारदार हथियार लगने से उसके शरीर पर कई जगह घाव हो गए हैं। घटना मझोला में मंगुपुरा में गुलाब रिसॉर्ट के सामने की है।

दो सचिव व दो लेखपाल को निलंबित करने के डीएम ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गोआश्रय स्थल पर अव्यवस्था पर खंड विकास अधिकारी को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने गुरुवार को अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल चंगेरी और फतेहपुरनत्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चंगेरी गोआश्रय स्थल में 425 और फतेहपुर नत्था में 525 गोवंश संरक्षित होने की जानकारी दी गई। चारा मशीन न देने पर सचिव चंद्रपाल सिंह को निलंबित कर खंड विकास अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। एसडीएम बिलारी को धनूपुरा और ग्वालखेड़ा के लेखपाल को निलंबित करने का निर्देश दिया।

गोआश्रय स्थल में पर्याप्त मात्रा में भूसा, दाना, हरा चारा आदि मिला। चंगेरी में सचिव द्वारा अब तक चारा काटने की मशीन उपलब्ध न कराने की रिपोर्ट मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने चंगेरी के सचिव चन्द्रपाल सिंह को निलम्बित करने और खण्ड विकास अधिकारी बिलारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। गोवंश संरक्षण में सहयोग न करने पर फतेहपुर नत्था के सचिव जेपी सिंह को भी निलंबित करने का निर्देश दिया। गोशाला चंगेरी से सम्बद्ध ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों से सहभागिता/समन्वय न सुनिश्चित कराने पर नोडल अधिकारी सहायक निबन्धक सहकारिता को चेतावनी दी।

दोनों जगह के ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम धनूपुरा और ग्राम ग्वालखेड़ा में कई बार कहने के बाद संबंधित लेखपाल द्वारा श्रेणी 5/6 की भूमि को खाली नहीं कराया गया है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बिलारी को फैजान लेखपाल धनूपुरा एवं ललित ठाकुर ग्वालखेड़ा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में गायब मिले चिकित्सा अधीक्षक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचसी के अधीक्षक डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव और मैटेरनिटी विंग इंचार्ज डॉ. रेशमा अनुपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। मुख्य चिकित्साधिकारी को दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी गेट/मैटेरनिटी विंग में रसोई घर का ताला बंद था। कुछ देर इंतजार के बाद ताले खोले गए। मैटेरनिटी विंग के एएनसी वार्ड में केवल एक मरीज भर्ती था। जिसके लिए भोजन की व्यवस्था भी नहीं थी। नाश्ते में बिस्किट भी बाहर से मंगाया जाने की जानकारी दी गई। लेबर रूम के शौचालय, वार्डों के शौचालय और कामन शौचालय में गंदगी देखकर जिलाधिकारी भड़क गए। अस्पताल परिसर में भी सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिली।

बिलारी सीएचसी में निरीक्षण के दौरान पूछताछ करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

- नाराज जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्रवाई का दिया निर्देश

अव्यवस्थाएं देखकर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव और मैटेरनिटी विंग इन्चार्ज डॉ. रेशमा के विरूद्ध तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

लापरवाही एमडीए के कर्मचारियों की मिलीभगत से अवैध निर्माणकर्ताओं की कट रही चांदी

कई स्थानों पर धड़ल्ले से हो रहा अवैध निर्माण, जिम्मेदार बेखबर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर के कई स्थानों पर एमडीए से बिना मानचित्र पास कराए अवैध निर्माण कराए जा रहे हैं, लेकिन मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारी इन निर्माण से बेखबर हैं। वहीं सूत्रों की माने तो एमडीए के कर्मचारियों की मिलीभगत से धड़ल्ले से अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। जिससे अवैध निर्माण करने वाले लोगों की चांदी कट रही है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा एक तरफ बिना मानचित्र पास कराए होने वाले अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। चार दिन पूर्व ही एमडीए की टीम ने 30 बीघा जमीन पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए उसे ध्वस्त कराया है। लेकिन महानगर के कुछ इलाके ऐसे भी हैं, जहां चोरी-छिपे बिना मानचित्र पास कराए अवैध रूप से निर्माण कराए जा रहे हैं, लेकिन प्राधिकरण के अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है। सूत्रों का कहना है कि महानगर के कई इलाकों में आम लोग व प्रापर्टी डीलर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों की मिलीभगत से निर्माण करा रहे हैं। लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इन दिनों गागन वाली मैनाठेर रोड पर जमकर अवैध निर्माण किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि यहां एमडीए के कर्मचारी आए तो जरूर थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

गागन वाली मैनाठेर रोड पर किया जा रहा निर्माण। ● अमृत विचार

इन इलाकों में हो रहा अवैध निर्माण

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां चोरी-छिपे लगातार अवैध निर्माण किया जा रहा है, लेकिन अभी तक मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की नजर इन पर नहीं पड़ी है। महानगर के लाकड़ी फाजलपुर, पाकबड़ा, गागन वाली मैनाठेर, ढक्का, दिल्ली रोड, रामपुर रोड व ताजपुर में पिछले काफी समय अवैध निर्माण हो रहा है। लेकिन अभी तक मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने इन इलाकों में कोई कार्रवाई नहीं की है। जिसमें सबसे ज्यादा तेजी से अवैध निर्माण ताजपुर, गागन वाली मैनाठेर और ढक्का में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के लोग आते तो है, लेकिन कार्रवाई के नाम खानापूर्ति करके वापस चले जाते हैं।

बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए कोई भी निर्माण कार्य नहीं करें। ऐसा पाये जाने पर प्राधिकरण द्वारा इसे सुसंगत धारा में कार्रवाई करते हुए कभी भी ध्वस्त कर दिया जाएगा। महानगर के कई स्थानों पर अनियोजित रूप से अवैध प्लाटिंग कतिपय व्यक्तियों द्वारा की जा रही है। ऐसे समस्त भूखंड अवैध हैं तथा ऐसे भूखंडों पर कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा और प्राधिकरण कभी भी ऐसे निर्माणों को चिह्नित कर नियमानुसार ध्वस्त करेगा।

-शैलेष कुमार, उपाध्यक्ष, एमडीए

भाइयों ने दिया धोखा, बना ली दूसरी फर्म डेनमार्क, नार्वे से किया करोड़ों का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तीन भाइयों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज

अमृत विचार : हज गए भाई को तीन सगे भाइयों ने धोखा देकर नई फर्म ही नहीं बना ली बल्कि, पुरानी फर्म पर मिले ऑर्डर की सप्लाई नई फर्म पर करोड़ों रुपए का कारोबार कर डाला। हज से लौटने पर जब मामला खुला तो भाई ने अपने तीन भाइयों के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें मुगलपुरा खारी कुआं निवासी निर्यातक असद नदीम, उनके भाई हसन अब्दुल्ला और सोहराब आदिल नामजद हुए हैं। ये तीनों आरोपी मुमताज हुसैन के सगे भाई हैं।

मुमताज ने बताया कि तीन भाइयों के साथ उनकी एक फर्म संयुक्त रूप से चलती थी। जिसमें भाई असद नदीम, सोहराब आदिल और हसन अब्दुल्ला साझेदार थे। मुमताज ने बताया कि वह 45 दिन के लिए हज यात्रा पर गए थे। उसी दौरान तीनों भाइयों ने धोखाधड़ी और जालसाजी करके नई फर्म न्यू मास एक्सपोर्ट के नाम से बना ली। साझेदारी वाली फर्म के आर्डर का करोड़ों रुपये का माल जो विदेशी वायर्स को जाना था। उसे नई फर्म के नाम से डेनमार्क, नार्वे, स्वीटरजरलैंड की फर्म कंपनियों को भेजा। उनसे करोड़ों रुपये का पेमेंट भी नए बैंक खाते में मंगवाया। पीड़ित निर्यातक ने बताया कि हज से आने पर उन्हें भाइयों की धोखेबाजी का पता चला। विरोध करने पर मारपीट व झगड़ा करने पर उतारू हो गए। निर्यातक ने आरोप लगाया कि जब वह अपनी फर्म में कब्जा और व्यापारी से हुए लाभ में हिस्सा मांगा तो आरोपी भाइयों ने मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की। नार्वे में रहने वाले पाकिस्तानी खरीदार से दोस्ती का हवाला देते हुए कहा कि उससे हम तुम्हे जान से मरवा देंगे। इसकी शिकायत पुलिस से लेकर आर्थिक अपराध शाखा तक की कई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश हुए। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी असद नदीम, सोहराब आदिल और हसन अब्दुल्ला के खिलाफ धोखाधड़ी, जानलेवा हमला, आपराधिक षड़यंत्र मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

एक नजर

बैठक में मीडियाकर्मियों की समस्याओं पर की चर्चा

कांठ, अमृत विचार : नगर में तहसील के पास स्थित जर्नलिस्ट एसोसिएशन रजि. के कार्यालय में गुरुवार को बैठक हुई। इसमें मीडियाकर्मियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संरक्षक संजय यादव ने कहा कि संगठन आप सबका है, आप सभी संगठन के हैं। संगठन आप सभी के सुख- दुख में हमेशा आप के साथ होगा। अध्यक्ष भावेश शर्मा ने कहा कि मीडियाकर्मी उस व्यक्ति को कहते हैं जो समसामयिक घटनाओं, लोगों व मुद्दों आदि पर सूचना एकत्र करता है। महासचिव ओमकार सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, उपाध्यक्ष देवेंद्र विश्नोई, संगठन मंत्री शाकिर हुसैन सैफी और व्यवस्था प्रमुख नवदीप शर्मा ने विचार रखे।

पुलिस ने बाइक चोर पकड़ा

कांठ, अमृत विचार : पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से बाइक बरामद की है। कस्बा ऊमरी कलां के मोहल्ला नसीराबाद निवासी जामिन का भाई बाइक लेकर 21 मई को पंजाब नेशनल बैंक की ऊमरी कला शाखा पर गया था। तभी चोर ने बाइक चुरा ली थी। बाइक चोरी की सूचना ऊमरी कलां पुलिस चौकी और थाना कांठ पुलिस को दी गई थी। थाना पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आमिर निवासी मोहल्ला फरीद गंज कस्बा ऊमरी कलां को चोरी की बाइक सहित पकड़ लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को बिलारी के एक गांव की रहने वाली युवती ने ममाला दर्ज कराया था। बताया था कि मैनाठेर क्षेत्र के गांव असदपुर निवासी कमरे आलम ने उसे शादी का झांसा दिया। कुंदरकी में एक कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। कई बार उससे शादी को कहा तो वह मुकर गया। इस मामले में युवती ने आरोपी कमरे आलम सहित कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

कार की टक्कर से महिला की मौत

चार माह का बेटा घायल, गांव गुलाबनगर में हुआ हादसा, दवा लेकर जा रही थी महिला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलाबनगर में गुरुवार दोपहर कार ने मां-बेटे को रौंद दिया। इससे महिला की मौत हो गई, जबकि उसका चार माह बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि कार चालक ने महिला व बच्चे को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बच्चे को हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजन उसे उत्तराखंड में काशीपुर स्थित निजी चिकित्सालय ले गए हैं।

बताया गया कि गांव गुलाबनगर में किसान जाफर का परिवार रहता है। आसमा के पांच पुत्रियों के बाद छठी संतान पुत्र हमजा का जन्म हुआ था, जो इस समय करीब चार महीने का है। एक बेटी की शादी हो चुकी है। एक बेटी अपनी बड़ी बहन को दे दी है। गुरुवार को उनकी पत्नी आसमा (48) अपने चार माह के बेटे हमजा की दवा लेने के लिए ठाकुरद्वारा आई थीं। दवा लेकर वे दोनों बस से ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर स्थित सूरजन नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में गांव गुलाब नगर पहुंची। यहां दोपहर तीन बजे वह बस से उतरी। तभी कार ने मां-बेटे को रौंद दिया। इससे महिला की मौके पर मौत हो गई। बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक ने ग्रामीणों के सहयोग से महिला व बच्चों को कार से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घायल बच्चे की हालत नाजुक बताते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया। हादसे की सूचना के बाद मृतक महिला के ससुराल वाले व मायके वाले भी अस्पताल में पहुंचे। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, सपा विधायक नवाब जान खां ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर मृतक महिला के परिजनों को संत्वना दी।

महिला की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

परिजनों से बात करते सपा विधायक नवाब जान खां।

ईंट भट्ठे पर पानी के गड्ढे में डूबने से श्रमिक के बच्चे की जान गई

कांठ, अमृत विचार : गांव खतापुर में ईंट भट्ठे पर बिहार के रहने वाले अर्जुन सिंह कार्य करते हैं। गुरुवार दोपहर एक बजे उनका चार वर्ष का पुत्र खेलते समय पानी के गड्ढे के पास पहुंच गया, जहां गिरने से उसकी मृत्यु हो गई।

परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बच्चे के पिता ने बताया कि और बच्चों के साथ वह भी खेल रहा था। तभी पास के ही गड्ढे में फिसल कर गिर गया, जब बच्चों ने शोर मचाया तो बच्चे को बाहर निकाला गया, जिसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वरिष्ठ फार्मासिस्ट भगवान सिंह ने बताया कि बच्चे को अन्य श्रमिक लेकर आए थे, जो बच्चे का नाम नहीं बता पाए।

सीओ से वार्ता करते मंदिर की सेवा समिति के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

चोरी के आरोपियों पर हो कार्रवाई

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर स्थित शिव मढी मंदिर में चोरी के मामले में शामिल आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने सीओ को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कर घटना का खुलासा करने की मांग उठाई है।

गुरुवार को मंदिर सेवा समिति के कार्यकर्ता पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सीओ को शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया कि क्षेत्र के गांव गंझडा आलम स्थित मंदिर में दो सप्ताह पहले चोरी की गई थी। चोर हजारों रुपये का कीमती सामान ले गए थे। इन्वर्टर, दो बैटरी, एक माइक, दो पंखे व अन्य सामान्य चोरी कर लिया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान को एफआईआर दर्ज करने व चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान संजय सिंघल, अभिषेक अग्रवाल, अनुराग सिंघल, मोहित अग्रवाल, प्रभाकर मिश्रा, आशु गुप्ता, मोहित कुमार, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

रिश्वत लेते वायरल वीडियो की जांच निदेशालय को सौंपी

डिलारी, अमृत विचार : 15 दिन पहले बाल विकास परियोजना कार्यालय में महिला सुपरवाइजर का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से रिश्वत लेने का वीडियो शोसल मीडिया पर वायल हुआ था।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अतिरिक्त प्रभार एसीएम प्रथम प्रीति सिंह ने संज्ञान में लेकर तीन सदस्यीय टीम गठित कर मामले की जांच कराई। जांच में बताया कि सुपरवाइजर सूर्यकली को उधर की रकम आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वापस ले रही थीं। इसकी जांच रिपोर्ट से जिला कार्यक्रम अधिकारी अतिरिक्त प्रभार संतुष्ट नहीं हुईं। उन्होंने बताया कि रुपये कागज में लपेट कर देने का क्या मतलब है। वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराने के लिए लखनऊ निदेशालय को भेजी है।

पार्क में मिट्टी के पात्र रखते गायत्री ज्ञान मंदिर के कार्यकर्ता।

पक्षियों के लिए रखा दाना-पानी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : गायत्री ज्ञान मंदिर की कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पक्षियों के लिए पानी और दाने के पात्र रखे। उन्होंने लोगों को प्रेरित भी किया।

मंदिर के मुख्य ट्रस्टी शिवेंद्र गुप्ता ने बताया कि गर्मी से पशु-पक्षी परेशान हैं। इसे लेकर गायत्री ज्ञान मंदिर के कार्यकर्ताओं ने नगर के तहसील गेट के सामने हमारा प्यारा ठाकुरद्वारा पार्क के स्थान पर मिट्टी के पात्रो में पानी रखकर उनमें दाने रखे। समरसता पार्क मुरादाबाद रोड स्थित लोहिया पार्क व अन्य स्थानों पर भी पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था की। इस दौरान राजेंद्र पांडे, अवधेश शुक्ला, प्रखर आदि रहे।

ग्रामीणों से वार्ता करती आबकारी विभाग की टीम। ● अमृत विचार

आबकारी टीम ने दिया शराब की दुकान बंद कराने का आश्वासन

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : गांव चंगेरी में आबकारी विभाग की टीम ने ग्रामीणों को गांव से शराब की दुकान हटवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने शराब बेच रहे लोगों को वहां से दुकान हटाने के निर्देश दिए हैं।

गांव चंगेरी में शराब की दुकान को लेकर पांच दिन से ग्रामीण ने हंगामा कर रहे थे। गुरुवार को जिला आबकारी अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह व अन्य अधिकारी गांव पहुंचे। कहा कि अगर गांव के लोग यहां शराब की दुकान नहीं चाहते हैं तो किसी अन्य जगह दुकान शिफ्ट कराई जाएगी। आबकारी अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि शराब बेचने वालों को चेतावनी दे दी गई है। उन्हें बताया गया है कि वह गुरुवार शाम तक यहां अपना सामान उठाकर कहीं और ले जाएं।

देवर ने किया दुष्कर्म पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाला

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के साथ देवर ने कमरे में बंद कर दुष्कर्म किया। पति से शिकायत की तो मारपीट कर घर से निकाल दिया। दो बच्चों को भी ससुराल वालों ने छीन लिया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली के एक गांव की युवती का विवाह चार वर्ष पूर्व जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा के बिरामपुर निवासी युवक से हुआ था। उसका कहना है कि शादी में घर वालों ने काफी दानदहेज दिया था। शादी के एक माह बाद ही पति और ननदों ने दहेज को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 17 मई की रात वह घर पर अकेली थी, इस बीच देवर ने आकर अंदर से कमरा बंद कर लिया। विरोध करने पर छुरी गले पर रखकर दुष्कर्म किया। 19 मई को पति ने बिचौलिया को घर बुलाकर तीन तलाक दे दिया उसने पुलिस से पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

किसानों की समस्याओं को लेकर धरना

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। एसडीएम व सीओ के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने किसानों की समस्याओं के संबंध में एसडीएम को पूर्व में ज्ञापन दिया गया था। इसमें 23 मई तक समस्याओं का समाधान नहीं होने पर धरने की चेतावनी दी गई थी। गुरुवार को बड़ी संख्या में किसान छजलैट स्थित किसान भवन पर एकत्रित हुए, वहां किसी अधिकारी के नहीं पहुंचने पर सभी किसान थाने में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। एसडीएम विनय कुमार सिंह एवं सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता के आश्वासन पर किसानों को 27 मई तक समस्या के समाधान का आश्वासन देने पर धरने को स्थगित कर दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा, हाजी इमरान, सोनित सिंह, विक्रम सिंह, सुशील चौधरी, जयप्रकाश सिंह, सतेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, बाबू सिंह, संदीप कुमार, मनिंदर आदि उपस्थित रहे।

किसानों से वार्ता करते सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

नहर में टेल तक पानी छोड़ने की मांग उठाई

कांठ, अमृत विचार : भीषण गर्मी में बार बार फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। लेकिन नहर में पानी न आने के कारण किसान काफी चिंतित हैं। दो दिन पहले रजवाहा नहर में पानी छोड़ा गया था, लेकिन धरातल पर ही सीमित रह गया है। कांठ रोड पर रजवाहा नहर से हजारों एकड़ भूमि पर फसलों की सिंचाई की जाती है। नहर में समय से नहीं छोड़ा जा रहा है। अगर नहर में पानी छोड़ा भी जाता है तो वह कुलाबे से नीचे रह जाता है। इससे सिंचाई नहीं हो पा रही है। इस वर्ष भयंकर गर्मी में नहर में पानी नहीं छोड़ने के कारण किसान काफी चिंतित हैं। क्षेत्र के किसानों में शीघ्र ही टेल तक पानी छोड़ने की मांग की है।

बुद्ध पूर्णिमा | तहसील क्षेत्र में गायत्री परिवार की ओर से कराया गया यज्ञ, लोगों ने आहुति देकर शांति की कामना की

गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर सफल बनाएं जीवन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र में गायत्री परिवार की ओर से गायत्री यज्ञ कराया दया। आचार्य विजय पाल सिंह राघव, अनिल चौहान, दलपत सिंह, आदित्य राघव, मिथिलेश ने सात घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न कराया।

गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा पर सात घरों में गायत्री महायज्ञ हुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आह्वान पर ग्रह गायत्री यज्ञ के अंतर्गत बुद्ध पूर्णिमा घरों में सामूहिक गायत्री यज्ञ संपन्न कराया गया। बिलारी के गायत्री परिवार की ओर से ग्रह गायत्री यज्ञ के अंतर्गत आचार्य विजयपाल सिंह राघव के नेतृत्व में सात घरों में गायत्री एक संपन्न कराया। पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक पंडित मनीष, आचार्य श्रीराम शर्मा ने शक्ति मां गायत्री शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी, गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। आचार्य विजयपाल सिंह राघव, अभिषेक सुषमा राघव, आदित्य राघव ने पवित्री कारण, स्वस्ति वाचन के साथ विधि विधान से घरों में गायत्री कराया। आचार्य राघव ने बताया कि यज्ञ से कीटाणु, विष्णणु नष्ट होने के साथ-साथ यज्ञ से निकलने वाले धुएं एवं गैस के सूक्ष्म परमाणु प्रदूषण कार्बन के परमाणुओं में प्रवेश कर उन्हें शुद्ध तत्व में बदल देते हैं। इस दौरान गौतम बुद्ध के बारे में कहा कि हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। इस दौरान क्षेत्र के बहुरनपुर नरौली, मोहम्मद हयातपुर, शिव मंदिर कॉलोनी खड्डुआ, रेलवे स्टेशन कॉलोनी सहित सात घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ।

गायत्री यज्ञ में आहुति देते आचार्य विजयपाल सिंह राघव व अन्य।

शरबत बांटते छात्र व अन्य। ● अमृत विचार

छात्रों ने राहगीरों को शरबत पिलाया

बिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुरकाशी के मुख्य द्वार पर गुरुवार को राहगीरों को शरबत पिलाया गया। क्षेत्र के विद्यालय में वैशाख पूर्णिमा पर भगवान गौतम बुद्ध की जयंती मनाई। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने लोगों को भगवान गौतम बुद्ध के जीवन के बारे में बताया। इस दौरान अंकित सैनी, नितिन सैनी, आदित्य, विकास, सचिन यादव, निशांत यादव, सुमित यादव, आकाश, अनुज, अभिषेक कश्यप, आयुष कश्यप, ज्योति यादव, रिंकी ठाकुर, दीक्षा, सोनम यादव, मेघराज सैनी आदि मौजूद रहे।

बुद्ध पूर्णिमा पर किया गया पांच कुंडीय यज्ञ

छजलैट, अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शांतिकुंज के तत्वावधान में पांच कुंडीय यज्ञ वेद मंत्रों विधि विधान से आयोजित किया गया। क्षेत्र के गांव कुचावली में गुरुवार को पंच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें आहुति देकर श्रद्धालुओं ने सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कहा कि मनुष्य जीवन का बड़ा महत्व है। विश्व शांति के लिए देशहित में कल्याणकारी जीवन सुख, शांति के लिए वैचारिक धर्म का अनुष्ठान साथ में सुंदरकांड पाठ विशेष आहुति दी गई। शांतिकुंज से जवर सिंह, हरि नाम सिंह परमचंद, वेद प्रकाश, हरिओम शर्मा, चौधरी ऋषिपाल सिंह, मदनपाल सिंह, चौधरी राजेंद्र सिंह, विनय कुमार, मास्टर संजीव सिंह, गिरवर सिंह, विक्की चौधरी, ओम प्रकाश सिंह, दिनेश सिंह, अजय कुमार, सूर्यवंश, धैर्य चौधरी, शशिवाला आदि रहीं।

एक नजर

पुलिस ने पकड़ा 25 हजार रुपये का इनामी

रहरा, अमृत विचार : पुलिस ने 25 हजार के इनामी को पकड़ लिया। रहरा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में 25000 रुपये के इनामी हिर्देश उर्फ गटुवा पुत्र गजेन्द्र उर्फ गजे निवासी ग्राम चंदनपुर को गिरफ्तार किया। 22 मई को उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार सिपाहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुरावली तिराहे पर आरोपी को तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। हिर्देश उर्फ गटुवा थाना रहरा में गैगस्टर एक्ट में वांछित है। वह 17 मार्च से फरार था। जिसकी गिरफ्तारी को पुलिस ने 25000 रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। थानाध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि जांच के दौरान हिर्देश को पकड़ लिया है।

भारतीय किसान संघ की कार्यकारिणी गठित

अमरोहा, अमृत विचार : गुरुवार को अमरोहा विकास खंड कार्यालय में भारतीय किसान संघ की बैठक हुई। जिसमें निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सिंह को बनाया। उन्होंने पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया और नई कार्यकारिणी के लिए प्रस्ताव मांगा। नई कार्यकारिणी का प्रस्ताव मिलने के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें बृजनंदन को ब्लॉक अध्यक्ष और अनूप चौहान को मंत्री चुना। कार्यकारिणी में धीरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष, सह मंत्री विकास चौधरी, जैविक प्रमुख पिंटू दिवाकर, युवा प्रमुख हरेंद्र सिंह, प्रचार प्रमुख विशाल कुमार को बनाया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य भंवर सिंह, सचिन कुमार, कृष्ण कुमार, आलोक चौहान, चंद्रप्रकाश शर्मा, मनवीर सिंह आदि शामिल है।

बिजली कर्मी का शराब मांगने का ऑडियो वायरल

हसनपुर, अमृत विचार : गुरुवार को नगला खादर में बिजली कर्मी द्वारा ग्रामीण का बिजली का तार लगाने के नाम पर शराब मांगने का सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल हो रहा है। गांव निवासी ग्रामीण का तार खंबे से हट गया था। लाइनमैन से उसने जब फोन पर बात की तो उसने शराब की मांग की। ऑडियो में लाइनमैन ग्रामीण को शराब देने के लिए धमका रहा है। ऑडियो में बिजली कर्मी कह रहा है कि शराब नहीं दोगे तो वह तार नहीं लगाएगा। चाहे फसल क्यों न सूख जाए। लाइनमैन के शराब मांगने का ऑडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। जेई राजकुमार ने बताया कि वायरल ऑडियो का मामला जानकारी में नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

घाटों पर दिनभर चला स्नान का सिलसिला, जरुरतमंदों को किया दान, हाईवे पर लगा भीषण जाम

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गुरुवार सुबह से ही गंगास्नान का सिलसिला शाम तक चलता रहा। अमरोहा व आसपास के जिलों के साथ ही गाजियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, मुरादाबाद आदि से श्रद्धालु गंगास्नान के लिए बृजघाट व तिगरी गंगा तट पर पहुंचे। इससे दिन भी हाइवे पर जाम भी लगा रहा।

गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा पर बृजघाट व तिगरी धाम गंगा तट पर तड़के से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। ब्रह्म मुहूर्त में गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सूर्य को अर्ध्य देकर मंगलकामना की। युवाओं ने गंगा में अठखेलियां भी कीं। दान देकर पुण्य लाभ भी कमाया। दिनभर गंगा घाटों पर हर-हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे। वहीं गंगा स्नान के समय नेशनल हाईवे पर तीन किलोमीटर दूर तक जाम लग गया। जाम खुलवाने के लिए पुलिस के पसीने छूट गए। करीब तीन घंटे के बाद जाम पर पुलिस ने काबू पाया और जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया। जाम से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। गंगा पुल पर दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। जाम लगने से गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो गया। बहुत से श्रद्धालु गंगा तट तक पैदल ही पहुंच सके। सबसे ज्यादा दिक्कत बस में बैठे बच्चों और बुजुर्गों को हुई। गंगा स्नान से पहले पुलिस के सारे इंतजाम धरे रहे गए और श्रद्धालुओं को जाम से जूझना पड़ा।

गजरौला में बृजघाट स्थित गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



गजरौला में गंगा स्नान के दौरान हाईवे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर किया दान

रहरा, अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। गुरुवार सुबह से ही गंगास्नान का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। श्रद्धालु गंगास्नान करने के लिए पौरारा एवं सिरसा गंगा तट पर पहुंचे। गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा पर पौरारा एवं सिरसा गंगा तट पर तड़के से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। ब्रहम मुहूर्त में गंगा में डुबकी लगाई। सूर्य को अर्ध्य देकर मंगलकामना की। जरूरतमंदों को दान देकर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान गंगाघाटों के किनारे पुलिस बल तैनात रहा।

हसनपुर में गंगा घाट में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

हर हर गंगे के जयघोष से गूंजते रहे गंगा घाट

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र में गंगा घाटों पर बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान गंगा घाट हर हर गंगे के जयकारों से गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद दान भी किया। सुरक्षा की दृष्टि से गंगा घाटों पर पुलिस बल मौजूद रहा।

गुरुवार को क्षेत्र के पूठ गंगा धाम एवं गंगानगर गंगा घाट पर बुध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्म मुहूर्त होते ही हर हर गंगे के जयघोष के साथ गंगा स्नान का सिलसिला शुरू हो गया। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पुरोहितों से हवन, यज्ञोपवीत आदि संस्कार कराए। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान करने के बाद वस्त्र इत्यादि दान देकर लोगों को भोजन कराया। क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से गंगा घाटों पर पुलिस बल मौजूद रहा। हालांकि श्रद्धालुओं को घाटों पर गदंगी का भी सामना करना पड़ा। पंडित प्रमोद शर्मा ने बताया कि इस दिन गंगा में स्नान कर दान पुण्य करने से पुण्य लाभ मिलता है।

गर्मी में रोडवेज बसों में घटी यात्रियों की संख्या

अमरोहा, अमृत विचार : भीषण गर्मी में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। बाजारों में दोपहर में सन्नाटा हो जाता है। अब गर्मी का असर रोडवेज की बसों पर भी पड़ने लगा है। बसों में सवारियां नहीं मिलने के कारण रोडवेज को प्रतिदिन भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि भीषण गर्मी का प्रभाव जहां जनजीवन पर पड़ रहा है। वहीं इसका असर रोडवेज की बसों पर भी पड़ने लगा है। गर्मी के कारण सवारियां घरों से नहीं निकल पा रही है। रोडवेज की बसों को कम सवारी लेकर मार्ग पर दौड़ना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के कारण प्रतिदिन रोडवेज बस अपने लक्ष्य भी पूरा नहीं कर पा रही है। जिस कारण परिवहन निगम को राजस्व हानि का सामना करना पड़ रहा है।

हसनपुर में शिकंजी का वितरण करते व्यापारी। ● अमृत विचार

बुद्ध पूर्णिमा पर शिकंजी बांटी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : मुख्य बाजार में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान से जुड़े व्यापारियों ने बुद्ध पूर्णिमा पर शिकंजी का वितरण किया। वैशाख मास की बुद्ध पूर्णिमा नगर में धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने भगवान बुद्ध का स्मरण कर उनके संदेशों का पालन करने का संकल्प लिया। कई स्थानों पर शीतल जल और शरबत बांटा गया। पूर्णिमा पर महिलाओं ने उपवास भी रखा। नगर के मुख्य बाजार स्थित पुरानी तहसील पर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के संरक्षक सुशील रस्तोगी के नेतृत्व में शिव मंदिर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं के सहयोग से शिकंजी का वितरण किया। इस मौके पर तरुण अग्रवाल, पंकज भटनागर, सचिन गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, मनोज कुमार, रानू रस्तोगी, विकास रस्तोगी, राजू गुप्ता, नईम आदि व्यापारी मौजूद रहे।

कम पानी में भी तैयार होगी धान की फसल

अमरोहा, अमृत विचार : कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली धान की उन्नत प्रजातियों के बीज जिले में किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिले में 28000 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर धान की रोपाई की जाएगी। 20 मई के बाद से धान की नर्सरी डालने का कार्य चल रहा है।

जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार सिंह ने बताया जिले के सभी राजकीय बीज भंडार केंद्र पर धान की उन्नतशील प्रजातियों का बीज उपलब्ध हैं। कम लागत से अधिक पैदावार के लिए नई उन्नतशील बासमती प्रजातियों से बोआई की जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रजाति 20 प्रतिशत कम पानी में पक जाती है। इस प्रजाति की पैदावार अधिक होती है। उन्होंने बताया कि किसानों को राजकीय बीज भंडार पर आधार कार्ड की फोटो कॉपी या बैंक पासबुक की फोटो कॉपी के जरिए अनुदान पर बीज मिल सकता है।

गौतम बुद्ध ने दिया शांति का संदेश

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : गुरुवार को आंबेडकर पार्क में बुद्ध वंदना एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया। उसके पश्चात राहगीरों को शरबत एवं प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम का आरंभ आंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारियों ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में भंते धम्म कीर्ति द्वारा बुद्ध वंदना एवं त्रिशरण का उच्चारण किया। बुद्ध के अनुयायियों ने गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए आंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि विश्व में शांति का संदेश देने वाले भगवान गौतम बुद्ध की जयंती उल्लास के साथ मनाई जा रही है। गौतम बुद्ध ने पूरे विश्व को शांति का संदेश दिया और कहा कि हिंसा छोड़ अहिंसा के रास्ते पर चलकर ही देश को तरक्की की राह पर ले जा सकते हैं। आंबेडकर विकास मंच के महासचिव रामवीर सिंह ने कहा कि अंगुलिमाल जैसे डाकू ने गौतम बुद्ध की शिक्षा से प्रभावित होकर हिंसा का मार्ग छोड़कर अहिंसा का रास्ता अपनाया और दुनिया को शांति का संदेश देने वाले तथागत गौतम बुद्ध के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल, भंते धम्म कीर्ति, महेंद्र सिंह आर्य एवं रामवीर सिंह ने शरबत एवं हलुवा वितरण किया। इस अवसर पर चंचल सागर, ललिता रानी, प्रशांत कुमार, जगवीर सिंह मौर्य, विनोद कुमार गौतम, सुशील भगत, सोम सिंह, करणवीर सिंह, नवाब सैफी, संजीव कुमार, रोशन लाल, कमल सिंह, महेंद्र सिंह, करनपाल प्रधान, उमेश कुमार जयवीर सिंह, महीपाल सिंह, संजीव सिंह, कपिल कुमार,अशोक सिंह, महेंद्र सिंह प्रधान, गजराज सिंह, धर्मपाल सिंह, सुरेश सिंह, प्रवेश कुमार, विजय कुमार, सचिन कुमार, संदीप कुमार, हरवीर सिंह, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

हसनपुर में भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प चढ़ाते लोग। ● अमृत विचार

फरियादियों की समस्या नहीं सुनी तो होगी कार्रवाई : एसपी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शिकायत लेकर फरियादी चौकी पर पहुंचा और यदि उसकी सुनवाई नहीं की गई या उसका प्रार्थना पत्र नहीं लिया तो संबंधित चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों को शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह फरियादियों की सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उनको कई प्रार्थना पत्र ऐसे मिले जिन पर लिखा था कि चौकी पर प्रार्थना पत्र नहीं लिया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक का पारा चढ़ गया। उन्होंने कहा कि यदि चौकी पर कोई फरियादी शिकायती पत्र लेकर जाता है, अगर उसकी सुनवाई नहीं की गई या शिकायती पत्र नहीं लिया तो संबंधित चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों व चौकी इंचार्जों को जनसुनवाई में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चौकी पर आए फरियादी का शिकायती पत्र लिया जाए। जनसुनवाई में थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए। यदि फरियादी का शिकायती पत्र नहीं लिया जाता तो चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई होगी।

कुंवर अनुपम सिंह, एसपी, अमरोहा।

एक साल से सड़क पर जलभराव ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन

संवाददाता, रहरा/ सैदनगली

अमृत विचार : थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव करनपुर में कई ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बताया कि पिछले एक वर्ष से रास्ते पर पानी भरा हुआ है। जिससे निकलने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इससे ग्रामीण कई बार चोटिल भी हो चुके हैं।

कई बार ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव से शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। गांव निवासी किरन ने बताया कि रास्ते का खड़ंजा टूटा फूटा हुआ है। जिसमें पिछले एक वर्ष से पानी भरा हुआ है। यहां से निकलते समय अक्सर लोग गिर जाते हैं और चोट लग जाती हैं। जिसकी शिकायत अनेक बार की गई लेकिन समाधान नहीं हुआ। गांव निवासी चमेली ने बताया कि घर से मेन रास्ते को जोड़ने वाला रास्ता बुरी तरह उखड़ा हुआ है। जिसकी शिकायत की गई लेकिन समाधान नहीं हुआ। ग्राम प्रधान नसीम अहमद ने बताया कि ग्राम पंचायत में लगातार कार्य कराए जा रहे हैं और बहुत जल्दी समस्या का समाधान कराया जाएगा। इसी को लेकर कई ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में किरन, चमेली, राजबाला, कुसुम, राजवती, पार्वती, गंगा देवी, करण सिंह, सुरेंद्र, मोतीराम, पप्पू, महिपाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

गंदे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में बुधवार रात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हालांकि बाद में समझौता होने के बाद बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर दो के गांव में बुधवार रात आठ बजे पति-पत्नी में झगड़ा होने के बाद पत्नी की घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत की खबर सुनते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। उसके बाद गांव के कुछ लोगों ने दोनों पक्षों को बैठाकर समझौता कर दिया। इसके बाद देर रात मृतका के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जा रहा है महिला की 10 वर्ष पूर्व शादी हुई थी, उसके दो बच्चे हैं। वहीं पुलिस घटना की जानकारी होने से इनकार कर रही है।

दो बाइकों की टक्कर में महिला समेत बच्चे घायल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में हसनपुर-रहरा मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में महिला समेत उसके दो बच्चे घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

जनपद संभल के थाना रजपुरा के गांव सिंघोला निवासी नेमचंद अपनी पत्नी सुधा तथा मासूम बेटे अजय तथा बेटी हंसमुखी के साथ बाइक से हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रखेड़ा अपनी रिश्तेदारी में आया था। गुरुवार दोपहर वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक हसनपुर रहरा मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो अचानक सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठे पति-पत्नी तथा उनके दो बच्चे सड़क पर जा गिरे। जिसमें पत्नी सुधा बेटी हंसमुखी तथा बेटा अजय घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। घायलों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस हादसे की जांच पड़ताल में जुटी है। घटना के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से बाइक लेकर फरार हो गया।

घायल बच्चे। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता वेदांता ग्लोबल स्कूल में इंटर हाउस वॉलीबाल टूर्नामेंट आयोजित

कृष्णा हाउस ने जीता वॉलीबाल का फाइनल

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : गुरुवार को वेदांता ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढवारसी में इंटर हाउस वॉलीबाल टूर्नामेंट हुआ। इसमें विद्यालय के चारों सदनों गंगा, कावेरी, यमुना एवं कृष्णा सदन के छात्रों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट में प्रत्येक सदन से कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कृष्णा और गंगा तथा यमुना और कावेरी के बीच मैच खेले गए।

कृष्णा और कावेरी सदनों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल मैच कृष्ण और कावेरी सदन के छात्रों के बीच खेला गया। इस मैच का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने टॉस करके किया। फाइनल मैच में कृष्णा हाउस के छात्रों का प्रदर्शन कावेरी हाउस के छात्रों से बेहतर रहा और कृष्णा हाउस ने कावेरी हाउस को 18-25 , 25-14 व 15-10 से हराकर जीत सुनिश्चित की। इस प्रतियोगिता में कृष्णा हाउस से रजत चाहल, सार्थक, तरुण शर्मा, प्रशांत गुर्जर, प्रशांत चौधरी, माधव गर्ग, विकी सैनी, कुणाल, आदित्य, गोविंद, आयुष यादव, यश चौधरी जबकि कावेरी हाउस से पीयूष यादव, चांद, दीपांशु, कार्तिक, हिमांशु, दीपांशु, रोहित, आदिल, राजवीर, अबूजर, जुनैद और अनुज ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय के खेल प्रशिक्षक सोनपाल एवं स्कोरर विक्रांत ठाकुर को प्रतियोगिता में बच्चों का प्रोत्साहन करने एवं कृष्णा हाउस के छात्र-छात्राओं को जीत पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

हसनपुर में मैच में शॉट लगाता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

बिजली मीटर से छेड़छाड़ में चार पर रिपोर्ट दर्ज

बुरावली/अमरोहा, अमृत विचार : कमर्शियल मीटर की जगह सामान्य मीटर लगाना व मीटर से छेड़छाड़ करना उपभोक्ता और विद्युत कर्मचारियों को भारी पड़ गया।

बिजली मीटर से छेड़छाड़ में बुरावली निवासी उपभोक्ता असलम अली पुत्र रफीक की शिकायत एक्सईएन से की गई थी। आरोप था कि इनके यहां लगे चार किलोवाट के कमर्शियल मीटर को बदलकर विद्युत कर्मचारी मीटर रीडर अंकुर, अजयपाल एवं सुपरवाइजर नरवेन्द्र कुमार की मिलीभगत से बिजली चोरी की। शिकायत के बाद टेस्टिंग हुई तो मामले का खुलासा हुआ। जिस पर इन विद्युत कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। अब जेई शिवशंकर की तहरीर पर बिना विभागीय अनुमति मीटर बदलने व मीटर से छेड़छाड़ में असलम अली पुत्र रफीक निवासी बुरावली समेत बिलिंग संस्था के कर्मचारी अंकुर, अजयपाल व सुपरवाइजर नरवेन्द्र कुमार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ट्रैक पार कर जान जोखिम में डाल रहे

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : रेलवे स्टेशन पर लोग जान जोखिम में डाल रहे हैं। स्टेशन पर प्लेटफार्म एक से दूसरे पर पहुंचने के लिए यात्री रेलवे ट्रैक पार करते हैं। जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। पहले कई बार लोग ट्रेन की चपेट में आ भी चुके हैं, लेकिन इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है।

गजरौला रेलवे स्टेशन पर जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। यहां पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए पुल बना है, लेकिन यहां पर एक ही पुल है।

यात्रा जल्दी पहुंचने के चक्कर में ट्रैक को पार करते हैं और पुल का सहारा नहीं लेते। जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है, हालांकि स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ की चौकी भी बनी हुई है। लेकिन यहां लापरवाही के चलते पहले भी हादसे हो चुके हैं और कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद भी रेलवे ट्रैक पार करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। जब ट्रेन आ रही होती हैं तब भी महिलाओं व बच्चे रेलवे ट्रैक पार करते हैं। आरपीएफ के जवान भी इस सब की अनदेखी करते हैं। कभी-कभी तो ऐसा नजारा रेलवे के अधिकारियों के सामने भी देखने को मिल जाता है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि मामले में अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

गजरौला में रेलवे ट्रैक पार करते लोग। ● अमृत विचार

लापरवाही

- समय बचाने के लिए पुल पर जाने से कतराते हैं लोग
- आरपीएफ के जवान भी करते हैं अनदेखी

पिता-पुत्र को घेरकर पीटा

डिडौली, अमृत विचार : गांव मुबारकपुर नूरी में किसान नजाकत अली का परिवार रहता है। मंगलवार को वह बेटे सैफ के साथ चचरे भाई सलमान की बरात में गए थे। शाम को बरात से लौटते समय इंसाफ अली, नन्हे, इकरार व हबीब ने उन्हें रोककर मारपीट की। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया की तहरीर के आधार पर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

ठेका सूचना

हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० (वक्फ-311) उझरी, जनपद अमरोहा में प्रत्येक वर्ष लगने वाले सालाना उर्स/मेले का ठेका दिनांक 28/05/2024 (मंगलवार) को दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० के मैदान में खुली बोली के आधार पर प्रात: 11:00 बजे किया जाएगा। इच्छुक ठेकेदार समय से पहुंचकर बोली लगा सकते हैं। ठेके की शरायत की जानकारी विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात किसी भी दिन प्राप्त की जा सकती हैं।

मौ० ताहिर (सदर) — इफ्तिखार उल हसन (सचिव)

दरगाह कमेटी
हजरत शेख दाऊद बंदगी रह०
(वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा।
मो० 9319201176

एक नजर

सलेमपुर गोसाई मार्ग पर झाड़ियों में लगी आग

गजरौला, अमृत विचार : सलेमपुर गोसाई मार्ग पर सड़क किनारे झाड़ियों में दोपहर को आग लग गई थी। हवा तेज होने से आग बढ़ गई और खेतों की ओर बढ़ने लगी। आग पर किसानों ने किसी तरह काबू पाया। आशंका है कि किसी राहगीर के जलती बीड़ी फेंकने के चलते झाड़ियों में आग लगी थी। तेज हवा चलने की वजह से आग कुछ ही देर में बढ़ गई और खेत की तरफ बढ़ने लगी। किसानों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

पाक्सो एक्ट के आरोपी का पुलिस ने किया चालान

गजरौला, अमृत विचार : पुलिस ने पाक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने पाक्सो एक्ट के आरोपी मोहित पुत्र जगपाल निवासी गंगापुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में निरीक्षक सतीश सिंह, कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

ट्रांसफार्मर में लगी लकड़ी।

ओवरलोडिंग से बार-बार हो रही बिजली कटौती

सैदनगली, अमृत विचार : संभल हसनपुर रोड पर कब्रिस्तान के निकट 400 केवी का ट्रांसफार्मर रखा है। ट्रांसफार्मर की एमसीबी बार-बार गिरने के कारण आपूर्ति बंद हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई। अब एमसीबी को लकड़ी लगाकर रोका गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिल तेजी से बढ़ते हैं, लेकिन विभाग में सुनवाई नहीं होती। विद्युत विभाग के अधिकारी जनता की समस्याओं को निपटाने के लिए तैयार नहीं है। विद्युत विभाग के अधिकारी और लाइनमैन जनता की समस्याओं को सुनकर टाल मटोल करते है। उधर, इस्लामी मदरसा की दीवार पर लोहे की एंगल लगी है और एंगल में सैकड़ों केबिल लगे हुए है। एंगल की स्थिति ऐसी है किसी भी दिन टूट कर गिर सकती है। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

चालक को नींद आने से पिकअप डिवाइडर से टकराई

हाईवे पर शहबाजपुर के पास हादसा, गंगा स्नान कर लौट रहे दो श्रद्धालु व चालक और हेल्पर घायल

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर मुरादाबाद की दिशा से आ रही पिकअप के चालक को नींद की झपकी आने पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें पिकअप सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को हाईवे से हटवाया।

दिल्ली के मोहल्ला जाफराबाद निवासी सलाउद्दीन व उसका साथी सलमान गुरुवार को सीतापुर से पिकअप में कपड़े भरकर दिल्ली जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर शहबाजपुर के पास चालक को नींद की झपकी आने पर पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें चालक व परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिससे हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह हाईवे से पिकअप को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो श्रद्धालु घायल :गजरौला : कार की टक्कर से बृजघाट में गंगा स्नान करके घर लौट रहे बाइक सवार दो श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सैदनगली के मोहल्ला आंबेडकरनगर निवासी महेश कुमार व श्रवण गुरुवार सुबह बाइक से गंगास्नान करने के लिए बृजघाट गए थे। लौटते समय नेशनल हाईवे पर गांव शहवाजपुर डोर के पास पीछे से आई कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों ने घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। एसएसआई बृजेश कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गजरौला में हाईवे पर दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त पिकअप। ● अमृत विचार

गजरौला में मौके पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार व पुलिस। ● अमृत विचार

नशे में कार सवार ने चार लोगों को मारी टक्कर

गजरौला, अमृत विचार : गजरौला-सलेमपुर गोसाई मार्ग पर नशे में कार सवार ने चार अज्ञात लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में चारों लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर जाट निवासी विनेश पुत्र सुखबीर व उसका साथी पवन ने बुधवार देर रात गजरौला सलेमपुर गोसाई मार्ग पर स्कूल के पास नशे में तेज गति से कार चलाते हुए चार अज्ञात लोगों को टक्कर मार घायल कर दिया। इसके बाद चालक ने कार लेकर मौके से फरार होने की कोशिश की। लेकिन तभी राहगीरों ने कार चालक व साथी को पकड़ लिया। उसके बाद आरोपी और उसका साथी मौके पर मौजूद राहगीरों से अभद्रता करने लगे। जिसके बाद मौके पर हंगामा की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह विवाद को शांत कराया और कार समेत दोनों आरोपियों को कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती व दो बच्चे गंभीर घायल

संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अलग-अलग सड़क हादसे में दंपती समेत उनके बेटा-बेटी और कई लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव फूलपुर अदलपुर निवासी रूप सिंह परिवार के साथ रिश्तेदारी से लौट रहे थे। उनकी बाइक पर पत्नी सोनी के अलावा बेटे ऋषभ व बेटी साथ थी। जैसे ही उनकी बाइक गांव हाशमपुर चौराहे पर पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में रूप सिंह के भाई चंद्रपाल सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, दूसरा मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र का है। मोहल्ला इकबाल नगर निवासी 60 वर्षीय असगर पाकबड़ा जोया जा रहे थे। डिडौली अड्डे पर कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें सीएचसी जोया में भर्ती कराया गया है।

स्कूटी व बाइक की भिड़ंत में दो लोग घायल

गजरौला, अमृत विचार : गुरुवार दोपहर शहर के होटल के सामने तेज रफ्तार स्कूटी और बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार भीकनपुर के रहने वाले जैनुल पुत्र अशरफ अली व हैप्पी पुत्र इंद्रपाल दोनों ही घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

सड़क हादसे में पूर्व प्रधान की मौत

मुबारिजपुर, अमृत विचार : बुधवार रात कैंटर चालक 57 वर्षीय पूर्व प्रधान की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। देहरी खादर गांव के पूर्व प्रधान गौरीशंकर बुधवार रात दिल्ली से गजरौला कैंटर लेकर आ रहे थे। जैसे ही मुरादनगर हापुड़ के बीच पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने टैंकर में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया एवं गंभीर को अस्पताल भेजा। लेकिन रास्ते में ही पूर्व प्रधान गौरीशंकर ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि वर्ष 2010 से लेकर सन 2015 तक गांव के प्रधान रहे। मृतक के एक बेटा है, जबकि दो बेटियों की शादी हो चुकी है। हादसे से उनके परिजनों का बुरा हाल है।

गौरव कुमार को मनोनयन पत्र सौंपते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गौरव कुमार बने विश्व हिंदू महासंघ के तहसील अध्यक्ष

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : गुरुवार को महादेव चुंगी स्थित विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव के आवास पर बैठक हुई। बैठक में विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि हिन्दू अस्मिता की रक्षा के लिये हमें गांव-गांव अभियान चलाने के साथ ही महासंघ का तहसील व ब्लाक स्तर पर विस्तार करना होगा। वहीं, विश्व हिंदू परिषद महासंघ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार ने ग्राम धनौरी खुर्द निवासी गौरव कुमार को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया है। नव मनोनीत तहसील अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा है कि महासंघ ने जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदार के साथ निभायेंगे। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, देशबंधु सागर, गौरव कुमार, रोहित कुमार, भारवी कुमार आदि रहे।

35 बकायेदारों के काटे घरों के कनेक्शन

अमरोहा, अमृत विचार : नगर में बिजली विभाग ने बकायेदार उपभोक्ताओं से वसूली के लिए अभियान चलाया और 35 घरों के कनेक्शन काट दिए।

गुरुवार को विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं से वसूली के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 35 बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिल जमा न करने के कारण काट दिए गए। उन्होंने बताया कि कनेक्शन काटने से पहले सबको नोटिस दिया गया था। उसके बाद भी जब इन्होंने बिल जमा नहीं किया तब विभाग द्वारा कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। विद्युत वितरण खंड अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा बिजली उपभोक्ताओं से आठ लाख रुपये की वसूली की गई। इस कार्रवाई से बिजली उपभोक्ताओं में खलबली मच गई है।

गजरौला में भगवान बुद्ध की प्रार्थना करते लोग। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में मौजूद पालिकाध्यक्ष शशि जैन, अतुल जैन व अन्य। ● अमृत विचार

गौतम बुद्ध के बताए संदेशों को आत्मसात करें

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार: बुद्ध पूर्णिमा पर शहर के हाईवे स्थित सिद्धार्थ बुद्ध शिक्षण संस्थान में बुद्ध मंदिर में प्रार्थना की गई। प्रबंधक राम सिंह बौद्ध ने महात्मा बुद्ध के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

गुरुवार को लोगों ने बुद्ध मंदिर में प्रार्थना की। राम सिंह बौद्ध ने सभी को बुद्ध के संदेश सुनाए। कहा कि बुद्ध ने अपने जीवन के दौरान मानवता, शांति, करुणा, और अहिंसा के महत्व का प्रसार किया। हम उनके बताए संदेशों की सार्थकता को समझते हुए आत्मसात करें। इस मौके पर पूर्व विधायक हरपाल सिंह, रविराज सिंह, देवेन्द्रपाल सिंह, विपिन पंघाल, सतेन्द्र सिंह, चरन सिंह, डॉ. पृथ्वी सिंह, बीपी सिंह, राहुल विकास, प्रो. ओमकार सिंह, यतीश कुमार, रोहताश राणा, टेकचंद सैनी, सुखवीर चौधरी, मलखान सिंह आदि मौजूद रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

अमरोहा, अमृत विचार : डॉ. आंबेडकर जन जागरण मंच ने बुद्ध पूर्णिमा को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। गुरुवार को आंबेडकर पार्क पर आंबेडकर जन जागरण मंच के नेतृत्व में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शशि जैन, अतुल जैन व हरि सिंह मौर्य की उपस्थिति में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान भगवान बुद्ध की प्रार्थना की। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सभी प्रकार के जीवन जीने का सर्व श्रेष्ठ मार्ग दिया है। उन्होंने बचपन में ही अपना घर त्याग दिया था। इस मौके पर हरि सिंह मौर्य ने कहा कि मानवता को युद्ध की नहीं बुद्ध की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वरुण सिंह, सत्यपाल गौतम, इंद्रपाल सिंह, महेश कुमार, प्रदीप कुमार, सुमन देवी, सरिता, राम बहादुर सिंह, रामप्रसाद सिंह, गौरव आदि रहे।

पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमरोहा, अमृत विचार : रजबपुर थाना क्षेत्र में महिला को ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित किया और घर से निकाल दिया। मामले में पति सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सरकड़ा कमाल निवासी धनंजय सिंह ने बेटी अतुल की शादी तीन अप्रैल 2019 को संभल जिले के गांव हाजीबेड़ा निवासी निखिल से की थी। शादी के बाद से ससुराल में महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में कई बार पंचायत भी हुई। लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में बदलाव नहीं आया। आरोपी ने महिला की मां के नाम की जमीन बेचकर उन्हें वृद्ध आश्रम भेजने की बात भी कही थी। इनकार करने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला की तहरीर पर निखिल, पुष्पेंद्र, अनीता, साक्षी, कुशल व एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

चारा लेने गई किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : खेत से चारा लेने गई किशोरी से गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी किशोरी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी 18 मई की सुबह खेत से चारा लेने के लिए गई थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी युवक वहां पहले से ही मौजूद था। वह खेत पर किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध पर किशोरी को खेत में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता घर पहुंची और घटना की जानकारी अपने पिता को दी। पिता किशोरी को साथ लेकर थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर पुलिस को दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में गांव निवासी रफी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

खनन माफिया ने किसान पर डंपर चढ़ाने की कोशिश की

अमरोहा, अमृत विचार : अवैध खनन करने का विरोध करने पर आरोपियों ने किसान को डंपर से कुचलने का प्रयास किया। जिससे किसान बाल बाल बच गया। घटना की जानकारी पर खनन और पुलिस टीम ने मौका मुआयना किया। किसान की तहरीर पर ठेकेदार समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा मोहन का है। यहां पर किसान सुरेंद्र सिंह का परिवार रहता है। गांव से कुछ दूरी पर उनके खेत हैं। उन्होंने कुलदीप सिंह के अलावा कई लोगों को खेत से पांच फीट मिट्टी उठाने का ठेका दिया था। आरोप है कि इन लोगों ने पांच के बदले खेत से करीब 10 फीट मिट्टी खोद डाली। सुरेंद्र को जब इसका पता चला तो वह बुधवार रात 12 बजे अपने खेत पर जा पहुंचे। मिट्टी का खनन कर रहे लोगों को रोकने का प्रयास किया। आरोपियों ने उसे डंपर से कुचलने की कोशिश की। वह बाल-बाल बच गए और भाग कर जान बचाई। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। इसके बाद पीड़ित सुरेंद्र सिंह ने कोतवाली पहुंचकर उसकी शिकायत की। इस मामले में आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आयोजन ईरान के राष्ट्रपति की शहादत को लेकर हुआ ताजियाती जलसा

इब्राहिम रईसी हमेशा सब के हक की बात करते थे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : इमाम बाड़ा मुसम्मात सुगरन मोहल्ला गुजरी में ईरान के सदर इब्राहिम रईसी की शहादत के सिलसिले में एक ताजियाती जलसा हुआ।

जलसा की सदारत मौलाना डॉ. सैयद अहसन अख्तर इमाम जुमा ने की। जलसा अंजुमने रजाकाराने हुसैनी ने किया। बताया कि इब्राहिम रईसी एक इंसाफ पसंद हक की बात कहने वाले सबको साथ लेकर चलने वाले इंसान थे। 19 मई को अजरबैजान में एक कार्यक्रम में गए थे। वापसी पर खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हेलीकॉप्टर में सदर ईरान के साथ छह अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौत हो गई थी। जलसे में मौलाना कौसर मुज्तबा ने कहा कि इब्राहिम रईसी और खामनाई सदैव विश्व शांति के लिए काम करते रहे हैं। अंजुमन के जनरल सेक्रेटरी खुरशीद हैदर जैदी ने ताजियत नामा अंजुमन की जानिब से लिखा गया था। इकबाल खां ने कहा कि जो हक की बात करता है। वह शहादत के दर्जे पर फाईज होता है। संचालन चंदन नकवी ने किया। इस मौके पर मौलाना शहवार नकवी, मौलाना कौसर अब्बास, मौलाना रजा काजिम, महबूब हुसैन जैदी, मौलाना मजहर नकवी, अली इमाम रिज़वी, खुरशीद अनवर ने खिराजे अकीदत पेश की।

अमरोहा में आयोजित जलसे में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

● **ईरान के पूर्व राष्ट्रपति को शांति के लिए काम करने वाला बताया**

कर्बला के लिए कई जायरीन रवाना

सैदनगली, अमृत विचार : मोहल्ला सादात से गुरुवार को पांच जायरीन हिलाल फातिमा, नसीर उल हसन, हसन रजा, तनवीर जैहरा, फरजाना खातून दिल्ली के लिए रवाना हो गए। जहां से यह लोग हवाई जहाज से ईरान पहुंचेंगे। इसके बाद ईरान में इमाम अली रजा मासूम ए कुमवा अन्य धार्मिक स्थलों की जियारत करेंगे। इसी तरह सभी जायरीन इराक में रोजा इमाम हुसैन रोजे हजरत अब्बास मस्जिद कूफा इमाम अली के घर की तथा इराक के अन्य धार्मिक स्थलों की भी जियारत करेंगे। इसी तरह सीरिया में जायरीन वह स्थान को देखेंगे। जहां पर कर्बला के कैदियों को कैद किया गया।

सार-संक्षेप

हसनपुर में समर कैंप में बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

सुनील कुमार अकादमी में समर कैंप आयोजित

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित सुनील कुमार इंटरनेशनल अकादमी में समर कैंप का आयोजन हुआ। समर कैंप का आरंभ प्रधानाचार्य ऋषभ भटनागर ने किया। समर कैंप में बच्चों से विभिन्न एक्टिविटीज कराई जाती हैं। जिसमें से कुकिंग, डांस, योगा, आर्ट, ताइक्वांडो, म्यूजिक आदि प्रमुख हैं। समर कैंप में बच्चों की गई प्रस्तुति को सराहा गया। इस मौके पर अकादमी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

कैसरा में भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प चढ़ाते लोग। ● अमृत विचार

गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई

कैसरा, अमृत विचार : शेरपुर मुस्तकम में आंबेडकर पार्क मैदान में आने जाने वाले लोगों को शरबत वितरण किया गया। बाद में सभी लोगों ने बुद्ध के चित्र पर माला चढ़ाकर जयंती मनाई। कार्यक्रम में मनोज कुमार, रोहिताश सिंह, विजेन्द्र, राजपाल, डॉ. अन्तराम लाल सिंह आदि मौजूद रहे।

नफीस मेवाती बने भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष

गजरौला, अमृत विचार : भाकियू चढ़ूनी की बैठक बुधवार को जिला कार्यालय भानपुर में हुई। जिसमें संगठन का जिलाध्यक्ष नफीस मेवाती को बनाया गया। प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डागर, प्रदेशाध्यक्ष सोनपाल चौहान, महिला प्रदेशाध्यक्ष आयुषी सिन्धु तेवतिया, एनसीआर अध्यक्ष कुलदीप गुड्डू व मण्डलाध्यक्ष शकील चौधरी के नेतृत्व में हुई बैठक में नफीस मेवाती को जिलाध्यक्ष व बिजेन्द्र चौधरी को जिला प्रभारी मनोनीत किया। नफीस मेवाती जिला प्रवक्ता व प्रमुख महासचिव की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। इस अवसर पर जाकिर चौधरी, सरफराज सैफी, आसिफ मलिक, नाजिम सैफी, अमरजीत राय, सोनू यादव, नवीन जैन, शब्बन खान, दर्शन अरोड़ा, राकेश सिंह, सरदार समरपाल सिंह, अभिषेक तेवतिया, सौरभ वर्मा, पावस चाहल, प्रमोद शर्मा, अनिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

व्यापारी नेता पर नुमाइश ठेकेदार ने कराई रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में नुमाइश ठेकेदार से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने व्यापारी नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस कार्यवाही से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मनोज गोयल की सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल हुई थी। जिसमें वह कह रहे हैं कि गजरौला में व्यापारियों का कार्यक्रम है। उसमें 70,000 रुपये का खर्चा है, उसके आधे पैसे दिलवा दो। यह ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो गया था। नगर के लोगों ने व्यापारी नेता द्वारा पैसे मांगे जाने की निंदा की थी। ऑडियो वायरल होते ही मामला तूल पकड़ गया था। गुरुवार को नुमाइश ठेकेदार राकेश कुमार अग्रवाल की तहरीर पर पुलिस ने व्यापारी नेता मनोज गोयल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मनोज गोयल के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला जलाते भाजपाई। ● अमृत विचार

भाजपाइयों ने ममता बनर्जी का पुतला जलाया

अमरोहा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा की ओर से जोया रोड पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला जलाकर नारेबाजी की गई। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट ने जो फैसला सुनाया है वह सराहनीय है। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने पात्रों का हक छीनकर अपात्रों को भ्रष्टाचार करके भर्ती किया। कहा कि 24000 शिक्षक भर्ती में घोटाले का नोटों का अंबार मिलन सत्यता को दर्शाता है। इस मौके पर संयोजक हरिजन प्रजापति, रमेश कलाल पूरन सिंह, राकेश वर्मा, पवनीत दिवाकर, प्रेम सिंह सैनी, मनोज वर्मा, आशा आर्य, उषा शर्मा, उषा चंडोक, हेमलता, मरगूब सिद्दीकी, बब्बू मंसूरी, भूप सिंह, अंकित गुप्ता आदि रहे।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की निंदा

गजरौला, अमृत विचार : भाजपा की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा हाईकोर्ट के फैसले की आलोचना करने पर निंदा की। गुरुवार शाम भारतीय जनता पार्टी मण्डल गजरौला की बैठक मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता के आवास पर हुई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने लोकसभा चुनावों में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा एकजुट होकर किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा मनमाने तरीके से दिए पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त करने के फैसले पर, वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा आलोचना किए जाने की निंदा की। मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा शीघ्र ही लोकसभा के चुनाव सम्पन होंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इस अवसर डॉ. राजीव शुक्ला, मनमोहन सिंह सैन, चौधरी उधम सिंह, राजेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह पाल, सौरभ जैन, वीर सिंह, होशियार सिंह, दिनेश अग्रवाल, सचिन प्रजापति, महिपाल सिंह चौहान, ओमकार सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

मंडी धनौरा में गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प चढ़ाते लोग। ● अमृत विचार

महात्मा ज्योतिबा फूले विचार मंच ने मनाई बुद्ध जयंती

मंडी धनौरा, अमृत विचार : गुरुवार को क्षेत्र के गांव ढ्योटी स्थिति बलवंत सिंह के आवास पर बुद्ध पूर्णिमा पर महात्मा ज्योतिबा फूले विचार मंच की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बलवंत सिंह सैनी ने की। इसके बाद महात्मा गौतमबुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार से मांग की गई कि अमरोहा जिले का नाम बदलकर पुन: ज्योतिबा फूले नगर किया जाए। इस मौके पर कृपाल सिंह सैनी, शीशपाल सैनी, चेतराम सैनी, मुकेश कुमार सैनी, गुलाब सिंह सैनी, लोकेन्द्र सैनी, धर्मपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

टीचर्स एसोसिएशन के महासचिव का स्वागत

संभल, अमृत विचार : मदरसा सिराजुल उलूम हिलाली सराय में टीचर्स एसोसिएशन मदरसा ए अरबिया उत्तर प्रदेश के महासचिव दीवान जमा खान का स्वागत हुआ। मदरसा जियाउल उलूम, मदरसा सिराजुल उलूम और मदरसा हमीदिया अशरफिया के प्रधानाचार्यों ने महासचिव दीवान जमा खान का शॉल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। महासचिव दीवान जमा खान ने हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में मदरसों के विरुद्ध दायर याचिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। केस मदरसे जीतेंगे।

संघ का तीन दिवसीय बाल वर्ग शिविर शुरू

बबराला, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का तीन दिवसीय बाल वर्ग शिविर का आरंभ गवां के जुगल किशोर महाविद्यालय में हुआ। इस बाल शिविर में बबराला जिले के सभी प्रखंड, मंडलों से बाल स्वयंसेवकों की उपस्थिति रहेगी। शिविर में बाल स्वयंसेवकों को शारीरिक दक्षता, बौद्धिक क्षमता का विकास और संस्कृति व राष्ट्र के प्रति भाव जागृत कर सफल एवं सार्थक जीवन जीने की विधा में पारंगत किया जाएगा।

बरात में आए युवक के साथ मारपीट

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव रिठाली निवासी कौशल बुधवार की रात गांव के ही युवक की बरात में शामिल होने सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला दुर्गा कालोनी में स्थित रिसोर्ट में आया था। यहां देर रात किसी बात को लेकर कौशल का चार पांच युवकों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों ने मारपीट करते हुए कौशल को घायल कर दिया।

सीटी स्कैन बंद होने से परेशान हुए मरीज

संभल, अमृत विचार : जिला अस्पताल में गुरुवार को सीटी स्कैन का काम बंद होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिन मरीजों को सीटी स्कैन कराना था, वह काफी देर तक इंतजार करते रहे। कर्मचारियों ने भी कह दिया कि अभी सीटी स्कैन में समस्या आ रही है। कंप्यूटेड टोमोग्राफी नहीं होने की वजह से मरीजों में मायूसी का माहौल भी बना। वहीं सीटी स्कैन के डॉ.रिंकू सिंह का कहना रहा कि कुछ देर के लिए नेटवर्क की समस्या आई थी। जिस कारण सीटी स्कैन नहीं हो सके। बाद में समस्या का समाधान हो गया। सीटी स्कैन मशीन चल रही है।

स्नान कर रहे युवक की गंगा में डूबकर मौत

बुद्ध पूर्णिमा पर दो ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर गंगा घाट पर पहुंचे थे ग्रामीण, इकलौते बेटे की मौत से कोहराम

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र के असदपुर गंगा घाट पर बुद्ध पूर्णिमा के पर्व पर गंगा स्नान करने के दौरान युवक की गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव ढडूमरा निवासी धर्मवीर और अतर सिंह ने नए दो ट्रैक्टर खरीदे थे। गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर दोनों ट्रैक्टरों पर सवार होकर करीब एक दर्जन लोग असदपुर गंगा घाट पहुंचे। इनमें धर्मवीर और अतर सिंह के परिवार का मुकेश (24 वर्ष) पुत्र मैकू सिंह भी था। गंगाघाट पर लोग स्नान करने लगे। इस बीच मुकेश गहरे जल में पहुंच गया और डूब गया। आसपास के लोगों ने मुकेश को बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। गोताखोर भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से तलाश शुरू की। करीब एक घंटा बाद युवक को गंगा से बाहर निकाला गया। मुकेश को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. रोहित कुमार ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया। मुकेश इकलौता बेटा था और उसकी शादी चार साल पहले थाना क्षेत्र के गांव असदपुर निवासी गजेंद्र सिंह की बेटी रेखा से हुई थी। पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। परिजन मुकेश के शव को गांव ले गए।

युवक की गंगा में डूबकर मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

गंगा तट पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। साथ में एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा व सीओ आलोक सिद्धू। ● अमृत विचार

गंगा में उतराता मिला बुलंदशहर के छात्र का शव

बबराला, अमृत विचार : राजघाट गंगा पर बुलंदशहर निवासी इंटर के छात्र का निर्वस्त्र शव मिलने से श्रद्धालुओं में सनसनी फैल गई। पुलिस ने नाविकों की मदद से शव को बाहर निकाला। युवक का शव एक दिन पुराना प्रतीत हो रही है क्योंकि अधिक दिन होने पर शव को जलीय जीव नोंच लेते हैं लेकिन शव पर चोट का निशान नहीं है। युवक की आयु करीब 20 वर्ष होने की चर्चा रही। शव निर्वस्त्र था, जिससे अनुमान लगाया गया कि युवक किसी घाट पर गंगा स्नान के दौरान डूब गया होगा। युवक का शव बहते हुए यहां तक आ गया होगा। जांच पड़ताल से पता चला कि शव बुलंदशहर जिले के थाना छतारी अंतर्गत गांव लधुपुरा के ऋषभ का था। ऋषभ कर्णवास गुरुकुल विद्यालय में इंटर का छात्र था।

बुधवार को ऋषभ मामा विनोद शर्मा के साथ नहाने के लिए कर्णवास गंगाघाट पर पहुंचा था। वहां नहाते वक्त ऋषभ गंगा में डूब गया। गोताखोरों और एसडीआरएफ टीम ने तलाश किया लेकिन ऋषभ नहीं मिला। गुरुवार को ऋषभ का शव राजघाट गंगाघाट तक पहुंच गया। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

ट्रक में घुसा कंटेनर, चालक सहित दो लोग हुए घायल

संवाददाता, संभल/सिरसी

अमृत विचारः हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर चालक ने ट्रक के इमरजेंसी ब्रेक लगाये तो कंटेनर पीछे से ट्रक में घुस गया। इस हादसे में चालक सहित दो लोग घायल हो गए। आनन फानन में घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। यातायात प्रभावित हुआ तो पुलिस ने ट्रकों को हटवाकर मार्ग को खुलवाया।

मथुरा निवासी चालक रामवीर गुरुवार की सुबह चार बजे संभल की ओर से कंटेनर लेकर मुरादाबाद मार्ग पर सिरसी की ओर जा रहा था। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर गांव आबाद वाली के पास कंटेनर के आगे लेकर जा रहे चालक ने ट्रक के अचानक से ब्रेक लगा दिए। जिससे रामवीर कंटेनर पर नियंत्रण नहीं कर पाया और कंटेनर पीछे से ट्रक में घुस गया। इस हादसे में रामवीर व एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों ने रामवीर को कंटेनर से बाहर निकाला और मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से रामवीर को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। दस बजे के आसपास पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क से कंटेनर व ट्रक को हटवाकर यातायात बहाल कराया।

संभल में आपस में भिड़े ट्रक व कंटेनर।

- सड़क पर घंटों खड़े रहे ट्रक व कंटेनर, यातायात हुआ प्रभावित
- पुलिस ने ट्रकों को हटवाकर मार्ग को खुलवाया

असमोली के बुकनाला में जुलूस निकालते शिया मुसलमान। ● अमृत विचार

ईरानी राष्ट्रपति की शहादत पर निकला जुलूस, हुआ मातम

संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद हुए ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और साथियों की याद में असमोली क्षेत्र के गांव बुकनाला सादात में लोगों ने जुलूस निकाला। जुलूस गांव में स्थित दरगाह ए आलिया बाबुल हवाइज से शुरू हुआ। जुलूस में युवाओं, किशोरों और पुरुषों ने हिस्सा लिया। विभिन्न रास्तों से होकर जुलूस दरगाह ए हुसैनी पर समाप्त हुआ। लोगों ने शहीदों की याद में मातम किया। लोगों ने हादसे के आरोपियों को सजा दिए जाने की मांग उठाई। इस दौरान इमामे जुमा व जमात मौलाना सैयद ईसार हुसैन नकवी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

बच्चों को जूता, यूनिफार्म मुहैया कराने के लिए सप्ताह भर में पूरी होगी तैयारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- शिक्षा निदेशक बेसिक ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये निर्देश

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों के छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क यूनिफार्म, स्वेटर, बैग, जूता मौजा एवं स्टेशनरी खरीदने को धनराशि डीबीटी के माध्यम से माता-पिता एवं अभिभावकों के खातों में भेजने के लिए तैयारी शुरु हो गई है। शिक्षा निदेशक बेसिक ने जिला बेसिक अधिकारियों को बैंक खातों को आधार से लिंक कराने और नियमित अनुश्रवण एवं समीक्षा करते हुए कार्य 30 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को विभिन्न सामग्री मुहैया कराने के लिए उनके माता, पिता अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजी जाती है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। शैक्षिक सत्र 2024-25 में डीबीटी से लाभांवित किए जाने के लिए गत शैक्षिक सत्र में पाए आउट हुए छात्र छात्राओं की प्रोन्नति सत्यापित किए जाने, नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के अभिभावकों के विवरण को प्रेरणा पोर्टल पर अथवा एप के माध्यम से पंजीकृत किए जाने, अभिभावकों का आधार प्रमाणित किए जाने का जिक्र किया गया है। जिसके तहत संभल जनपद में प्रोन्नत छात्र छात्राओं की संख्या 144752 है। 4740 नए छात्र हैं और 12884 डिलीट हो चुके हैं। जबकि 136608 छात्र छात्राएं हैं। कहा है कि शिक्षकों के स्तर से 80516 छात्र छात्राओं को वेरीफाई किया गया है। बीईओ स्तर पर 55948 और बीएसए स्तर पर 8809 छात्र छात्राएं लंबित हैं। शिक्षा निदेशक बेसिक ने कहा है कि डीबीटी के माध्यम से बच्चों को सामग्री खरीदने से संबंधित धनराशि उपलब्ध कराने के लिए सभी तैयारियां 30 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाएं। लाभार्थी के माता, पिता अभिभावकों के बैंक खाते आधार से लिंक कराने, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को नियमित अनुश्रवण एवं समीक्षा करते हुए कार्य पूर्ण कराना के निर्देश दिए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि निर्देश मिलने के बाद काम शुरु कर दिया गया है।

सार संक्षेप

संभल में शरबत वितरण करते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

संघ ने वितरित किया ठंडा शरबत, लोगों को मिली राहत

संभल, अमृत विचार : मानवाधिकार जागरूकता संघ की ओर से भीषण गर्मी में मुरादाबाद मार्ग पर सबील लगाकर लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया। चिलचिलाती धूप में पसीना टपकने के बीच लोगों को शरबत का सेवन करके राहत मिली। गुरुवार को दोपहर में संस्था की ओर से मिलन गार्डन पर लगी सबील में तमाम लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। कहा गया कि संस्था ने भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडा शरबत बांटने की पहल की है। इसका मकसद लोगों को राहत पहुंचाना है। लोगों ने पहल की सराहना की। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष वेदपाल सिंह, चौधरी हेमेंद्र सिंह, डॉ.पुनीत चौधरी, अनूप कुमार, दीपक कुमार, अभिषेक यादव, सचिन श्याम पाराशर, सुभान अशरफी, हरीश प्रजापति आदि रहे।

जिला अस्पताल परिसर में खिचड़ी बांटते संस्था के सदस्य। ● अमृत विचार

वर्क संस्था ने जिला अस्पताल में लोगों को बांटी खिचड़ी

संभल, अमृत विचार : वर्क के सदस्यों ने गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में साप्ताहिक जनता रसोई का आयोजन किया। जिसमें तमाम लोगों को खिचड़ी वितरित की। भोजन का सेवन करके लोगों ने राहत महसूस की। संस्था के सदस्यों ने लोगों को बताया कि संस्था का हेड ऑफिस रामपुर में है। साप्ताहिक जनता रसोई देश के 45 से अधिक जिलों में आयोजित की जाती है। जिसमें अध्याय के सदस्य सहयोग करते हैं। वर्क संस्था शांति, एकता, सेवा, ज्ञान, सहयोग लिए कार्य करती है। जनता रसोई आयोजन के साथ गर्मी में शरबत और सर्दी में चाय वितरण, अनाथ आश्रम और वृद्धाश्रम में लोगों के साथ समय बिताना, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आदि कार्य संस्था करती है। इस दौरान मुहम्मद यामीन, मुहम्मद परवेज, मुहम्मद अज़ीम, वामिक अनवर आदि रहे।

बबराला में कथा प्रवचन में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने का संदेश दिया

बबराला, अमृत विचार : नगर के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में हो रही श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने मंत्रों के साथ हवन में आहुतियां दीं और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति की ओर चली श्रीमद भागवत कथा में कथा वाचक गौरव देव शर्मा ने लोगों को भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने का संदेश दिया। कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। गुरुवार को विधिविधान से पूजा कराई गई। दोपहर में हवन के बाद शाम को भंडारा हुआ। इस दौरान राधे कृष्णा, आचार्य पंडित श्याम बिहारी महाराज, अतुल गोयल, अभय टेस्टी, अजय गोयल, सोनू गिरि, लक्ष्मीकांत शर्मा, शिव कुमार वार्ष्णेय, गोपाल वार्ष्णेय, ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

संपत्ति विवाद में मां व बहनों के साथ मारपीट

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद में सगे भाइयों ने मां व बहनों को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के मुहल्ला हिंदूपुरा खेड़ा निवासी ताहिर की पत्नी फरीदा का संपत्ति को लेकर अपने बेटों उस्मान व सूफयान से विवाद चल रहा है। आरोप है कि गुरुवार को भी इसी बात को लेकर सगे भाई अपनी मां फरीदा के घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए फरीदा के साथ मारपीट करने लगे। मां को बचाने पहुंची उसकी बेटी हबीबा, महरुन और जैनब के साथ भी सगे भाइयों ने मारपीट की। जिसमें हबीबा गंभीर घायल हो गई। जिसके बाद सगे भाई धमकी देते हुए भाग गए। फरीदा ने थाने पहुंचकर अपने बेटों के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

प्रेमिका के विवाद को लेकर चार बच्चों के पिता ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचारः चार बच्चों का पिता अपने शादीशुदा होने की बात छिपाकर प्रेमिका को घर लेकर आया तो विवाद खड़ा हो गया। एक तरफ जहां पत्नी व बच्चों ने विरोध किया तो वहीं प्रेमिका ने भी कह दिया कि वह पहले से शादीशुदा व्यक्ति के साथ नहीं रहेगी। इसके बाद चालक ने कब्रिस्तान में पेड़ पर फंदे से लटककर जान दे दी।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लूसराय निवासी चालक अंशुल उर्फ अनू 42 वर्ष शाहजहांपुर निवासी रुचि के साथ शादी होने के बाद 16 वर्ष से बदायूं जिले में बिसौली में रह रहा था। दंपती के एक बेटा और तीन बेटी हैं। गुरुवार की सुबह साढे 11 बजे अंशुल एक युवती को साथ लेकर अपने घर हल्लू सराय आया था। यहां आने के बाद अंशुल व युवती ने आपस में शादी करने की इच्छा जताते हुए परिजनों को बताया। अंशुल के पिता विनेश कुमार ने शादी का विरोध करते हुए युवती के परिजनों को सूचना दी। यहां अंशुल के शादीशुदा होने की जानकारी हुई तो युवती ने अंशुल के साथ रहने से मना कर दिया। कलह बढ़ी तो क्षुब्ध होकर अंशुल प्लास्टिक की डोरी लेकर मुहल्ला के पास स्थित टीले वाले कब्रिस्तान में पहुंचा और पेड़ से डोरी बांधकर फंदे पर लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अंशुल का शव फंदे से उतारा और पंचनामा भरकर अंशुल का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

चालक की मौत के बाद मौके पर पहुंचे लोग व जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- शादीशुदा होने की बात छिपाकर प्रेमिका को घर ले आया था चालक

पति की मौत के बाद बिलखती उसकी पत्नी।

पांच माह से चल रहा था युवती से प्रेम प्रसंग

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लूसराय निवासी विनेश कुमार मुंशी ने बताया कि जनवरी माह से बेटे का शाहजहांपुर के एक गांव निवासी युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। अंशुल व युवती दोनों आपस में बातचीत करते और जब भी मौका मिलता मिलते जुलते रहते थे। प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर मंगलवार की शाम अंशुल का अपनी पत्नी रुचि से विवाद हुआ था। आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़कर रुचि को अंशुल से बचाया था। जिसके बाद अंशुल प्रेमिका के घर चला गया था।

प्रेमिका ने किया इनकार तो मौत को लगाया गले

संभल, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लूसराय निवासी अंशुल को शादीशुदा होने की जानकारी होने पर प्रेमिका ने उससे शादी के लिए मना किया था। इसी बात से क्षुब्ध होकर अंशुल प्रेमिका को घर छोड़कर मौत को गले लगाने के लिए अपने घर से कब्रिस्तान आया था। मौत की जानकारी होने पर सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे थे, लेकिन प्रेमिका अंशुल को आखिरी बार देखने के लिए मौके पर नहीं पहुंची।

प्रेमिका का पता चलते ही आ पहुंची थी पत्नी

संभल, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लू सराय निवासी अंशुल गुरुवार की सुबह अपनी प्रेमिका को लेकर घर आया था। प्रेमिका के साथ घर पहुंचने की जानकारी होने पर अंशुल की पत्नी रुचि भी पीछे पीछे बिसौली से घर आ गई थी। जब रुचि घर पहुंची तो अंशुल की प्रेमिका को उसके शादीशुदा होने के बारे में जानकारी हुई।

भाभी से दुष्कर्म करने का आरोपी देवर गिरफ्तार

संभल, अमृत विचारः नखासा थाना क्षेत्र में भाभी के साथ कमरे में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोपी देवर को पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी महिला ने रविवार को अपने देवर सुलेमान के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा था कि शाम चार घर के अंदर कमरे में अकेली सो रही थी। देवर सुलेमान ने कमरे में पहुंचकर महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद सुलेमान ने किसी को बताने पर धमकी देते हुए महिला को घर से निकाल दिया। गुरुवार को सुलेमान थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर चौराहे पर खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुलेमान को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने सुलेमान का चालान कर दिया।

पड़ताल संभल के मुख्य बाजारों में ग्राहकों का इंतजार करते दिख रहे व्यापारी

भीषण गर्मी से बाजार में सन्नाटा, हाथ पर हाथ रखे बैठे दुकानदार

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : पारा चढ़ने से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त है वहीं कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। आलम यह है कि लोगों के घरों से नहीं निकल रहे है, बाजार में सन्नाटे जैसा माहौल है। व्यापारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। कारोबार में गिरावट दिख रही है। ऐसे में व्यापारी चिंतित है।

कई दिनों से पारा ज्यादा रहने के कारण लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। सुबह, दोपहर और शाम को सिर्फ जरूरी काम के लिए ही बाजारों और अन्य स्थानों का रुख कर रहे हैं। बाजार में जाकर खरीदारी से तो लोग बहुत कम कर रहे हैं।आन लाइन व्यापार फल फूल रहा है। लोग घर बैठे सामान मंगाना पसंद कर रहे हैं। माल क्लचर ने भी छोटे दुकानदारों को प्रभावित किया है। जिसका असर बाजारों में दिख रहा है। दोपहर होते ही मुख्य बाजार में सन्नाटा पसर जाता है। भीड़भाड़ वाले बाजार में व्यापारी ग्राहक की बाट जोहते रहते हैं। कपड़ा, जूता, जेवर और अन्य दुकानों पर व्यापारी खाली बैठे दिख रहे हैं। गुरुवार को भी ऐसा ही नजारा दिखने के लिए मिला। व्यापारियों का कहना रहा कि भीषण गर्मी की वजह से कारोबार सिमटकर रह गए हैं।

संभल में दोपहर के समय खाली बैठे दुकानदार। ● अमृत विचार

पारा पहुंचा 39 डिग्री सेल्सियस, टपकता रहा पसीना

संभल, अमृत विचार : गुरुवार को भी सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली। लोगों ने कामकाज वाले स्थानों का रुख किया तो पसीने में तरबतर हो गए। चेहरों को धूप से बचाने के लिए कपड़े से ढका तो आंखों पर चश्मों का इस्तेमाल किया गया। फिर भी लोग दिक्कतों से जूझते नजर आए। दोपहर के वक्त तो गर्मी असहनीय हो गई। लोग घरों में कैद हो गए तो बाजारों, मुख्य मार्गों और गली मुहल्लों में सन्नाटा रहा। पारा 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के कारण लोग बेहाल रहे।

गर्मी के दिनों में लोवर और टी शर्ट की मांग बढ़ी है लेकिन लोग खरीदारी की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। इसका कारण भीषण गर्मी है। लोगों का इंतजार करते हुए समय व्यतीत करना पड़ता है। **-अमोध**

पूरे बाजार में दुकानें खाली पड़ी है। दोपहर में भी ग्राहकों के नहीं होने से सन्नाटे का माहौल है। हालांकि सुबह और शाम को इक्का-दुक्का ग्राहक आ जाते हैं। कारोबार पर असर पड़ रहा है। **-शुभम रस्तोगी**

सुबह 11 बजे के बाद बाजार में सन्नाटा पसरने लगता है क्योंकि ग्राहक नहीं आते। दिनभर खाली बैठने के बाद रात 8 बजे के बाद कुछ बिक्री होती है। भीषण गर्मी से कारोबार प्रभावित हो रहा है। **-निलयम रस्तोगी**

गर्मी के मौसम में अच्छे काम कारोबार की उम्मीद रहती है लेकिन इस साल गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि ग्राहक घर से निकलने की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहा है। सुबह दुकान खोलते हैं और कुछ दकानदारी होती है और शाम को फिर कुछ ग्राहक आते हैं। दोपहर को खाली ही बैठे रहते हैं। **- दिनेश**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

वाक्सायका वदनात्रिष्पतन्ति यैराहतः शोचति रात्र्यहानि।
परस्य नामर्मसु ते पतन्ति तान् पण्डितो नावसृजेत् परेभ्यः॥

शब्द रूपी बाण सीधा दिल पर जाकर लगता है जिससे पीड़ित व्यक्ति दिन-रात घुलता रहता है। इसलिए ज्ञानियों को चाहिए कि कटु वचन बोलने से बचें।

संपादकीय

रक्षा क्षेत्र का मजबूत घटक

डिजिटलीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रही दुनिया में साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय रक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है। भारत के लिए भी साइबर सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। साइबर सुरक्षा के मामले में भारत की दक्षता ऐसे क्षेत्र में महत्वपूर्ण है जहां साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा जोखिम पैदा करते हैं। विदेशी हैकर्स विभिन्न भारतीय संस्थानों पर साइबर हमले कर डेटा की चोरी कर लेते हैं और काम भी ठप कर देते है। रक्षा सूत्रों के अनुसार विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन के हैकर्स द्वारा सैन्य प्रणालियों में सेंध लगाकर जानकारी चुराने और व्यवधान पैदा करने के प्रयास किए जाते हैं। ऐसे में भारतीय सेना के लिए भी साइबर सुरक्षा बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए सेना की ओर से कई स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। भारत ने सूचना और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी क्षमताएं विकसित की हैं। हमारे साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षा नेटवर्क को मजबूत करने, उन्हें साइबर हमलों से बचाने और बहुत संवेदनशील सूचनाओं को गलत हाथों में पड़ने से बचाने के लिए काम कर रहे हैं। साइबर क्षेत्र में भारत की रक्षा क्षमताओं को विस्तार देने के महत्व को देखते हुए रक्षा साइबर एजेंसी द्वारा साइबर सुरक्षा अभ्यास शुक्रवार तक आयोजित किया जा रहा है। रक्षा साइबर एजेंसी को साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने का काम सौंपा गया है। यह भारतीय सशस्त्र बलों की एक त्रि-सेवा कमान है जो साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए जिम्मेदार है।

यह आयोजन तेजी से उभरते हुए और महत्वपूर्ण साइबर क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। निश्चित रूप से भारतीय सेना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही है। साइबर सुरक्षा परिदृश्य में सुधार के लिए भारत में कई पहलें और नीतियां अपनाई गई हैं, जैसे राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, साइबर सेल एवं साइबर अपराध जांच इकाइयां, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम। हालांकि, ये प्रयास अभी भी अपर्याप्त हैं, क्योंकि भारत को तकनीकी कर्मचारियों, साइबर फोरेंसिक सुविधाओं, साइबर सुरक्षा मानकों और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में देश में व्यापक और अद्यतन कानून बनाने की आवश्यकता है जो साइबर सुरक्षा के सभी पहलुओं, जैसे साइबर आतंकवाद, साइबर युद्ध, साइबर जासूसी और साइबर धोखाधड़ी को दायरे में ले। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए साइबर क्षेत्र में सभी संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल होना जरूरी है।

भारतीय दर्शन और पर्यावरण संरक्षण

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था।

विगत वर्षों में जलवायु परिवर्तन की समस्या जिस तेजी के साथ पूरे विश्व समुदाय के सामने मुंह फैलाएं खड़ी है, यह काफी चिंतनीय है। आज न केवल भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या के हल को निकालने के लिए प्रयासरत हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या को दूर करने हेतु दिसंबर-2009 में कोपेनहेगन सम्मेलन का आयोजन किया था, जबकि भारत में इसके कई हजार वर्ष पूर्व में ही यह निर्णय ले लिया था कि प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाए। इसके लिए प्राचीन काल में ही हमारे यहां वैदिक ग्रंथों में कई मौसम संबंधित देवताओं जैसे-इंद्र वर्षा के देव, वायु के देवता, अरण्य-वन की देवी इत्यादि का उल्लेख किया गया है तथा इनके कार्यों की विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। ऐसा माना जाता था कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं है। भारतीय संस्कृति का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि यहां पर्यावरण संरक्षण का भाव अति पुरातन काल में भी मौजूद था, परंतु उसका स्वरूप भिन्न था। उस काल में कोई राष्ट्रीय वन नीति या पर्यावरण पर कार्य करने वाली संस्थाएं नहीं थीं। भारतीय दर्शन यह मानता है कि इस देह की रचना पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक-पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश से हुई है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के संरक्षण को बहुत महत्व दिया गया है। यहां मानव जीवन को हमेशा मूर्त या अमूर्त रूप में पृथ्वी, जल, वायु, चंद्र, नदी एवं पशु-पक्षी के सहचर्य के रूप में देखा गया है।

पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन, जल पर निर्भर है, लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है। पर्यावरण आज एक वैश्विक अवधारणा है, हम पर पर्यावरण संरक्षण की विशेष जिम्मेदारी है, न केवल सौंदर्य मूल्य के लिए, बल्कि जीवनयापन के लिए भी। मनुष्य प्रकृति की सबसे बड़ी रचना है। इसलिए यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो यह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बन सकता है, जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगा जिसमें कला, साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। भारतीय परंपरा में धार्मिक कृत्यों में वृक्ष पूजा का बड़ा महत्व है। वट वृक्ष को पूज्य मानकर अटल सुहाग से संबद्ध किया गया है, भोजन में तुलसी का भोग पवित्र माना गया है, जो कई रोगों की रामबाण औषधि है। विल्व (वेल) वृक्ष को भगवान शिव से जोड़ा गया है और ढाक, पलाश, दुर्वा एवं कुश जैसी वनस्पतियों को नवगृह पूजा आदि धार्मिक कृत्यों से जोड़ा गया है। कुछ वृक्षों एवं पौधों को इतना पावन माना गया है कि उनकी कल्पना यह है कि विभिन्न देवी एवं देवताओं ने उनमें अपना स्थान बना लिया है।

पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन, जल पर निर्भर है, लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है।

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था। पर्यावरण का संरक्षण हमारे नित क्रियाकलापों से जुड़ा था। भारतीय विचारधारा में जीवन का विभाजन भी प्रकृति पर ही आधारित था। चार आश्रम में से तीन तो पूरी तरह से प्रकृति के साथ ही व्यतीत होते थे। उपनिषदों में भी लिखा है-हे अश्वरूप धारी परमात्मः बालू तुम्हारे उदरस्थ अर्धजीर्ण भोजन है, नदियां तुम्हारी नाड़ियां हैं, पर्वत-पहाड़ तुम्हारे हृदय खंड हैं, समग्र वनस्पतियां, वृक्ष एवं औषधियां तुम्हारे राम सदृश्य हैं। ये सभी हमारे लिए शिव बनें। हम नदी, वृक्षादि को तुम्हारे अंग स्वरूप समझकर इनका सम्मान और संरक्षण करते हैं। हमारे महर्षि जानते थे कि पेड़ में भी चेतना होती है। इसलिए उन्हें मनुष्य के समतुल्य माना गया है। ऋग्वेद से लेकर वृहदारण्यकोपनिषद, पुराण और मनुस्मृति सहित अन्य वाङ्मयों में इसके संदर्भ मिलते हैं। छांदोग्योपनिषद में उद्दालक ऋषि अपने पुत्र स्वेतकेतु से आत्मा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वृक्ष जीवात्मा से ओत-प्रोत होते हैं और मनुष्यों की भांति सुख-दुःख की अनुभूति करते हैं। मत्स्यपुराण में एक वृक्ष के रोपण को दस पुत्रों की संतान के समान बताया गया है।

जल स्रोतों का भी भारतीय परंपरा में बड़ा महत्व है। शुद्ध जल के बिना भी जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जल स्रोतों को बचाए रखने के लिए इन्हें विभिन्न धर्मों एवं धर्म ग्रंथों में इन्हें सम्मान दिया गया। मनुष्य एवं पशु परस्पर एक दूसरे पर निर्भर हैं। वेदों में भी अनेक स्थानों पर यह प्रार्थना की गई है कि पृथ्वी, जल औषधियां हमारे लिए शांतिप्रद हों और यह शांतिप्रद तभी हो सकती हैं जब हम इनका पूरे सम्मान के साथ सभी स्तरों पर व्यापक संरक्षण करें। तभी भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की इस विराट अवधारणा की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी जिसकी आज के समय में केवल मानव जीवन ही नहीं अपितु संपूर्ण प्राणि जगत के लिए महत्वपूर्ण है तथा समस्त प्रकृति और ब्रह्मांड को संतुलित करने के लिए आवश्यक भी।

हजारों वर्षों से नदी, वायु, जल, सूर्य, वन, पशु-पक्षियों की पूजा करते चले आ रहे हैं, क्योंकि ऐसा माना जाता रहा कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक हैं। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं हैं। पृथ्वी का लगभग एक तिहाई भाग प्राकृतिक संरक्षण के लिए समर्पित था। वेद, उपनिषद, पुराण और अन्य शास्त्रों में पेड़-पौधों और वन्य जीवन के साथ-साथ समुदाय के लिए उनके महत्व का विस्तृत वर्णन किया गया है। पेड़ों को भारतीय घरों में रहने का एक अनिवार्य हिस्सा माना जाता है। मानव जीवन के लिए पौधों और पेड़ों के महत्व को वराह पुराण में और अधिक स्पष्ट किया गया है जिसमें स्वर्ग प्राप्त करने के साधन के रूप में नियमित वृक्षारोपण की वकालत की गई है। मत्स्य पुराण और पद्म पुराण में भी महान वृक्षारोपण समारोह-वृक्ष महोत्सव का वर्णन है। भारत एक ऐसा देश है जिसने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर रहना सिखाया है। ऋग्वैदिक युग से लेकर आज तक के लगभग सभी विचारकों ने प्रकृति के महत्व पर बल दिया। गांधीजी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों के लिए पर्याप्त है, उसके लालच के लिए नहीं। अगर हम अपने पवित्र ग्रंथों में देखें तो हमें वैदिक काल से ही पर्यावरण के बारे में भारतीय संस्कृति की चेतना मिलती है। अथर्ववेद में लिखा है माता भूमि पुत्रहेन पृथ्वी का अर्थ है कि 'भूमि' या पृथ्वी हमारी माता है और मैं पृथ्वी का पुत्र हूं। अथर्ववेद में ऋषियों ने पृथ्वी की प्रार्थना करते हुए कहा है कि यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो वह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बनती है, जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगी जिसमें कला, साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। ऋग्वेद और उपनिषदों में भी पशुओं के संरक्षण की वकालत की गई है। उपनिषदों में पशुओं के प्रति हिंसा और मानव बलि को प्रतिबंधित किया गया है। मनुष्य की तरह पशु और पेड़ भी ईश्वर की रचना हैं। फिर उन्हें नष्ट करना हिंसा नहीं तो और क्या है? वृक्ष शुद्ध वायु, छाया, वर्षा, फल, फूल और मानसिक संतुष्टि प्रदान करते हैं। भारतीय परंपरा में धार्मिक कार्यों को पर्यावरण से जोड़कर उनका संवर्धन एवं संरक्षण किया गया है। यदि हम सभ्यता में सिंधु सभ्यता की मुहरों को देखें तो पाते हैं कि उन मुहरों पर पशुओं एवं वृक्षों के चित्र अंकित रहते थे।

सम्राटों द्वारा अपने राज चिन्ह के रूप में वृक्षों एवं चिन्हों का प्रयोग किया जाता था। गुप्त सम्राट बांस को पूज्य मानते थे। मार्गों में पेड़ की छाया पथिक को मिल सके इसके लिए वृक्षारोपण किया गया। चित्रकारी में प्रकृति के अनुपम छटा को हम प्रकृति के प्रेम से ही जुड़ा मानते हैं। कहते हैं कि परम्पराएं मूल्यों से सिंचित होती हैं और मूल्य जितने विशुद्ध रूप में परंपराओं से घुलते हैं, परंपराएं उतनी ही उर्वरता व ताजगी के साथ पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को ऊर्जा व पोषण प्रदान करती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम समय-समय पर मुड़कर पीछे अपनी पोषणदायिनी परंपराओं व जीवन दृष्टि को आज के साथ जोड़ें, क्योंकि हमारे आज के बीते हुए कल के बीज से ही आने वाले भविष्य का निर्माण होता है। भारतीय दर्शन इन्हीं परंपराओं और मूल्यों को आत्मसात करते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्'' अर्थात् पूरी पृथ्वी ही हमारा घर है, को लेकर आगे बढ़ रही है।

प्रसंगवश

वीर की मुक्ति समर भूमि में होती है

प्रताप सिंह बारहठ की पुण्यतिथि पर

कुंवर प्रताप सिंह बारहठ का जन्म 24 मई 1893 को उदयपुर में श्यामलदास की हवेली में हुआ। शिक्षा दयानंद जैन बोर्डिंग स्कूल में हुई। बाल्यावस्था में पिता श्री केसरी सिंह बारहठ ने प्रताप सिंह को सशस्त्र क्रांति की शिक्षा हेतु अर्जुन लाल सेठी को सौंप दिया, जहां से वो मास्टर अमीचंद के साथ रास बिहारी बोस के क्रांतिकारी दल का हिस्सा बन गए।

प्रताप अंग्रेजों की अमानवीय यातनाओं को सहते हुए मुख पर मुस्कान लिए शहीद हो गए। वहीं अंग्रेज अफसर की आंखों में आंसू थे। वह अफसर था चार्ल्स क्लिवलेंड जिनके शब्द थे "मैंने प्रताप जैसा व्यक्ति नहीं देखा। हमने उसे हराने के लिए यातनाओं का अंबार लगा दिया, पर वह सिंह की भांति लड़ा, शहीद हो गया, पर झुका नहीं, हम हार गए और वो जीत गया"। अंग्रेजों ने राजपूताने में क्रांति को ज्यादा हवा न मिले इसलिए प्रताप को वही बैरक में ही दफना दिया। दिल्ली हार्डिंग बम कांड- प्रताप सिंह बारहठ और इनके काकोसा जोरावर सिंह बारहठ ने 1912 मे चांदनी चौक में हार्डिंग पर बम फेंका था जिसमें हार्डिंग घायल हो गया और महावत की मृत्यु हो गई। जोरावर सिंह बारहट तो कभी पकड़े नहीं गए। इनके खिलाफ वारंट निकला, अमरदास बैरागी के नाम से चंबल के आसपास रहकर क्रांति में योगदान देते रहे। प्रताप और ईश्वर दान जी आशिया (जिजोसा) दोनों को गिरफ्तार किया गया, परंतु सबूतों के अभाव में छोड़ दिया गया।



अजय राज शर्मा
बरेली

एक दिन अंग्रेजों ने कुटिल चाल चली। प्रताप को पिता केसरी सिंह से मिलवाने हजारीबाग जेल ले गए। हजारीबाग जेल में प्रताप को पिता की दयनीय स्थिति बताकर पिता-पुत्र के हृदय को द्रवित करने के लिए एक दूसरे के सामने खड़ा कर दिया जिससे कि सहसा दोनों के आंखों से आंसू निकल जाए। दाता की काल कोठरी के सामने प्रताप खड़े हैं। गवर्नमेंट के ऑफिसर दाता से अनुरोध करते हैं कि ठाकुर साहब प्रताप को समझाइए कि वह सच-सच बात बता दे। दाता अपने वीर पुत्र को कहते हैं कि 'प्रताप जानता है कि तू केसरी सिंह की संतान है, अगर प्राणों के मुंह से अथवा किसी अन्य प्रलोभन से तू विश्वासघात कर बैठा तो याद रखना मैं स्वयं तेरे को गोली मार दूंगा।' लाख जतन के बाग भी प्रताप अपने निर्णय से डिगे नहीं।

अंग्रेज अब हार चुके थे। चार्ल्स क्लीवलैंड ने बरेली जेल में प्रताप से चर्चा की कि तेरी माता बहुत दुखी है। तेरे लिए बहुत रोती है, तू हमें अपने साथियों के नाम और गुप्त जानकारियां दे दे। इतना तो तू अपनी मां के लिए कर ही सकता है। यह अंग्रेज ऑफिसर चार्ज क्लीवलैंड का अंतिम प्रयास था ताकि वह प्रताप को मां माणिक कवर की परिस्थितियों का देखकर उसे तोड़ सके, परंतु प्रताप सिंह बारहठ कहते हैं कि 'यदि मैं सब गुप्त बातें प्रकट कर दूं तो और भी कितने लोगों की माताएं ठीक मेरी माता के समान कष्ट पाएंगी। एक माता के बदले और कितनी माताओं को तब हाहाकार करना पड़ेगा। एक अमर वाक्य प्रताप सिंह बारहठ द्वारा बोला गया कि 'मेरी माता रोती है तो रोने दो, मैं मेरी माता को हंसाने के लिए हजारों माताओं को रुला नहीं सकता'। प्रताप ने सीना चौड़ाकर आगे कि कहा, 'वीर की मुक्ति समरभूमि में होती है। यदि आप सचमुच मुझे मुक्त करना चाहते हैं तो मेरे हाथ में एक तलवार दीजिए। फिर चाहे जितने लोग आ जाए। आप देखेंगे कि मेरी तलवार कैसे काई की तरह अंग्रेजी नौकरशाहों को फाड़ती है'।

प्रताप की इस प्रकार की दृढ़ता देख अंग्रेज अफसर आश्चर्यचकित हो रहे थे कि मात्र 22 वर्ष का बालक और इतना साहसी निर्भीक कैसे हो सकता है! अंग्रेज अफसर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। शारीरिक रूप से निर्बल हो चुके प्रताप ने उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की सेंट्रल जेल में अंग्रेजों के अमानवीय अत्याचार को सहते हुए, हंसते-हंसते 24 मई 1918 को अपने प्राण त्याग दिए।

कचरे की समस्या का उपयुक्त समाधान पुनर्चक्रण

अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं।

भारत दुनिया में कचरा पैदा करने वाला सबसे बड़ा देश है, जहां हर साल करीब 30 करोड़ टन से भी ज्यादा सॉलिड वेस्ट पैदा हो रहा है, लेकिन हम इसका 60 फीसदी ही निस्तारित कर पाते हैं। बाकी यह इधर-उधर ही पड़े रहकर पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। यह कचरा जल, वायु और भूतल प्रदूषण का कारण बन रहा है। देश में 75 फीसदी से ज्यादा कचरा खुले में डंप किया जाता है।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट बताती है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे ज्यादा कचरा उत्पन्न होता है। इस मामले में दिल्ली ने मुंबई, बेंगलूरु और हैदराबाद जैसे शहरों को काफी पीछे छोड़ दिया है। इन शहरों में भी इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक जैसे कचरे को अलग-अलग करने और सही ढंग से रीसाइक्लिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इन शहरों में लैंडफिल साइट भर चुकी हैं। प्लास्टिक या कचरे को कई जगहों पर जलाया जाता है। किसी भी जगह नई लैंडफिल साइट का लोग विरोध करते हैं, क्योंकि इससे कई प्रकार का प्रदूषण होता है।

इस समय दुनिया में प्रतिवर्ष 201 करोड़ टन से ज्यादा ठोस कचरा पैदा हो रहा है। इसका एक तिहाई बेहद खतरनाक तरीके से वातावरण में फेंका जा रहा है, जो आने वाले समय में वातावरण के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक ठोस कचरे का कुल उत्पादन बढ़कर 340 करोड़ टन तक पहुंच सकता है, जो दुनिया के लिए बड़ी समस्या बनकर उभर सकता है। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगर इस ठोस कचरे के सही तरीके से निस्तारण की व्यवस्था की जाए तो यही कचरा एक नए विकसित उद्योग की जगह ले सकता है और यह रोजगार उपलब्ध कराने का एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। उनका कहना है कि प्रति व्यक्ति ठोस कचरे का उत्पादन सबसे ज्यादा आर्थिक स्तर पर निर्भर करता है।

गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं। यह मात्रा 0.74 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से लेकर 4.54 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक अलग-अलग है। विशेषज्ञों का कहना है कि ठोस कचरे यानी ठोस अपशिष्ट को ठीक से प्रबंधित या निपटाने में विफलता होने से प्रदूषण हो सकता है। ठोस अपशिष्ट को भद्दा माना जाता है और इसे सड़क के किनारे फेंकने से अप्रिय गंध आने लगती है। ठोस अपशिष्ट के अनुचित निपटान से कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे पर्यावरण प्रदूषण, वेक्टर-जनित बीमारियों का प्रकोप, हानिकारक ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, भूजल का प्रदूषण, परिवहन के दौरान ध्वनि और सूक्ष्म धूल। बढ़ती आबादी, शहरीकरण और बढ़ती प्रौद्योगिकी ठोस अपशिष्ट प्रदूषण के कुछ कारण हैं। ठोस अपशिष्ट से जुड़ी इन समस्याओं से निपटने के लिए ठोस अपशिष्ट का पुनर्चक्रण सबसे अच्छा तरीका है। पुनर्चक्रण का मतलब है कि कचरे को नए या उपयोगी उत्पाद में बदलना। वहीं कचरे को सूखे और गीले कचरे के रूप में अलग करना, घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा करना और छंटाई के बाद इसे प्रोसेसिंग के लिए भेजना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रमुख घटक हैं।

असल में कचरे का निपटान पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। जनसंख्या बढ़ने से अपशिष्ट की मात्रा लगातार बढ़ी है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन चर्चा में इसलिए भी है, क्योंकि लगभग सभी देश बढ़ते कचरे के कुशलतापूर्वक निपटान की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अगर कचरे की रीसाइक्लिंग की बात करें तो इस मामले में जर्मनी सबसे बेहतर काम कर रहा है, जो 56 फीसदी कचरे को रीसाइकिल कर देता है। इसके बाद ऑस्ट्रिया 53 फीसदी, दक्षिण कोरिया 53 फीसदी, वेल्स 52 फीसदी और स्विट्जरलैंड 49 फीसदी रीसाइक्लिंग कर देता है। इस मामले में स्वीडन, नार्वे और सिंगापुर भी अच्छा काम कर रहे हैं।

भारत में भी रीसाइक्लिंग धीरे-धीरे एक उद्योग का रूप लेता जा रहा है। देश में कई छोटे-छोटे शहर भी रीसाइक्लिंग के मामले में बेहतरीन काम कर रहे हैं। अहमदाबाद और त्रिवेंद्रम अपने यहां के कुल कचरे का बड़ा भाग रीसाइकिल कर रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र को एक स्थाई उद्योग का स्वरूप देने के लिए बेहतर तकनीकी और आर्थिक मदद की आवश्यकता है।

सोशल फोरम

चाबहार और अमेरिकी प्रतिबंध

सचिदानंद सिंह
मुंबई

फारसी में चाबहार का अर्थ है चार बहार यानी चार वसंत। चाबहार पत्तन पर भारत और ईरान के नए समझौते की बात आते-आते हमारा वसंत बीत चुका था, पर ईरानी पठार पर बहार अपने पूरे शबाब पर थी।

समझौते की घोषणा को सुन/पढ़कर शायद सबों के मन में ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध की बात आई होगी। साथ ही यह भी कि इस समझौते के चलते पता नहीं भारत पर अब क्या कहर गिरे। जब हम लोग यह सोचकर सिहर सके तो निश्चित ही विदेश मंत्री जयशंकर और उनके सहकर्मियों ने इसे पहले से देख रखा होगा।

यदि सब कुछ देखते हुए उन लोगों ने इस समझौते को अंजाम दिया तो निश्चित ही उन्हें कुछ और जानकारियां हैं, जो हम लोगों को नहीं हैं। एक रोचक बात यह हुई है कि समझौते की घोषणा के बाद जब एक समाचार एजेंसी ने अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट से पूछा कि इस समझौते के चलते ईरानी प्रतिबंधों के भारत पर क्या असर पड़ेंगे तो सरकारी प्रवक्ता ने बस यह कहा कि बिना इसका विस्तृत अध्ययन किए हम अभी कुछ नहीं कह सकते हैं। क्या यह संभव है कि भारत ने इस पर अमेरिका से अनौपचारिक सहमति ले ली हो? विश्व के भू-राजनैतिक विभाजन में बहुत स्पष्ट रूप से चीन, उत्तरी कोरिया और रूस एक धुरी बनकर उभर रहे हैं।

पाकिस्तान व्यावहारिक रूप से चीन का उपनिवेश बनने जा रहा है। चाबहार के विकास में अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते बहुत विलंब हो चुका है। यदि और देर होती रह गई तो चाबहार का विकास चीन के हाथों जा सकता है, जो आज भी मकरान तट पर ही चाबहार से लगभग सौ मील पूरब ग्वादर पत्तन पर पसरा हुआ है।

भारत-अमेरिका के संबंधों में आई गर्मी बस चीन के चलते हैं। चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए शायद अमेरिका ईरान पर अपने प्रतिबंधों में इस मामले में कुछ ढिलाई दे।

-फेसबुक वॉल से

त्वया हिंदु भूमे भी और मुस्लिम प्रेम भी

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया।

समय-समय पर भाजपाई भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते रहे हैं और अब मुस्लिम प्रेम भी जागृत है। मेरे मित्र एक वरिष्ठ वकील एक किस्सा सुनाते थे। एक गवाह को एक नाटे आदमी को अदालत में बयान देते समय लंबा सिद्ध करना था तो वकील साहब ने बस्ते पर उसे सिखाया कि तुम बयान में कहना-'हुजूर! यों तो वे कद में कुछ छोटे थे, किंतु वह जलाल था उनके चेहरे पर कि हजारों लोगों के बीच वे लंबे नजर आते थे'। गवाह ने वैसा ही किया।

आजकल भाजपा नेताओं का भी कुछ ऐसा ही हाल है। उनके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रार्थना में ही शब्द आए हैं 'त्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितोऽहम्' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी संस्था के प्रचारक रहे हैं और शाखा में यह प्रार्थना करते रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलविहारी बाजपेयी तो कवि थे। उन्होंने एक कविता लिखी थी, जो प्रसिद्ध है, 'हिंदू तन मन हिंदू जीवन रग रग हिंदू मेरा परिचय।'

वीर सावरकर ने तो 1943 में ही 'हिंदू ध्वज को अति उच्च उठाने और हिन्दू स्वयमेव एक राष्ट्र है' जैसे शब्द अपने भाषण में कहे थे। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संप्रति चल रहे चुनावों के ठीक पहले जनवरी में संविधानिक पद पर रहकर अयोध्या के राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई और यजमान बने।

इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया। 'अयोध्या तो सिर्फ झांकी है। अभी मथुरा, काशी बाकी है' के नारों की गड़गड़ाहट व्योम मंडल में गुंजरित हुई। यह सब हिंदुत्व एजेंडा ही है। बहुत समय नहीं हुआ जब कहा जाता था, 'तीन नहीं तो तीन हजार। नहीं रहेगी एक मजार'। खैर! अब चुनाव हैं तो भाजपा ने यह आस लगाई कि कुछ जुमले फेंके जाएं तो शायद धुप्पल में कुछ मुस्लिम वोट भी मिल जाए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 'सबका डीएनए एक' होने की बात कही। पसमांदा मुस्लिम कार्ड खेला गया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में कहा कि बचपन में ईद में उनके पड़ोसी मुसलमानों के घर से खाना आता था। उनके अपने घर में खाना नहीं बनता था। अभी मोदी जी ने ताजा उद्घोष भुवनेश्वर में किया है कि 'भाजपा कभी मुस्लिमों के खिलाफ नहीं रही' तथा 'हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं' इत्यादि, लेकिन ऊपर तथ्य लिखे हैं वे तो दिन के उजाले की तरह सु-स्पष्ट हैं।

लोकसभा चुनाव में विचित्र सन्नाटा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जन लोकपाल का क्या बना, वह कहीं है कि नहीं, उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं।

लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहले कभी नहीं देखा। सन् 1952 मुझे अपने बचपन की याद है, जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर-नारी टोल के टोल बनाकर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थीं, वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था, किंतु वहां से मैंने जवाहर लाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामक मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है, पता नहीं, वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी। पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट। हिम्मत से सबको हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट। पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था, किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी, तब राम राम की जगह "जय जनता की," अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे, "जय जनता की।" अन्ना के आंदोलन में तो जनता उठकर खड़ी हो गई थी, इतनी चर्चा, इतनी चर्चा कि कुछ पूछो मत। हालांकि जनता एक बार फिर अपने को ठगा महसूस कर रही थी।

जन लोकपाल का क्या बना, वह कहीं है कि नहीं, उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है, सबको देख लिया है, किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा, अच्छा ही होगा, लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया पर जो कोलाहल हो रहा है, उसे तो सभी देख ही रहे हैं। गली मोहल्ले में, पार्क में लोग मिलते तो हैं, लेकिन खुलकर कुछ भी नहीं कहते। जनतंत्र का आधार है जनता का विमर्श और इस बार वह विमर्श गायब है, एक विचित्र सन्नाटा है।

एक नजर

हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान हुई मौत

मनोटा, अमृत विचार : ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में तीन पहले सैदनगली मनोटा मार्ग पर निजी बस की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति का उपचार के दौरान गुरुवार को मुरादाबाद निजी अस्पताल में मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव हसनगढ़ निवासी महेंद्र सोमवार को रामपुर जिले के गांव रामपुर दबका में स्थित अपनी ससुराल से साले की पत्नी व उसके तीन बच्चों को बाइक से लेकर घर आ रहा था। सैदनगली मनोटा मार्ग पर गांव भटपुरा के पास निजी बस की टक्कर से महेंद्र, महिला व उसके बच्चे घायल हो गए थे। जिसके बाद महेंद्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने महेंद्र को लेकर उपचार के लिए मुरादाबाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरुवार को उपचार के दौरान महेंद्र की मौत हो गई। जिससे परिजनों कोहराम मच गया।

आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रधानाचार्य का जवाब-तलब

संभल, अमृत विचार : सीडीओ को आश्रम पद्धति विद्यालय में गंदगी का माहौल मिला तो कार्रवाई के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी। डीएम ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया। सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने 16 मई को विकासखंड पंवासा क्षेत्र में आश्रम पद्धति विद्यालय सिहावली का निरीक्षण किया था। तब पानी की व्यवस्था ठीक नहीं मिली थी। दाल खाने लायक प्रतीत नहीं हुई। शौचालय में गंदगी मिली तो छात्रावास में भी गंदगी का माहौल नजर आया। यहां कुत्ते टहलते हुए मिले। सीडीओ ने कार्रवाई के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी थी। डीएम मनीष बंसल ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करके जवाब तलब किया है।

दो पक्ष भिड़े, तीन घायल

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी राजेंद्र के पुत्र विपिन का रिश्ता तय होने पर दावत थी। गुरुवार की शाम दावत का कार्यक्रम चल रहा था। तभी गांव के बिचौला सुरेंद्र व अन्य ग्रामीण के कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ी कि कुछ ही देर में दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे। जिससे दावत में अफरा-तफरी मच गई। राजेंद्र भी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। मगर दोनों पक्ष मारपीट पर उतारू बने हुए थे। मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गए।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 11 पर भी

बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर उमड़े श्रद्धालु, किया दान-पुण्य

दर्शन पूजन करते हुए प्रसाद चढ़ाकर मांगी मनौती, गूंजे हर हर गंगे के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर दर्शन पूजन करते हुए मनौती मांगी। गंगाघाट हर हर गंगे के जयकारों से गूंज उठे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।

गुरुवार को संभल, चंदौसी, बिसौली, बहजोई, इस्लामनगर आदि सहित आसपास क्षेत्र से श्रद्धालुओं का राजघाट गंगा घाट पर आवागमन शुरू हो गया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं का भारी सैलाब गंगा तट पर उमड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायण की कथा भी सुनी। पूर्वजों की आत्मा शांति के लिए पुरोहितों से पूजन अनुष्ठान कराया। उन्हें दान दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। गंगा किनारे बच्चों का मुंडन संस्कार कराने वाले लोग भी काफी तादाद में रहे। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद मां गंगा की पूजा अर्चना कर दुग्धाभिषेक किया। मां गंगा की आरती उतारी। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगा घाट स्थित मंदिरों की परिक्रमा कर हरिनाम का संकीर्तन किया। जिले के अनूपशहर, असदपुर, साधु मणि, हरिबाबा बांध आश्रम के गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में गंगा स्नान कर मनौती मांगी।

बबराला राजघाट पर गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

गंगा घाट पर एसपी ने देखे सुरक्षा इंतजाम

बबराला, अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर राजघाट गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा और एसडीएम रमेश बाबू ने राजघाट गंगा घाट पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ट्रैक्टर ट्राली आदि की पार्किंग व्यवस्था के लिए घाट से पहले ही रूट डायवर्ट कर वाहनों को बाईपास से निकाला गया। सीओ आलोक सिद्धू, कोतवाल संजीव बालियान पुलिस व्यवस्था पर नजर बनाए रहे। राजघाट में भीड़ भाड़ और रोड पर जाम की स्थिति को देखते हुए मीरमपुर बंध कट से ही टेंपो, ई रिक्शा आदि वाहनों की नो एंट्री व्यवस्था प्रभावी की गई।

बबराला राजघाट गंगा तट पर पूजन कराते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

करूणा के सागर थे महात्मा गौतम बुद्ध

संभल, अमृत विचार : सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत द्वारा बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मानव एकता दिवस के रूप में मनाई गई। ग्लोरियस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन स्कूल हल्लू सराय में कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, कुसुम, रूबी, चिंकी दिवाकर, रजनी कान्ता चौहान, मंजू सक्सेना, रानी प्रजापति, तेजस्वी, अमित कुमार व प्रदीप कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से महात्मा गौतम बौद्ध के चित्र पर माल्यार्पण व बुद्ध वंदना से की। कहा गया कि महात्मा गौतम बुद्ध करूणा के सागर और शांति के अग्रदूत थे। रानी प्रजापति, तेजस्वी, अमित कुमार ने भी विचार रखे। इस दौरान गगन दीप गौतम, कुसुम, रूबी, मीनाक्षी, त्रिवेदी प्रकाश सर्राफ, डॉ. यूसी सक्सेना, डॉ. शहजाद अहमद, डॉ. मोहम्मद इरफान खान, डॉ. जिकरूल हक, सुशील कुमार भगतजी, इंजीनियर सलमान अख्तर, डॉ. एएच रजा, डॉ. राजवीर सिंह, हाजी फहीमुद्दीन, मुशीर खां तरीन आदि रहे।

शांति का संदेश देता है बुद्ध पूर्णिमा का पर्व

संभल, अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर हिंदू जागृति मंच के तत्वाधान में हुई बैठक में भगवान बुद्ध के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डाला गया।

नगर के दुर्गा कॉलोनी स्थित ज्ञानदीप मंदिर जूनियर हाई स्कूल में भगवान बुद्ध के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित किए गए। शीतल गुप्ता तथा बबीता भारद्वाज ने भगवान बुद्ध के जीवन से संबंधित भजन प्रस्तुत किए। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महाप्रयाण का संयोग है। यह पावन पर्व उनके आदर्शों और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह पर्व सभी को शांति का संदेश देता है। प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता, महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने भी विचार रखे। इस दौरान पंकज सांख्यधर, सुधांशु गुप्ता, प्रखर गुप्ता, साहिल गांधी, वैभव छाबड़ा, पंकज ठाकुर, राजीव चाबा, कुशल चाबा, अमन सिंह, सरदार कुलवीर सिंह, शलभ रस्तोगी रहे। अध्यक्षता वेद प्रकाश चाहल ने तथा संचालन नवनीत कुमार एडवोकेट ने किया।

भगवान विष्णु के नवम अवतार हैं महात्मा गौतम बुद्ध

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में अध्यात्म को प्रकाश के रूप मे पूरे विश्व में फैलाने वाले महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती के अवसर पर बुद्ध पूर्णिमा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम महात्मा बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। भारतीय बुद्ध महासभा मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष सोनपाल सिंह गौतम ने बुद्ध वंदना की। जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा को बुद्ध जयंती और बैशाख के नाम से भी जाना जाता है। यह राजकुमार सिद्धार्थ के जन्म की याद में मनाया जाता है जो बाद में गौतम बुद्ध के नाम से जाने गये। सनातन हिन्दुओं के आराध्य महात्मा बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व सनातनी हिन्दू राजा शुदोधन और माता मायादेवी के यहां हुआ था। महात्मा बुद्ध को भारत के बिहार राज्य के बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान करते हुये ज्ञान की प्राप्ति हुई। सुभाष चंद्र वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि महात्मा बुद्ध को भगवान विष्णु का नवम अवतार माना गया है। योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा सभी जीवित प्राणियों के प्रति करुणा और दया एवं बुद्ध की शिक्षाओं पर विचार करने का समय है। ब्रज गोपाल गुप्ता, कमलेश गांधी, अशोक कुमार गुप्ता, डॉ. डीके अग्निहोत्री, बृजेश चौहान, प्रदीप वार्ष्णेय व प्रहलाद लोधी ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में खीर एवं सत्तू का प्रसाद वितरण किया गया। गोष्ठी में सुरेश चंद्र शर्मा, नरेश प्रताप सिंह, सुरेश सपड़ा आदि रहे।

गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

● बुद्ध पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया, विचार गोष्ठी हुई

जयंती पर गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी व सदस्य।

समारोह पूर्व मनाई गई गौतम बुद्ध की जयंती

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से गौतम बुद्ध की जयंती सीता रोड स्थित एक नर्सिंग होम में मनाई गई। जिसमें दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि राजकुमार सिद्धार्थ के मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया और वह राज्य को त्यागकर जंगलों में चले गए। एक दिन वह पीपल के वृक्ष के नीचे साधना के लिए बैठे, जब समाधि टूटी तो सभी प्रश्नों के उत्तर मिल चुके थे। अब वह राजकुमार सिद्धार्थ नहीं बल्कि भगवान गौतम बुद्ध बन गए। इस दौरान डॉ. सविता वार्ष्णेय, अब्दुल कादिर, नीतू, पवन कुमार, अंतरेश कुमार, नारायण सिंह, राहुल कुमार, हर्ष यादव, ज्योति कुमारी आदि रहे।

सार संक्षेप

बुद्ध पूर्णिमा पर ट्रेनों में रही यात्रियों की भीड़

चन्दौसी, अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा पर लोगों ने राजघाट स्थित गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का ट्रेन व निजी बसों से राजघाट जाने का सिलसिला आरंभ हो गया। दोपहर बाद श्रद्धालु गंगा में स्नान कर लौटे। जिससे ट्रेनों व निजी बसों में भीड़ रही। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए जीआरपी जवान सतर्क रहे। बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा में स्नान कर दान करने का महत्व है। पूर्णिमा को लेकर सुबह पांच बजे से ही लोगों का राजघाट स्थित गंगा घाट पर जाने का सिलसिला आरंभ हो गए। लोग ट्रेन के अलावा निजी बस व अपने वाहनों से राजघाट के लिए रवाना हुए।

ट्रेनों में सीट को लेकर मची आपाधापी।

भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत

चन्दौसी, अमृत विचार : बुद्ध पूर्णिमा पर लोगों ने शहर में जगह-जगह स्थानों पर ठंडा शरबत वितरण किया। इन स्थानों पर पहुंच राहगीरों ने भीषण गर्मी में ठंडा शरबत पीकर राहत महसूस की। गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा पर स्टेशन रोड स्थित एबीसी मांटेसरी स्कूल पर राहगीरों के ठंडा शरबत का वितरण किया गया। जिसमें विद्यालय की शिक्षिकाओं ने राहगीरों को शरबत वितरित किया। ।इसके अलावा गोशाला रोड, बड़ा बाजार, सीता रोड, बैंक रोड, ब्रह्म बाजार आदि स्थानों पर शरबत का वितरण हुआ।

ताइक्वांडो सीख सुरक्षा में आत्मनिर्भर बन रहीं बालिकाएं

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप ऑफ चांद सी चन्दौसी की ओर से एसएस इंटरनेशनल स्कूल बहजोई रोड पर समर कैंप का आयोजन हो रहा है। समर कैंप के चौथे दिन गुरुवार को बालक-बालिकाओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखे। ताइक्वांडो ट्रेनर रेखा रानी और सह ट्रेनर पूर्वी व मनन सिंह ने पंच मारना, हैमर किक, नेक सेल्फ डिफेंस सिखाया। डॉ. नीरज चौधरी ने बताया कि ताइक्वांडो को बालिकाएं अपनी सुरक्षा के प्रति भी इस्तेमाल करने का गुर सीख रही हैं। जिस अनुपात में बालिकाओं पर अपराध बढ़ते जा रहे हैं। उससे बचने में कहीं न कहीं बालिकाएं सक्षम होगी। समर कैंप में बच्चों ने पूल पार्टी का जम कर लुत्फ उठाया। मुख्य अतिथि के रूप में फेडरेशन यूनिट डायरेक्ट सीमा वर्मा, कॉर्डिनेटर उषा वार्ष्णेय उपस्थित रहीं। संचालन वीना वार्ष्णेय ने किया। इस अवसर पर डॉ. सोनल वार्ष्णेय, गीता वार्ष्णेय, रिंकी मिश्रा, दुर्गेश पाल, प्रीति वार्ष्णेय, मनोरमा वार्ष्णेय उपस्थित रहीं।

सनातन को कूड़ेदान में फेंकना चाहते हैं राहुल गांधी

संभल, अमृत विचार : कल्कि पीठाधीश्वर व पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी को कूड़ेदान में फेंकने का बड़ा तजुर्बा है। वह अब सनातन धर्म को भी कूड़ेदान में फेंकना चाहते हैं। गुरुवार को ऐंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम पर मीडिया से बातचीत के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी ने बीते 14 साल में पूरी कांग्रेस को कूड़ेदान में फेंक दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का एक ऑर्डिनेंस फाड़कर कूड़ेदान में फेंका तो इंदिरा गांधी, राजीव गांधी व सोनिया गांधी के साथ रहे कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं को भी कूड़ेदान में फेंक दिया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी कूड़ेदान मास्टर हैं। वह किसी को भी कूड़ेदान में फेंक सकते हैं। राहुल गांधी की चले तो वह इस देश को ही कूड़ेदान में फेंक दें। चुनाव में राहुल गांधी बिना सोचे कुछ भी बोलने का काम कर रहे हैं। उन्हें इस बात की चिंता नहीं कि किस बात से देश की साख पर क्या असर पड़ेगा।



नवदेवी मंदिर में संगीतमय सुंदर कांड का किया पाठ

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रास्ट की ओर से श्री गौरी शंकर नवदेवी मंदिर में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम दीन दयाल शर्मा ने सभी देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, राजेश शंखधार, प्रवीण मोहन तिवारी, पीएन शर्मा, अनिल कपूर, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं, पूनम चौधरी ने कई जन्मों से बुला रहे हो, कोई तो रिश्ता जरुर होगा आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सुधा शर्मा, मीनाक्षी पांडे, बृजेंद्र शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, सुनील गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, अशोक पाठक, सच्चिदानंद शर्मा, गुलशन अरोरा आदि मौजूद रहे।

नरौली में मूर्ति स्थापना दिवस पर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

साईं बाबा की मूर्ति स्थापना दिवस पर धार्मिक आयोजन

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पंचायत नरौली के मेन मार्केट में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में गुरुवार को साई बाबा की मूर्ति स्थापना दिवस पर धार्मिक आयोजन हुए। लक्ष्मी नारायण मंदिर में 11 साल पहले 2013 में गाजियाबाद निवासी अजय गर्ग व प्रतिमा गर्ग की ओर से साईं बाबा की मूर्ति की स्थापना कराई गई थी। तभी से हर वर्ष मूर्ति स्थापना दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम के साथ भंडारे का आयोजन किया जाता है। गुरुवार को अजय गर्ग व प्रतिमा गर्ग ने परिवार के सदस्यों के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की। भजन कीर्तन किया। आरती के बाद भंडारा किया गया। तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर दिनेश कुमार, ऊषा गुप्ता, राजा गुप्ता, सतीश गर्ग, मनोरमा गर्ग, ज्योति गोयल, सोनिषा, पूजा, कुनाल, रिमांश, वंश, गणेश चौबे, रितु भारद्वाज, संतोष गुप्ता, विष्णु शर्मा, इन्द्रेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

बुद्ध की प्रतिमा स्थापना को निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : सिद्धार्थ बुत्र विहार प्रबंध समिति एवं भारतीय बौद्ध संस्कार संघ की ओर गुरुवार को संयुक्त रुप से कैथल गेट स्थित सिद्धार्थ बुद्ध विहार में भगवान गौतम बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में युवा डीजे पर झूमते हुए जयकारे भी लगा रहे थे।

सर्वप्रथम विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। तदोपरांत फूलों से सजी बग्गी पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा को विराजमान किया गया था। सिंहासन के आगे महिलाओं की कीर्तन मंडली भजन गाती चल रही थी। डीजे पर युवा थिरक रहे थे और जयकारे लगा रहे थे। शोभायात्रा सेमर टोला, खुर्जा गेट, बड़ा महादेव, घंटाघर, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार होते हुए सिद्धार्थ बुद्ध विहार कैथल गेट पहुंच कर संपन्न हुई। जहां विधि विधान से प्रतिमा को स्थापित किया गया। बुद्ध वंदना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष संघमित्रा बौद्ध, महामंत्री भावना सागर, कोषाध्यक्ष सुषमा सिंह समेत सरोज कुमार, रामबेटी, संध्या मौर्य, श्यामकली, छाया रानी, छाया बौद्ध, गौरी बौद्ध, ममता आंबेडकर, कंचन बौद्ध समेत तमाम महिला व पुरुषों की भागीदारी रही।

भगवान गौतम बुद्ध की शोभायात्रा में कीर्तन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

● सिद्धार्थ बुत्र विहार प्रबंध समिति एवं भारतीय बौद्ध संस्कार संघ ने किया आयोजन

पुलिस के खेद जताने पर वकीलों की हड़ताल खत्म

गुन्नौर, अमृत विचार : अधिवक्ता के घर में घुसकर पुलिस द्वारा अभद्रता किए जाने के मामले में पुलिस अधिकारियों और तहसील बार प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। पुलिस की ओर से खेद जताने के बाद अधिवक्ताओं ने हड़ताल समाप्त करने का ऐलान कर दिया।

बबराला के वार्ड नंबर दो निवासी अधिवक्ता मुनेश शर्मा के घर में रात के वक्त जन्मदिन की पार्टी के दौरान पुलिस ने दबिश दी थी। इसमें पुलिस पर महिलाओं से मारपीट के साथ ही अधिवक्ता संग अभद्रता का आरोप लगाते हुए वकीलों ने हड़ताल की घोषणा की थी। गुरुवार को सीओ आलोक सिद्धू, कोतवाल संजीव बालियान और बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता में सुलह समझौता हो गया। आरोपी पुलिस वालों के खेद जताने के साथ ही अधिकारियों ने वकीलों को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

बुद्ध पूर्णिमा मनाते आंबेडकर युवक संघ के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

प्रेम ही जीवन का आधार

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : आंबेडकर युवक संघ की ओर से खुर्जा गेट स्थित आंबडेकर पार्क में बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि गौतम बुद्ध ने मानव जाति को जीवन जीने का रास्ता दिखाया। बचपन में राजपाट छोड़कर संयानी जीवन व्यतीत करने लगे और कठोर तपस्या कर उच्च स्थान प्राप्त किया। उनके विचारों को आज जीवन में उतारने की जरुरत है। उन्होंने हमेशा सिखाया कि किसी से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए। प्रेम ही जीवन का आधार है। इस दौरान सूर्यजीत सिंह, प्रवीण कुमार, नरेंद्र कुमार, प्रमोद वाल्मीकि, नंदू वाल्मीकि, योगेश कुमार, सोनिया बिंद्रा, शगुन प्रेमी, छाया बौद्ध, कैलाश चटवाल, विनोद कुमार, गवेंद्र कपिल, अरविंद आंबेडकर आदि मौजूद रहे।

बैंक के मुख्य महाप्रबंधक का गिरफ्तारी वारंट जारी

बहजोई, अमृत विचार : एफडी मैच्योर होने के बाद उपभोक्ता को धनराशि दिए जाने के आदेश का पालन नहीं करने पर आयोग ने बैंक के मुख्य महाप्रबंधक की गिरफ्तारी के लिए जमानती वारंट जारी किए हैं।

बहजोई के सूर्य प्रकाश उर्फ राजू ने पुत्री के लिए एक लाख की एफडी बैंक में कराई थी। मेच्योर होने पर भुगतान को पहुंचे तो शाखा प्रबंधक ने कहा कि आपके अकाउंट से एक लाख रुपए नहीं काटे थे। जिस कारण एफडी का भुगतान किया जाना संभव नहीं है। अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया तो आयोग के आदेश पर बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक एवं वशिष्ठ शाखा प्रबंधक ने दस दस हजार रुपए व 5000 वाद व्यय राजू को अदा कर दिया था। अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने आयोग में फिर से यह कहते हुए मुकदमा योजित किया कि धनराशि सैलरी से न देकर आदेश का उल्लंघन किया गया है।

अनदेखी मच्छर आदि कीट पनप रहे हैं, जिससे गांव में बीमारियां फैलने का अंदेशा

कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को मजबूर बौंडा फिरोजपुर के ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

अमृत विचार : विकास खण्ड बनियाखेड़ा के गांव बौंडा फिरोजपुर में प्रवेश मार्ग पर जलभराव के साथ कीचड़ पसरी हुई है। कीचड़ भरे रास्ते से ग्रामीण गुजरने को मजबूर हैं। मच्छर आदि कीट पनप रहे हैं जिनसे ग्रामीणों में बीमारियां फैलने का अंदेशा है।यहां के ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

गांव बौंडा फिरोजपुर में छह माह पहले सीसी सड़क का निर्माण हुआ था लेकिन नाला निर्माण नहीं कराया गया। जिससे घरों से आ रहे गंदे पानी का निकास बाधित है। यह गंदा पानी मुख्य मार्ग पर जमा हो रहा है। नालियां भी उखड़ी हुई हैं। ग्रामीणों को गांव से बाहर आने जाने के लिए कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। महिलाओं, बुजुर्ग व बच्चे आए दिन कीचड़ में फिसल कर चोटिल हो रहे हैं। साथ ही गर्मी का मौसम है। ऐसे में मच्छर पनप रहे हैं। जिससे संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा है। वीरवती, दुर्गा दैवी, सुधा, सुमित, राजेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, रंजीत सिंह, राजेश कुमार, राममूर्ति, आदेश यादव आदि ग्रामीणों ने नाला निर्माण की मांग की है।

बौंडा फिरोजपुर में मुख्य रास्ते पर जलभराव से गुजरते बच्चे। ● अमृत विचार

तीन हैंडपंप भी खराब पड़े

चन्दौसी, अमृत विचार : ब्लॉक बनियाखेड़ा के गांव बौंडा फिरोजपुर में गांव के मुख्य मार्ग पर जल भराव के साथ-साथ भीषण गर्मी में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गांव में तीन सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं। किसी में हत्था नहीं है तो किसी से पेयजल नहीं मिल रहा है। अमरपाल, इंद्रपाल व रईस के मकान के सामने सीसी मार्ग पर लगे हुए सरकारी हैंडपंप पिछले काफी दिनों से खराब पड़े हैं।

छह माह से गांव के मुख्य रास्ते में पानी भरा रहता है। गांव वालों को पानी में होकर ही गुजरना पड़ रहा है। पानी के निकास के लिए नाला बन जाए ताकि रास्ते में जल भराव ना हो। -करुं सिंह,

मैं पैरों से पूर्ण विकलांग हूं, मैं जब भी अपनी ट्राई साइकिल से इस रास्ते से होकर गुजरता हूं तो बहुत ही कठिनाई होती है। नाले का अति शीघ्र निर्माण कराया जाए। -जीवन सिंह

हमें पशुओं के लिए जंगल से चारा लाने तथा पशुओं का गोबर टोकरी में भरकर सिर पर रखकर डालने के लिए कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। मार्ग में भरे पानी में होकर निकलते समय बच्चे गिर कर चोटिल हो जाते हैं। -विमलेश

इस रास्ते में सीसी निर्माण के बाद से गांव के पानी के लिए निकास न होने से जलभराव की समस्या रहती है। गांव से बाहर पानी जाने के लिए नाला निर्माण हो जाए तो समस्या का समाधान हो सकता है। -रोशन सिंह

एक नजर

दरगाह पर सालाना मजलिसों का दौर शुरू

नजीबाबाद/ जोगिरामपुरी, अमृत विचार : दरगाह-ए-आलिया पर चार रोजा मजलिसों का सिलसिला गुरुवार से शुरू हो गया। सुबह से शमशुल हसन हाल में मजलिस हुई। रात में नमाजे मगरिब के बाद तक मजलिसों का सिलसिला चला। यहां रविवार शाम तक मजलिसें होंगे। शिया सेंट्रल बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी दरगाह आलिया पहुंचे। आलिया कमेटी के साथ दरगाह में सफाई कराई। रहन-सहन, बिजली, पानी की व्यवस्था का जायाजा लिया। सेक्रेटरी कासिम अब्बास की कोशिश है कि दरगाह पर आने वालों को परेशानी न हो। इसके लिए काफी अच्छी इंतजाम किए हैं।

बाइक सवार को पीटने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अपने साढ़ू से मिलकर बाइक से घर जा रहे युवक को दो लोगों ने मारा पीटा। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नगर के मोहल्ला बेहड़ावाला निवासी इमरान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने साढ़ू के घर गया था। वापस जाते समय जैसे ही बाइक से घर के लिए निकला तो वहां मौजूद नबील व मोनिस ने उसके साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नबील अहमद व मोनिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अवैध खनन करते समय जेसीबी पकड़ी, सीज

कुंदरकी, अमृत विचार : गांव खनुपुरा में अवैध रूप से चल रही जेसीबी को खनन अधिकारी ने बुधवार रात्रि पकड़ा गया था, जबकि डंपर चालक अपने-अपने डंपर लेकर फरार हो गए थे। थाना प्रभारी संजय कुमार पांचाल ने बताया कि जेसीबी को खनन अधिकारी पकड़ कर लाए थे। जेसीबी को सीज कर दिया गया है।

दुकान से हजारों का सामान चोरी, दी तहरीर

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर स्थित दुकान से चोरी हजारों रुपये का सामान ले गए। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के बड़ा बाजार निवासी मोहित कुमार ने पुलिस को बताया कि मकान के नीचे उसकी परचून की दुकान है। गुरुवार दोपहर दो बजे वह दुकान से घर गया था। उसने वापस आकर देखात तो दुकान का गल्ला खुला था।

दोहरे हत्याकांड का बदला लेने को की थी शाहनवाज की हत्या

कोर्ट में शाहनवाज की हत्या करने वाले सुमित को हुई उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : बिजनौर, अमृत विचारः 28 मई 2019 को नजीबाबाद के प्रॉपर्टी डीलर हाजी अहसान और उसके भांजे शादाब की उनके ऑफिस में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी मिठाई के डिब्बे में हथियार लेकर पहुंचे थे।

शाहनवाज ने शूटर जब्बार और दानिश से दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिलाया था। इसके बाद दिल्ली से शाहनवाज को गिरफ्तार किया गया था। इस दोहरे हत्याकांड का बदला लेने के लिए हाजी अहसान के बेटे साहिल ने साथी अकराज और शूटर सुमित के साथ मिलकर कोर्ट में शाहनवाज की हत्या की थी। कोर्ट में हुई शाहनवाज की हत्या से सनसनी फैल गई थी। आरोपी उसके मरने तक गोलियां बरसाते रहे थे। गोलियों की तड़तड़ाहट से जजी परिसर में अफरा तफरी मच गई थी।

हत्यारोपी सुमित को कोर्ट में पेशी पर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

मुख्तार अंसारी का करीबी था शाहनवाज

कोर्ट में जान गंवाने वाला शाहनवाज पूर्वांचल के डॉन रहे मुख्तार अंसारी का करीबी बताया जाता था। शाहनवाज ने भी नजीबाबाद क्षेत्र में प्रॉपर्टी के कारोबार पर कब्जा करने के लिए हाजी अहसान को रास्ते से हटवा दिया था। हाजी अहसान हत्याकांड का मामला अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में विचाराधीन है।

हादसे में युवक की मौत, अस्पताल के बाहर छोड़कर भागा कार चालक

संवाददाता, किरतपुर (बिजनौर)

अमृत विचार : गांव कसौर में गुरुवार शाम एक बाइक सवार युवक को कार ने रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक युवक को अपनी कार में डालकर नगर के एक निजी अस्पताल के बाहर कार सहित छोड़कर फरार हो गया। शहर इंचार्ज शिव कुमार ने कार को कब्जे में ले लिया है। युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

बताया गया है कि गांव कसौर में हरीराज चौहान का परिवार रहता है। उनका एक मकान किरतपुर में भी है। गुरुवार शाम उनका पुत्र प्रशांत चौहान (22) बाइक से किरतपुर आ रहा था। तभी कार ने उसे रौंद दिया। इससे उसकी मौत हो गई। शहर इंचार्ज शिवकुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

परिजनों की ओर से देर शाम तक शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ था। अग्रिम कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट व शिकायती पत्र प्राप्त आने के बाद अमल में लाई जाएगी। कार चालक की तलाश में पुलिस जुट गई है। जल्द ही कार चालक पुलिस की गिरफ्त में होगा।

सूत्रों के अनुसार, मृतक प्रशांत के पिता का कुछ समय पहले ही हृदय रोग की परेशानी के कारण नोएडा के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रशांत की एक बड़ी बहन और है जिसका विवाह पूर्व में हो चुका है। प्रशांत के माता-पिता का बुढ़ापे का प्रशांत ही एक सहारा था।

आरोपी चालक की कार।

● गांव कसौर में हुआ हादसा पुलिस ने कार कब्जे में ली

सार-संक्षेप

समर कैंप में निखरती है बच्चों की प्रतिभा :अदनान

हॉर्स राइडिंग करते बच्चे।

सहसपुर, अमृत विचार : देहात धामपुर हाइवे स्थित एचएम कॉन्वेंट मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। बच्चों के बीच विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। इस दौरान अदनान इकबाल ने छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रधानाचार्य डॉ. अरशद ने कहा कि समर कैंप से बच्चों की प्रतिभाएं निखरती हैं। समर कैंप के अंतर्गत हॉर्स राइडिंग, स्विमिंग, क्लासिकल वेस्टर्न बॉलीवुड, डांसिंग, पेंटिंग, क्राफ्टिंग, मेहंदी, योगा, कुकिंग, संगीत, जूडो-कराटे, इंग्लिश स्पीकिंग, मिक्की माउस, जंपिंग जेक्स आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबंधक आफताब आलम ने करियर का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान मोहम्मद फरमान, मोहम्मद फरहान, नाजरीन परवीन, रजिया परवीन, फसीहत आदि रहे।

हावर्ड स्कूल में समर कैंप में बच्चों ने किया प्रतिभाग

समर कैंप में योग करते छात्र-छात्राएं।

कांठ, अमृत विचार : गढ़ी स्थित हावर्ड कान्वेंट स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न एक्टिविटी कराई गईं। समर कैंप का आरंभ विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह व प्रधानाचार्य रणजीत कौर ने किया। डांस, पेंटिंग, क्राफ्टिंग, मेहंदी, एंब्रायडरी, कुकिंग, इंग्लिश स्पीकिंग, वाटर पार्क, म्यूजिक, योगा, फोटोग्राफी, कैरम, फुटबॉल, क्रिकेट, टेबल टेनिस, बास्केटबाल, वालीवाल में बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

श्रीराम कॉलेज के डायरेक्टर को मिली उपाधि

पीएचडी की उपाधि मिलने के बाद शिक्षकों के साथ डॉ. रामकृष्ण सिंह।

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : श्रीराम गोपाल कॉलेज सुल्तानपुर दोस्त के डायरेक्टर रामकृष्ण सिंह ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है। उनको पीएचडी की उपाधि शिक्षा शास्त्र विषय से की है। उन्होंने शोध कार्य डॉ. राकेश कुमार आजाद के निर्देशन में पूर्ण किया है। उनको विश्वविद्यालय में बुधवार को उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरेट की उपाधि पूर्ण करने में पिता धर्मराज सिंह का मुख्य योगदान रहा।

दुष्कर्म के प्रयास में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मैनाठेर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में में किराना की दुकान से सामान लेने गई किशोरी को कार सवार तीन युवकों द्वारा अगवा करने, छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास में तीन के खिलाफ तहरीर दी है। किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को कार सवार तीन युवक रय्यान, गुलाम, बाबू का बेटा अगवा कर ले गए थे। बाद में लोगों के पीछा करने पर किशोर को छोड़कर युवक भाग गए थे। पीड़ित ने शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार की देर शाम किशोरी गांव में किराने की दुकान पर सामान लेने के लिए जा रही थी। आरोप है कि इस दौरान कार से तीन युवक रय्यान, गुलाम व एक अन्य आये और किशोरी को अगवा कर कार में डाल कर ले गए। किशोरी के भाई ने तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

किन्नर को पीटने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : क्षेत्र में एक किन्नर द्वारा बधाई मांगने का विरोध करने पर विरोधी किन्नर को पीटा गया। पुलिस ने पीड़ित किन्नर की तहरीर पर आरोपी किन्नर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महमूदपुर माफी निवासी बबली किन्नर का कहना है कि मुमताज किन्नर निवासी महमूदपुर माफी 24 अप्रैल की शाम उसके निर्धारित इलाके में आकर बधाई मांग रही थी। आरोप है कि जब उसने अपने इलाके में बधाई मांगने से मना किया तो मुमताज किन्नर ने उसे गाली दी और लात घूसों से मारना पीटना शुरू कर दिया। जब वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर दिया तो वह उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चली गई।

बड़े बकाएदारों के काटे कनेक्शन

ठाकुरद्वारा/ सुरजन नगर, अमृत विचार : विद्युत विभाग के एसडीओ शैलेंद्र कुमार व जेई समर पाल सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को टीम ने सुरजन नगर क्षेत्र में बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाकर कनेक्शन काट दिए। इससे विद्युत विद्युत उपभोक्ताओं को गर्मी में परेशानी हुई। एसडीओ ने बताया कि सूरजन नगर चौकी क्षेत्र के कस्बे में ताज मार्केट, बस स्टैंड, नजर पत्तीबहापुर में उन विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं, जिनका बिजली का बिल 10 हजार रुपये से अधिक है।

जंगल सफारी दौरे के मौके पर मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

छात्र-छात्राओं ने किया जंगल सफारी का दौरा

छजलैट, अमृत विचार : भीकनपुर स्थित राजेंद्रा अकादमी के विद्यार्थियों ने जंगल सफारी का दौरा किया। शिक्षकों ने बताया कि यह सफारी दौरा स्कूल के वार्षिक शैक्षिक कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य बच्चों को प्रकृति और वन्य जीवों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरे में कक्षा-12 के 20 विद्यार्थी, तीन शिक्षकों और एक गाइड ने भाग लिया। सफारी का आयोजन प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क रामनगर में किया गया था। छात्रा नंदनी ने कहा कि यह सफारी दौरा मेरे जीवन का सबसे अद्भुत अनुभव था। स्कूल की प्रधानाचार्य सरिता रानी ने सफारी दौरा टीम और शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

भगवान बुद्ध के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर गुरुवार को जिला सैनी सभा के कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किए। कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. वीर सिंह सैनी, करन सिंह सैनी, बीके सैनी, मनमोहन सिंह सैनी, किशन लाल सिंह सैनी, जयप्रकाश सिंह सैनी, जिला महामंत्री किशन सिंह सैनी, वेद प्रकाश सिंह सैनी, चंद्रपाल सिंह सैनी, विनोद सैनी, अशोक सैनी आदि मौजूद रहे।

मुकदमा वापस न लेने पर गाली-गलौज करने का आरोप

कुंदरकी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव चकहवीबपुर की रहने वाली महिला ने कुछ लोगों पर हत्या के मुकदमे को वापस लेने का आरोप लगाया है। थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रामलती ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 22 मई को वह अपने गांव से महलौली को दवा लेने जा रही थी। तभी गांव के ही बलवंत, धर्मवीर, राहुल व सोनू ने गाली गलौज की। हत्या के मुकदमे को वापस नहीं लेने पर धमकी दी। बताया कि किसी बात लेकर हुए विवाद में धर्मवीर, राहुल, रामवीर व अन्य लोगों ने रामलती के पति हरज्ञान सिंह की हत्या 19 दिसंबर 2023 को हत्या कर दी थी।

चार साल के बच्चे पर ईंट से हमला, घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गाव दुल्हापुर पट्टी निवासी राजेन्द्र सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका चार साल का बेटा घर के बाहर खेलने गया था। गांव के ही कुछ लोगों ने उसे गाली दी। एक आरोपी ने अपने आठ वर्ष के पुत्र से उस पर ईंट से हमला कराकर घायल कर दिया। पिता ने अपने बेटे सुनील को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

मोबाइल चोर पकड़कर पुलिस को सौंपा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव मलपुरा लक्ष्मीपुर निवासी ग्राम प्रधान रिफाकत चौधरी का भाई ठाकुरद्वारा में बाजार से सामान लेने आया था। इस दौरान उसकी जेब से मोबाइल चोरी कर आरोपी भागने लगा। लेकिन लोगों ने उसे मोबाइल सहित पकड़ लिया।

किशोरी को भगा ले जाने का आरोप, दी तहरीर

नहटौर, अमृत विचार : महिला ने गांव के ही एक युवक पर नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर घर में रखे सोने चांदी के आभूषण व नकदी ले जाने और शिकायत करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को तहरीर दी है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को गांव का ही योगेंद्र अपने भाई अजय, आकाश, पिता यशवीर, मां सुमन की मदद से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वह घर में रखे दो तौले सोने, 100 ग्राम चांदी के आभूषण, 18,200 रुपये की नकदी व जरूरी कागजात ले गई है। जब वह आरोपी युवक के घर शिकायत करने पहुंची तो आरोप है कि उसके परिजनों ने उसे गालियां दीं। जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया है।

बौद्ध महासभा ने निकाली धम्म यात्रा

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : बौद्ध महासभा के कार्यकर्ताओं ने धम्म यात्रा निकालकर समाज को जागृत करने का संदेश दिया।

बुद्ध पूर्णिमा पर गुरुवार को भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश शाखा नगीना की ओर से सुबह 11 बजे मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा से झाकी व बैंड बाजे के साथ शुरू हुई धम्म यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई दोपहर एक बजे स्टेशन रोड स्थित बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर पार्क में पहुंची। समाज के प्रबुद्ध लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यात्रा धम्म सभा में परिवर्तित हो गई। महेंद्र सिंह बौद्ध की अध्यक्षता व सूर्यकांत गौतम के संचालन में धम्म सभा में अनेक वक्ताओं ने समाज को जागृत किया। इस दौरान डॉ. शैलेंद्र, विक्रम कुमार, सुनिल सैनी, जसवंत सैनी, राजवीर सिंह, अरुण कुमार आदि शामिल रहे।

धम्म यात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

पौधरोपण कर मनाई बुद्ध पूर्णिमा

नजीबाबाद, अमृत विचार : महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों ने बुद्ध पूर्णिमा पर पौधरोपण किया। भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि भगवान ने बोधि वृक्ष के नीचे आत्मज्ञान की प्राप्ति की थी। भगवान बुद्ध को प्रकृति से बड़ा मोह प्यार था। यही कारण है कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन प्रकृति की गोद में ही बिताया। उन्होंने कहा कि आज मानव पर्यावरण का दोहन कर रहा है। पेड़ों को काटने से पर्यावरण दूषित हो रहा है। पौधरोपण हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए तोहफा होगा। पौधरोपण करने वालों में पंडित चेतन शर्मा, सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, प्रदीप कुमार, अमित चौहान, आदित्य अग्रवाल, देवेंद्र प्रजापति, सागर कुमार, आयुष्मान चंद्रा, हनी चंद्रा, आकाश भटनागर, हर्ष शर्मा आदि रहे।

गर्मी से राहत दिलाने को युवा व्यापारियों ने रहागीरों को बांटा शरबत

किरतपुर, अमृत विचार : भीषण गर्मी को दुखते हुए युवा व्यापारियों ने रहागीरों को शरबत पिलाया। शरबत पीकर रहागीरों ने राहत की सास ली। गुरुवार को नगर के मुख्य बाजार में युवा व्यापारियों द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शरबत पिलाया गया। नगर में दिन-प्रतिदिन युवाओं एवं समाजसेवियों द्वारा जगह जगह गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत वितरण किया जा रहा है। शरबत वितरण कार्यक्रम में सबसे पहले मनोज अग्रवाल ने शरबत वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया। शरबत वितरण करने वालों में मुख्य रूप से हितेश मेहरा, ललित कुमार, पार्थ अग्रवाल, दिव्यम अरोरा, अनव अग्रवाल, मोहम्मद आसिफ, सुहेल, सलमान आदि युवा व्यापारी मौजूद रहे।

हवन में आहुति देतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

कथा के समापन पर किया हवन

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : श्रीराम कथा समापन के बाद 11 जोड़ों ने हवन में 108 आहुतियां दीं। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

श्री रामलीला परिसर में बिजनौर के कथा वाचक कृष्णकांत शास्त्री ने नौ दिन तक भगवान श्री राम की कथा सुनाई। भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरणा दी। बुधवार को कथा के समापन बाद गुरुवार सुबह हवन किया गया। परीक्षित के रूप में रचना पत्नी विजय कुमार उर्फ सीटू, ममता पत्नी धर्मपाल सिंह चौहान, रेखा पत्नी महेंद्र सिंह एडवोकेट सहित 11 जोड़ों ने हवन में 108 आहुति दी। कथा वाचक ने हवन के महत्व पर चर्चा की।

इस अवसर पर आयोजकों ने क्षेत्रीय दानदाताओं के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे के प्रसाद को ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

पति की हत्यारोपी पत्नी को भेजा जेल

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव कनोबी में शराब पीने से नाराज पत्नी ने पति को खांट से बांधकर लाठी डंडों से मार डाला था। इस मामले में पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। अब पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह पति की हरकत से परेशान थी। उसका इरादा हत्या का नहीं था, लेकिन उसे नहीं पता था कि उसके पति की मौत हो जाएगी। गांव कनोबी निवासी 35 वर्षीय नेपाल सिंह पुत्र भीकम सिंह शराब पीकर घर पहुंचा था। इस बीच उसकी पत्नी ने नाराज होकर उसे खाट से बांध डाला। उस पर लाठियां से बार किया। लाठियां से बार करते समय मुंह में कपड़ा भी ठूंस दिया था। भाई की हत्या के मामले में दूसरे भाई धर्मेंद्र सिंह ने पत्नी अनीता के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी अनीता को गिरफ्तार कर लिया।

प्रदर्शन कर भूमि का मुआवजा मांगा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में किसान मुरादाबाद-काशीपुर नेशनल हाइवे के लिए अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजे से वंचित किसान रामू वाला गणेश चौराहे से फैजुल्ला नगर को जाने वाली सड़क के पास एकत्र हुए। अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार, अधिकारी किसानों के साथ धोखा कर रहे हैं। जनवरी-फरवरी में किसानों की फसलों को काटने का समय भी नहीं दिया। फसलों को मशीनों से बर्बाद करवा दिया गया, लेकिन अभी भी रामूवाला गणेश के 70 प्रतिशत किसान मुआवजा से वंचित हैं। कुछ किसानों की तो कुल भूमि ही अधिग्रहित की गई। किसान मुरादाबाद जिला स्तरीय कार्यालयों के चक्कर काटते काटते थक गए हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला है।

रामू वाला गणेश के पास नेशनल हाइवे के लिए बाईपास की भूमि पर काम चलने के कारण गांव में तमाम धूल उड़ कर जा रही है। इससे ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं। कई बार किसानों ने काम करवाने वाले कर्मचारियों से धूल उड़ने के संबंध में शिकायत की है। कहा कि किसान एक जून से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

इस दौरान जिला महासचिव कॉमरेड कैलाश सिंह, भीम सिंह, आशुतोष कुमार, बलराम सिंह, करमवीर सिंह, पंकज कुमार, सूर्य प्रकाश, विवेक चौधरी, अशोक पाल, पिंटू ,प्रदुम आदि मौजूद रहे।

प्रदर्शन करते अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के सदस्य। ● अमृत विचार

दहेज के लिए महिला का उत्पीड़न, शिकायत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव मानावाला निवासी दयावती पत्नी विपिन ने बताया कि उसने अपनी बेटी आकांक्षा की शादी छह माह पूर्व गांव भायपुर निवासी अलखेंद्र के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद ससुराल वाले आकांक्षा पर मायके से 5 लाख रुपये और बाइक की मांग को लेकर दबाव बनाने लगे। उसने दहेज का विरोध किया तो उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया।

आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे जेठ को पीटा

मुरादाबाद, अमृत विचार : बहू से छेड़खानी करने वाले आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे जेठ के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामला कटघर थाना के दस सराय चौकी क्षेत्र का है। महिला ने बताया कि 18 मई को शाम करीब 5 बजे वह घर पर अकेली थी। उसी समय पड़ोसी घर में घुसकर छेड़खानी और अश्लीलता की। विरोध करने पर आरोपी पप्पू धमकी देकर मौके से भाग गया।

हृदय गति रुकने से बिलारी शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन का इंतकाल

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर स्थित बड़ी मस्जिद के पास घर में ही गुरुवार सुबह शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन (80) का इंतकाल हृदय गति रुकने से हो गया। उनके जनाजा की नमाज असर की नमाज के बाद आइडिया ग्राउंड में अदा की जाएगी। उनका दफन सुमाली कब्रिस्तान में होगा।

बताया गया कि लगभग 23 वर्ष पहले बिलारी नगर में वह शहर इमाम नियुक्त किए गए थे। शहर इमाम ने अपनी तालीम बरेली शरीफ के मदरसा मंजरे इस्लाम से आलिम, फाजिल कारी का कोर्स मुकम्मल किया था। इसके बाद ग्राम उमराला में इमामत के दौरान कुरआन हिफ्ज किया था। नगर की कई मस्जिद और मदरसों में उन्होंने तालीम दी। मदरसा रजा ए मुस्तफा, अंजुमन अहले सुन्नत, मदरसा फैजुल उलूम, मदरसा गुलशन-ए-तेरा, मदरसा फैज-ए-मुस्तफा, जमा मस्जिद बिलारी, मियां साहब वाली मस्जिद, साबरी मस्जिद, रजा मस्जिद, ईदगाह बिलारी की खिदमत को अंजाम दिया। इनकी छह बेटियां हैं। बड़ी बेटी आयशा आसमा की शादी ग्राम शाहबाजपुर में और आरिफा की और नजमा की शादी बिलारी में की। फातिमा की शादी हल्द्वानी में की है। अब एक बेटी और एक बेटा आविवाहित है। नाजरा और मोहम्मद नोमान को छोड़ा है। वे अपनी मां के साथ रहते हैं।

● क्षेत्र के कई मदरसों और मस्जिदों में निभाई जिम्मेदारी

पूर्व प्रवक्ता विजयपाल सिंह का निधन

बिलारी, अमृत विचार : नगर बिलारी में स्टेशन रोड स्थित रामरतन इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व नगर अध्यक्ष ठाकुर विजयपाल सिंह का निधन हो गया। उनके निधन की जगह हृदय गति रुकना बताई गई है। उनका अंतिम संस्कार दोपहर दो बजे हुई। इस दौरान समस्त क्षत्रिय समाज के लोग, शिक्षा विभाग, नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे

मेधावी छात्र को सम्मानित करते आईपीएस ऋषभ रुनवाल, साथ में अन्य।

मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : नगर के सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को आईपीएस ऋषभ रुनवाल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। सम्मानित छात्र छात्राओं में भविष्य, हुमैरा, मोहम्मद अमीरा हमजा, अक्षय प्रताप सिंह, सिमरन जहां, गौरी विश्नोई, यशराज, रूपिंदर कौर, भुवनेश, अब्दुल बासित शामिल हैं।

इस दौरान ऋषभ रुनवाल ने अपने जीवन संघर्ष को साझा किया। कहा कि छात्रों को जिस विषय में रुचि हो वही कार्य करना चाहिए। अत्यधिक तनाव में न रहे। तनावमुक्त होकर अपना अध्ययन कार्य करें। अध्ययन के साथ साथ खेलकूद में भी ध्यान दें। परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करना महत्व नहीं रखता, बल्कि यह महत्व रखता है कि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। छात्र जीवन में अनुशासन, अध्ययन एवं अभ्यास का होना अति आवश्यक है। प्रधानाचार्य सतेंद्र चौधरी, स्कूल के फाउंडर जितेंद्र विश्नोई, मेनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अध्यापिका ममता विश्नोई, विवेक कुमार, आमिल सैफी, पारुल, सारिका, अनवार हुसैन आदि रहे।

एक नजर

23 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर, अमृत विचार : गोवंश संरक्षण स्क्वाड किच्छा ने कुंडा थाना पुलिस की मदद से ग्राम इस्लामनगर में दबिश देकर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने 23 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक कुण्डा विक्रम सिंह राठौड़ व गौवंश संरक्षण स्क्वाड टीम प्रभारी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में संयुक्त रूप से पुलिस ने ग्राम इस्लामनगर थाना कुंडा निवासी इबले हसन व इरफान को 23 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने दोनों के पास से औजार भी बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया।

जीआरपी ने लौटाया ट्रेन में छूटा यात्री का बैग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बरेली से लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रेन में यात्री का बैग छूट गया, जो जीआरपी सिपाहियों को मिल गया। गुरुवार को जीआरपी ने यात्री को बैग उसके सुपुर्द कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना उघैती क्षेत्र के गांव सोरहा निवासी मुकेश कुमार पुत्र नत्थू लाल बरेली-लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रेन से 21 मई को बरेली से चन्दौसी आए थे। यहां रेलवे स्टेशन पर उतरते समय उनका बड़ा बैग बोगी में सीट के नीचे रह गया था। जिसे राजघाट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी में तैनात हेड कांस्टेबिल राशिद हुसैन व तारिफ सिंह को बी-टू कोच की सीट नंबर 62 के नीचे अज्ञात बैग रखा होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे सिपाहियों ने

ट्रेन में छूटा बैग यात्री को लौटाते जीआरपी थाना प्रभारी।

कोच में बैठे यात्रियों से जानकारी की, मगर किसी ने बैग को अपना नहीं बताया। इसके बाद सिपाहियों ने बैग को नीचे उतार लिया और घटना की सूचना चन्दौसी जीआरपी को दी। इसके बाद आवेदक ने रेलवे ट्रोल फ्री नंबर 139 पर सूचना दी। सूचना का संज्ञान लेते हुए गुरुवार को जीआरपी इंचार्ज राजदेव पूनिया द्वारा यात्री मुकेश कुमार को बैग सुपुर्द कर दिया गया।

विवाद करते महिला सहित छह गिरफ्तार

संभल/धनारी, अमृत विचारः धनारी थाना थाना क्षेत्र के गांव उदरनपुर निवासी एक पक्ष के वेदराम व दूसरे पक्ष से सोवरन की पत्नी सीमा के बीच बच्चों को विवाद में मारपीट पर आमदा हो रहे थे। गांव हरफरी निवासी संजय जमीन के बंटवारे को लेकर अपने पिता जालिम सिंह से विवाद कर रहा था। असमोली थाना क्षेत्र के गांव हरथला निवासी अजय सिंह अपने रिश्तेदार धनारी थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी भूड निवासी ओमपाल से आने जाने के लेकर मारपीट पर आमादा हो रहा था।

गांव धनारी पट्टी लाल सिंह निवासी आसिफ व आबिद हुसैन बच्चों के बीच हुई कहासुनी को लेकर मारपीट कर रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची और वेदपाल, सीमा, संजय, अजय सिंह, आसिफ और आबिद हुसैन को गिरफ्तार कर लिया।

कई फिल्म और सीरियल में निभाए थे किरदार, चार मई को बदायूं क्लब में दी अंतिम प्रस्तुति

अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट फिरोज खान का निधन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट फिरोज खान का गुरुवार को हृदयगति रुकने से निधन हो गया। बदायूं क्लब ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। उनकी बेटी और बेटा के आने के बाद शव सुपुर्दे-खाक किया जाएगा।

शहर के मोहल्ला कबूलपुरा में छोटे सरकार दरगाह मार्ग पर रहने वाले फिरोज खान लगभग 27 साल पहले मुंबई गए थे। भाभी जी घर पर हैं के अलावा जीजा जी छत पर हैं, साहब बीबी और बॉस, हप्पू की उल्टन पल्टन, शक्तिमान, अदनान सामी के गाने थोड़ी सी लिफ्ट करा दे आदि में काम किया। अपने लुक और

इंतकाल

- **कुछ दिन पहले अपने घर आए थे, रात डेढ़ बजे तक लोगों से की बात**
- **परिजनों द्वारा जिला अस्पताल ले जाने पर रास्ते में हुई उनकी मौत**

अदाकारी के चलते बॉलीवुड मे उन्हें डुप्लीकेट अमिताभ बच्चन कहा जाता था। वह कुछ समय पहले बदायूं आए थे। यहां कई आयोजनों में शिरकत की। चार मई को बदायूं क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मतदान के प्रति जागरूक किया था। वह बुधवार रात लगभग डेढ़ बजे तक एक होटल के बाहर लोगों के साथ बैठे रहे, जिसके बाद घर चले गए। तड़के उन्हें घबराहट होने लगी। परिजन उन्हें जिला

बदायूं क्लब में मतदान के प्रति जागरूक करते फिरोज खान। (फाइल फोटो)

अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उनका बेटा और बेटी बाहर हैं। उनके आने के बाद शुक्रवार को शव सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। बदायूं क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष, स्थानीय कलाकार नंद किशोर, इजहार अहमद, आसिम पेंटर, राहुल सक्सेना, विजय मौर्य, सिम्मी नाजिर, राजीव भारती ने शोक संवेदना व्यक्त की।

म्यूजिक कमेटी ने जाहिर किया दुख

फिरोज खान के इंतकाल पर उस्ताद तालिब सुल्तानी म्यूजिक एकेडमी ने शोक जताया। संस्था के सदस्य आमिर सुल्तानी ने कहा कि आज बदायूं ने एक और कलाकार को खो दिया। फिरोज खान अच्छे अभिनय के स्वामी थे। नितिन गुप्ता, दानिश बदायूंनी, राहुल गुप्ता, सलिम रियाज, शाहबाज हुसैन, अंबर शब्बीर, गुड्डू गद्दी, जोहीब असलम ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।

लड़का या लड़की देखने को पत्नी का फाड़ा था पेट

पत्नी का गर्भपात करने और जान से मारने की कोशिश के आरोपी पति को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कोर्ट ने 50 हजार रुपये लगाया जुर्माना, अदा न करने पर भुगतना होगा छह महीने का अतिरिक्त कारावास**

अमृत विचार : एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की सहमति के बिना हसिया से उसका पेट फाड़कर गर्भपात किया। साथ ही जान से मारने की कोशिश की। विशेष न्यायाधीश (त्वरित), महिलाओं के विरुद्ध अपराध के न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने चार साल पुराने इस मामले में आरोपी पति को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। वह पूरी जिंदगी जेल में काटेगा। जुर्माना की धनराशि अदा न करने पर दोषी को छह महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव घोंचा निवासी गोलू ने 19 सितंबर 2020 को सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बहन अनीता की शादी 22 साल पहले शहर के मोहल्ला नेकपुर निवासी पन्ना लाल पुत्र नंद लाल के साथ हुई थी। अनीता ने पांच बेटियों को जन्म दिया था। जिसकी वजह से पन्ना लाल हमेशा नाराज रहता था। बार-बार अनीता को परेशान करता था और धमकाता था। अनीता ने अपने मायका पक्ष को इस बात की जानकारी दी थी। उन्होंने पन्ना लाल कोई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। कहा अगर अनीता लड़कियां पैदा करेगी तो उसे नहीं रखेगा और दूसरी शादी कर लेगा। अनीता आठ महीने की गर्भवती थी।

22 सितंबर दोपहर लगभग चार बजे पन्ना लाल ने अनीता से कहा कि वह लड़की ही पैदा करती है। वह उसका पेट फाड़कर देखेगा कि लड़का है या लड़की। उसने हसिया उठाया और अनीता की ओर बढ़ा। अनिता ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह बोला कि अगर नहीं देखने देगी तो उसे जान से मार देगा। अनिता ने विरोध किया। तो उसने जान से मारने की नीयत से गर्भवती अनीता का हंसिया से पेट फाड़ दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलने पर अनीता का मायका पक्ष पहुंचा और अन्य लोग भी आ गए। घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर महिला को बरेली रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना के दौरान हसिया बरामद किया। साक्ष्य एकत्र करके महिला की सहमति के बिना उसका गर्भपात करने और जान से मारने की कोशिश के प्रयास में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। तब से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। न्यायाधीश ने गुरुवार को उपरोक्त पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर एडीजीसी मुनेंद्र प्रताप सिंह व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद दोषी पन्ना लाल को सजा सुनाई है।

पति ने ही हेमलता की गोली मारकर की थी हत्या

बरेली/दुनका, अमृत विचार : शाही क्षेत्र में हेमलता की गोली मारकर हत्या का पुलिस ने नौ दिन बाद खुलासा कर दिया। पुलिस का दावा है कि पति राजकुमार ने हेमलता के बहनोई से अवैध संबंध होने के शक और गर्भ ठहरने की वजह से हत्या की। राजकुमार ने पहले हेमलता के सीने में तमंचे से गोली मारी और फिर सिर में गोली मारी थी। इसके बाद उसने दोस्त रामबहादुर के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी रची थी। पुलिस ने पति राजकुमार और उसके दोस्त रामबहादुररामबहादुर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। शाही के गांव बकैनिया का राजकुमार 14 मई को अपनी ससुराल शीशगढ़ के गांव मल्सा खेड़ा से लौट रहा था। राजकुमार ने पुलिस को बताया था कि बदमाशों ने लूटपाट के बाद हेमलता की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस का शक शुरुआत से ही पति पर जा रहा था। दो दिन पहले हेमलता के पिता हरीश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर राजकुमार पर हत्या करने का शक जाहिर किया था। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ तेज की और उसके बयानों के वीडियो दिखाए तो वह उलझ गया और सच्चाई बता दी। गुरुवार को ग्राम आनंदपुर बाजार के पास से राजकुमार (25) और दोस्त रामबहादुर (24) को गिरफ्तार किया है। उधर हेमलता के पिता हरीश ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने जो जेवरात बरामद किए हैं, वह उनकी बेटी के नहीं हैं।

हेमलता का रील बनाना राजकुमार को नहीं था पसंद

आरोपी राजकुमार ने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी हेमलता से मई 2023 में हुई थी। हेमलता मोबाइल से बहुत ज्यादा बातें करती थी और रील बनाने की भी शौकीन थी, जबकि उसे यह पसंद नहीं था। इस बात पर कई बार विवाद हुआ। उसने कई बार हेमलता को पीटा लेकिन वह मान नहीं रही थी।

विनायक ग्रुप की कई फर्मों पर इनकम टैक्स का छापा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : इनकम टैक्स की चोरी की आशंका के चलते लखनऊ इनकम टैक्स विभाग की टीम ने शहर में विनायक ग्रुप की कई फर्मों पर छापामार कार्रवाई की और दस्तावेज जब्त किए। यहां तक कि आवास पर भी परिजनों को नजरबंद कर पूछताछ की जा रही है। इनकम टैक्स विभाग की इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया और छापेमारी स्थलों पर व्यापारियों और नेताओं का तांता लगा रहा।

गुरुवार को सुबह दस बजे अचानक लखनऊ से आई इनकम टैक्स विभाग की टीमों का काफिला भारी पुलिस बल के साथ शहर में पहुंचा। टीम ने गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट और विनायक प्लाई सहित कई फर्मों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की। इस दौरान गल्ला मंडी में डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल, आईटीओ दीपक सिंह व मुकेश सिंह ने मार्ट में घुसते ही वहां रखे दस्तावेज जब्त कर लिए। पुलिस बल ने किसी को भी अंदर आने नहीं दिया।

इसके अलावा छह अलग-अलग टीमों ने विनायक ग्रुप की फर्म एवं उनके आवासों पर भी दबिश देते हुए परिवार के लोगों को नजरबंद कर पूछताछ शुरू कर दी। इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई की खबर पर व्यापारी नेताओं, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का तांता लग गया और हर कोई टीम से मिलने की कोशिश करता रहा। टीम ने कई घंटों तक पूछताछ की और जब फर्म स्वामी नहीं पहुंचे तो टीमों ने फर्म, दुकान और आवास पर ही डेरा डाल दिया। खबर लिखे जाने तक टीम की कार्रवाई जारी थी।

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम ZAREEN ASHRAF से बदलकर SAYYED ZARREEN ASHRAF रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम SAYYED ZARREEN ASHRAF W/o FAISAL KHAN R/o 157, NEAR WATER TANK LAJPAT NAGAR, MORADABAD से जाना व पहचाना जाये।

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम SUBHANA NAAZ से बदलकर SAYYED SUBHANA NAAZ रख लिया है। भविष्य में मुझे नये नाम SAYYED SUBHANA NAAZ W/o SAYYED ASHRAF HASAN R/o MUSTAFABAD RAMPUR ROAD DARGAH RANGEELEY SHAHBABA MORADABAD, से जाना व पहचाना जाये।

मेरा पासपोर्ट में नाम UMRA AZAMI हो गया था जबकि वास्तविक नाम UMRA AZMI W/o SIFAT ALI नि. 88, मोहल्ला सादात, तह. शाहबाद, जिला रामपुर है भविष्य में मुझे इसी नाम व पते से पहचाना जाये।
UMRA AZMI W/o SIFAT ALI
नि.88, मोहल्ला सादात, तह. शाहबाद, जिला रामपुर

बिना ठोस कारण व्यक्तिगत भूमि का सरकारी उपयोग अनुचित

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचारः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना ठोस कारण के व्यक्तिगत भूमि का सरकारी उपयोग करने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार शहर के अपशिष्ट जल को इकट्ठा करने के लिए जलाशय के रूप में उपयोग हेतु निजी भूमि पर अनावश्यक अधिकार का दावा कैसे कर सकती है। संबंधित विभाग द्वारा ऐसी कार्यवाही पर आश्चर्य होता है जो खुले तौर पर नैसर्गिक न्याय के नियमों का उल्लंघन करती है।

उपरोक्त तल्ख टिप्पणी न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने शकील और अन्य को सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि से पहले लागत के रूप में 10000 रुपए का भुगतान करने का निर्देश देने के साथ की, साथ ही लागत का भुगतान न करने की स्थिति में मामले को गुण-दोष के आधार पर निर्णीत कर दिया जाएगा। हालांकि सरकारी अधिवक्ता ने इस संबंध में एक बेहतर हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है, साथ ही यह भी बताया कि उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए मुद्दे की फिर से जांच की जाएगी। इस पर कोर्ट ने 28 मई 2024 को मामले को सूचीबद्ध कर दिया है।

दरअसल जिला मजिस्ट्रेट, संभल द्वारा कोर्ट के आदेश के अनुपालन में जवाबी हलफनामे में बताया गया कि प्रश्नगत भूमि याची की है, जिसमें पिछले 100 वर्षों से शहर का अपशिष्ट जल तालाब के रूप में इकट्ठा हो रहा है, जिस पर याची ने उपचारात्मक कदम उठाने के बजाय भूमि को मिट्टी से समतल करना शुरू कर दिया जबकि याची के अनुसार लगभग 34 बीघे जमीन को राज्य अधिकारियों द्वारा अपशिष्ट जल प्रवाहित कर तालाब में बदलने की अनुमति दे दी गई है।याची की ओर से अधिवक्ता जयंत प्रकाश सिंह ने पैरवी की।

ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में दंपती गिरा, चोटिल

चन्दौसी, अमृत विचार : रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर गुरुवार सुबह 11 बजे पूर्णागिरि एक्सप्रेस ट्रेन में चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में महिला गिर गई। जिसे पकड़ने के प्रयास में उसका पति भी गिर गया। आसपास मौजूद जीआरपी सिपाहियों ने मौके पर पहुंच दंपती को संभाला और बड़ा हादसा होने बचाया। ट्रेन रुकवाकर दंपती व उनके पुत्र को ट्रेन में बैठाकर आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

गुरुवार की सुबह 11 बजे दिल्ली से चलकर टकनपुर जाने वाली पूर्णागिरि एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंची। कुछ देर रुकने के बाद ट्रेन बरेली दिशा की ओर चलने लगी। तभी दंपती व एक 12 वर्षीय बालक के साथ दौड़ते हुए प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचे और चलती हुई एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगे। ड्यूटी पर तैनात जीआरपी सिपाहियों ने चलती ट्रेन में चढ़ने से मना किया। मगर महिला नहीं मानी और चलती ट्रेन चढ़ने लगी।

अधिवक्ता प्रत्याशियों ने किया नामांकन पत्र दाखिल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **चन्दौसी बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया आरंभ, 31 को होगा चुनाव**

अमृत विचार : चन्दौसी बार एसोसिएशन का चुनाव 31 मई को जिला न्यायालय परिसर के बार सभागार में होगा। चुनाव में विभिन्न पदों पर दावेदारी के लिए दावेदार मैदान में आने शुरू हो गए हैं। गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया आरंभ की गई। पहले दिन तमाम प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

ऐल्डर कमेटी ओर चुनाव अधिकारी की मौजूदगी में सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए गए। सभी प्रत्याशी दावेदार अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल कराने पहुंचे। चन्दौसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। वरिष्ठ खण्ड पर दो नामांकन, उपाध्यक्ष कनिष्ठ खण्ड पर चार, सहसचिव पर तीन, कोषाध्यक्ष पद पर दो, सदस्य वरिष्ठ खण्ड गवर्निंग काउंसिल पद पर छह नामांकन पत्र दाखिल किए गए। ऐल्डर कमेटी के चेयरमैन रामप्रकाश शर्मा ने बताया कि 24 मई दिन शुक्रवार को भी नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। इस दौरान ऐल्डर कमेटी के चेयरमैन समेत अनिल गुप्ता, शकील वारसी, सगीर सैफी, हरीश कुमार अरोरा एवं चुनाव अधिकारी सुरेश कुमार अग्रवाल, कृष्णौतार शर्मा, नवनीत सिंह यादव उपस्थित रहे।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

धनारी, अमृत विचारः गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सैजना अहरान निवासी राम भजन ने गुरुवार को धनारी थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

कहा कि मेरा भाई हरिकिशन बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव भकरौली में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से घरेलू सामान की खरीदारी करने गया था। भकरौली बस स्टैंड के पास बबराला की ओर से आ रही कार ने हरिकिशन की बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें हरिकिशन घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ने इलाज कराने की बात करते हुए हरिकिशन को उपचार के लिए अपनी कार अलीगढ़ अस्पताल पहुंचाया था। आरोप है कि हरिकिशन को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद चालक कार लेकर भाग आया। हरभजन ने पुलिस से कार सहित चालक को पकड़ने की मांग की है।

ग्रामीण को हाथी ने पटककर मार डाला

रामनगर, अमृत विचार : ग्राम थारी से सटे कंदला के जंगल में गुरुवार दोपहर एक ग्रामीण को हाथी ने पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं हाथी के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है।

कदला गांव के पाला सिंह (35) गुरुवार दोपहर बाइक से बंजारी गेट पर खनन में लगे अपने भाई को रोज की तरह खाना देने जा रहा था। इसी बीच आमपानी के कंपार्टमेंट नौ से अचानक एक हाथी आ गया। हाथी ने पाला सिंह को अपनी सूंड में फंसा कर कई बार जमीन पर पटका। बताते हैं कि हाथी उसे सूंड़ में लपेट कर दो सौ मीटर अंदर जंगल में ले गया जहां उसे उसने पटक दिया। जानकारी पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लहूलुहान पाला सिंह को रामनगर के सरकारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। वन कर्मचारियों के गश्त करने के साथ ही जंगल में ग्रामीणों से अकेले न जाने की अपील की गई है।

अनदेखी गहरे गड्ढे होने की वजह से कई बार बाईक, ई रिक्शा, साईकिल सवारों के साथ हो चुका है हाइसा

जलभराव से मुख्य मार्ग बना तालाब, लोगों को परेशानी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : विकासखंड असमोली क्षेत्र के गांव राजा गालबपुर में मुख्य रास्ता बदहाल है। जलभराव के कारण मार्ग ने तालाब का रूप ले लिया है। लोग गंदे पानी और कीचड़ से होकर निकलने में परेशानी का सामना कर रहे हैं। फिर भी जिम्मेदार विभाग समस्या का समाधान कराने के लिए गंभीर नहीं दिख रहे हैं।

गांव राजा गालबपुर में मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढे होने से नालियों का गंदा पानी भर गया है। मुख्य मार्ग होने के अलावा यह अन्य गांवों को भी जोड़ता है। लोग इसी मार्ग से गुजरते हैं तो दिक्कतें होती हैं। स्कूली बच्चों को भी इसी मार्ग से जाना पड़ता है। निकलने के प्रयास में कई बाइक और ई रिक्शा सवारों के साथ हादसा भी हो चुका है। इतना ही नहीं, जलभराव होने से मच्छर तेजी से पनप रहे हैं, दुर्गंध का माहौल बना हुआ है। जिस कारण संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग के हालात काफी समय से खराब हैं। संबंधित अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से सड़क निर्माण कराकर सहूलियत दिए जाने की मांग की है।

कीचड़ व जलभराव के बीच से निकलता बाइक सवार। ● अमृत विचार

मार्ग पर जलभराव के कारण बाइक और ई रिक्शा चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं होता। जिससे वाहन गिर जाते हैं। कई लोग चोटिल हो चुके हैं। सड़क का निर्माण होना चाहिए। **-बाबू खां**

.रास्ते में नालियों का गंदा पानी जमा रहने से राहगीरों को परेशानी हो रही हैं। यहां जल्द ही सड़क का निर्माण कराया जाए। जिसके बाद ही ग्रामीणों की समस्या दूर हो सकेगी। **-मो. अलकैश**

मार्ग से गुजरने वाले लोग दिक्कतों से जूझते हैं। कई ई रिक्शा पलटने से लोग चोटिल भी हुए हैं। जलभराव काफी समय से है। शिकायत करने पर भी जिम्मेदार इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे। **-मोहम्मद तौसीफ**

गांव का मुख्य रास्ता काफी समय से खराब पड़ा है। मार्ग में गहरे-गहरे गड्ढे हैं। यहां नालियों का गंदा पानी जमा हो रहा है। मजबूरी में लोग निकल रहे हैं। इस समस्या का स्थाई समाधान होना चाहिए। **-जुल्फेकार**

दुष्कर्म के आरोपी पूर्व भाजपा नेता को मिली जमानत

चम्पावत, अमृत विचार : नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने का आरोपी भाजपा से निष्कासित कमल सिंह रावत को जमानत मिल गई है। मुकदमा दर्ज होने के बाद रावत 31 दिसंबर 2023 से जेल में बंद था।

कमल सिंह रावत को उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है। कमल सिंह रावत पर चम्पावत ब्लॉक के एक गांव की एक नाबालिग लड़की के यौन शोषण करने का आरोप था।

आरोपी के खिलाफ 29 दिसंबर को चम्पावत में धारा 376, 506, 363 के साथ पॉक्सो कानून के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी जेल में बंद था। मुकदमा दर्ज होने से कुछ समय पहले तक वह भाजपा के तल्लादेश मंडल का अध्यक्ष के पद पर था।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

भाजपा पर पिछली बार से आगे बढ़ने का दबाव

अमृत विचार। छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट पड़ेंगे। 2019 के चुनाव में इन 58 सीटों में भाजपा ने 40 सीटें जीत ली थीं। बसपा और बीजद ने चार-चार, टीएमसी और जद यू ने तीन-तीन, लोजपा, आजसू और नेशनल कॉफ्रेंस ने एक-एक सीट जीती थी। इनके अलावा सपा ने भी एक सीट आजमगढ़ की जीती थी, लेकिन बाद में हुए उपचुनाव में वह इस सीट पर हार गई थी। इस तरह सपा का स्कोर शून्य और भाजपा की जीती हुई सीटों की संख्या 41 हो गई थी। इस चरण के लोकसभा चुनाव में पिछली बार कांग्रेस के साथ ही राजद, आम आदमी पार्टी या वामपंथी दलों का खाता तक नहीं खुला था। भाजपा ने हरियाणा और दिल्ली में सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी को हरियाणा और दिल्ली में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने तो उत्तर प्रदेश की 14 सीटों समेत पं. बंगाल और ओडिशा में 2019 की सफलता से आगे निकलने का भारी दबाव है।

स्कोर कार्ड-2019

भाजपा	41
बसपा	04
बीजद	04
टीएमसी	03
जद (यू)	03
लोजपा	01
आजसू	01
नेशनल कॉन्फ्रेंस	01

06 चरण का मतदान शनिवार को होगा

08 आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश

58 लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट

14 सीटों पर यूपी में 162 उम्मीदवार

झारखंड में एनडीए के सामने चारों सीटें बचाने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा तीन, आजसू एक लोकसभा सीट पर मैदान में तो कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर लड़ रहे चुनाव

अमृत विचार। झारखंड की चार लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरीडीह में 25 मई को मतदान होगा। पिछली बार एनडीए की तरफ से गिरडीह आजसू जीतने में सफल रही थी, बाकी तीन सीटों पर भाजपा जीती थी। इस बार भी आजसू गिरडीह और बाकी तीन सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। झामुमो अपने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के मुद्दे पर सहानुभूति लेने में जुटी है। ऐसे में भाजपा-आजसू के सामने अपनी सीटों को बचाए रखने की चुनौती है।

जमशेदपुर में भाजपा के सामने हैट्रिक की चुनौती

- जमशेदपुर सीट पर भी एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला है। भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, तो झामुमो विधायक समीर मोहंती ने अपनी जीत के लिए कड़ी मेहनत की है। दोनों प्रत्याशी बहरागोड़ा से विधायक रह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो और समीर मोहंती में मित्रवत संबंध थे, लेकिन 2019 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद समीर मोहंती इस बार लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो के सामने हैं। उधर, बहरागोड़ा से विधायक रहते विद्युत वरण महतो ने जमशेदपुर से 2014 का लोकसभा चुनाव जीता था। भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा कर गए हैं। समीर मोहंती के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कल्पना सोरेन रैली कर चुकी हैं।

गिरीडीह के दो विधानसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- गिरीडीह सीट के चार विधानसभा क्षेत्रों बगोदर, राजधनवार, जमुआ और गांडेय में 20 मई को वोट पड़ चुके हैं। 25 मई को गिरीडीह और डुमरी विधानसभा क्षेत्र के करीब छह लाख मतदाता वोट डालेंगे। यहां एनडीए से आजसू के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का मुकाबला इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी और टुंडी के विधायक मथुरा महतो से है। निर्दलीय जयराम महतो संघर्ष त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं।

रांची में कांग्रेस का आदिवासी-अल्पसंख्यक दांव

- झारखंड की राजधानी रांची सीट पर भाजपा सांसद संजय सेठ और कांग्रेस की यशस्विनी सहाय के बीच सीधा मुकाबला है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के देवेंद्रनाथ महतो ग्रामीण इलाकों में दौड़-भाग कर रहे हैं। कांग्रेस आदिवासी-अल्पसंख्यक मतदाताओं को गोलबंद करने में लगी है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और काम पर वोट मिलने का भरोसा है। मोदी और अमित शाह के रोड शो के बाद भाजपा उत्साह से लबरेज है, तो प्रियंका गांधी की सभा में जुटी भीड़ से कांग्रेस को जीत की उम्मीद है।

धनबाद में भाजपा-कांग्रेस दोनों में भितरघात

- धनबाद में भाजपा-कांग्रेस में सीधी जंग है। यहां भाजपा उम्मीदवार बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो को मौजूदा सांसद पीएन सिंह का टिकट कटने से राजपूत समाज की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। कुछ स्थानीय नेताओं से भितरघात का भी खतरा है। ऐसे में ढुल्लू महतो को मोदी की गारंटी और कमल निशान से ही जीत की आस है। उधर, कांग्रेस से चुनावी मैदान में उतरीं बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को भी भितरघात का डर सता रहा है। जो दिग्गज कांग्रेस नेता धनबाद से टिकट की आस में थे, वे या तो घर बैठ गए हैं या विरोध कर रहे हैं। धनबाद के पूर्व कांग्रेस सांसद और मजदूर नेता चंद्रशेखर दुबे की नाराजगी सार्वजनिक है। लेकिन झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और बाघमारा के पूर्व विधायक जलेश्वर महतो के अलावा कई नेता अनुपमा सिंह के साथ मजबूती से खड़े हैं। झामुमो और राजद का समर्थन है।



बंगाल की आदिवासी बेल्ट में फिर लहराएगा भगवा !

रोचक हुआ संघर्ष

- पिछली बार छठे दौर की भाजपा ने पांच और टीएमसी ने तीन सीटें जीती थीं

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। 2019 के लोकसभा चुनाव नतीजों के अनुसार पश्चिम बंगाल में छठे दौर की आठ सीटों में भाजपा ने पांच सीटें और तीन सीटें टीएमसी ने जीती थीं, जाहिर है इस चरण में भाजपा के सामने अपनी पांचों सीटें बचाने के साथ टीएमसी से एक या दो सीटें छीनने का लक्ष्य है। इसके चलते हर सीट पर रोचक संघर्ष हो रही है।

शनिवार को मतदान वाली सीटें राज्य में आदिवासी बेल्ट का हिस्सा है यहां संथाल जो राज्य की सबसे अधिक आबादी वाली जनजाति है, बांकुरा, पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में निवास करती है। मुंडा जनजाति पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर के पहाड़ी इलाकों में रहती है, जबकि ओरांव या कुरुख जनजाति पुरुलिया के मैदानी इलाके में रहती है।

घाटल में दो अभिनेताओं के बीच छिड़ा रहा घमासान

- घाटल लोकसभा सीट से टीएमसी के सासंद बंगाली सिने स्टार दीपक अधिकारी (देव) हैं। 2019 में देव ने भाजपा से चुनाव लड़ीं पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने सीपीआई के संतोष राणा को हराया था। अभिनेता दीपक अधिकारी देव इस बार चुनाव लड़ने के लिए अनिच्छुक थे, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें मना लिया। इस बार देव का मुकाबला एक अन्य फिल्म अभिनेता भाजपा के हिरन चटर्जी और सीपीआई के तपन गांगुली से है, जिन्हें कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है।

झारग्राम जीतने के लिए टीएमसी ने भाजपा सांसद को तोड़ा

- झारग्राम लोकसभा सीट 2019 में भाजपा के कुंअर हेम्ब्रम ने टीएमसी के बीरबाहा सरीन को हराकर जीती थी। लेकिन उन्होंने बिना कोई कारण बताए मार्च की शुरुआत में इस्तीफा दे दिया था और अब टीएमसी का दामन थाम चुके हैं। टीएमसी ने 2014 में यह सीट माकपा से हासिल की थी लेकिन 2019 में हार गई थी। भाजपा ने इस बार झारग्राम से प्रणत टुडू को मैदान में उतारा है, जो टीएमसी के कालीपद सोरेन और माकपा के सोनामणि मुर्मू (टुडू) के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। 2021 के विधानसभा चुनाव में झारग्राम की सभी सात विधानसभाएं टीएमसी ने जीत ली थीं।

तामलुक में 'खेला होबे' के रचयिता की पूर्व जज से हुई टक्कर

- तामलुक लोकसभा सीट पूर्व मेदिनीपुर जिले में है। यह सीट मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधानसबा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बीच प्रतिष्ठा का सवाल बनी है। 2019 में यहां से टीएमसी के दिव्येंदु अधिकारी जीते थे। इस बार ममता बनर्जी ने टीएमसी युवा विंग के 'खेला होबे' गाने से प्रसिद्ध हुए देबांग्शु भट्टाचार्य को उतारा है। उनका मुकाबला भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय से है जिन्होंने हाल ही में न्यायिक पद से इस्तीफा दिया था। वह टीएमसी के प्रखर आलोचक हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शिक्षक भर्ती घोटाले सहित महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय दिए हैं। इस सीट पर कांग्रेस- वाम मोर्चा गठबंधन से माकपा के शायन बनर्जी प्रत्याशी हैं। 2019 में जीते टीएमसी के दिव्येंदु अधिकारी ने 2016 में हुए उपचुनाव में माकपा की मंदिरा पांडा को पांच लाख वोटों से हराया था। सासंद सुवेंदु अधिकारी के विधायक बनने और भाजपा के साथ जाने पर यहां उपचुनाव हुआ था। 2021 के विधानसभा चुनावों में इस लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों में तीन पर भाजपा और चार में टीएमसी जीती थी।

मेदिनीपुर में फैशन डिजाइनर और अभिनेता में छिड़ी रही वोटों की जंग

- मेदिनीपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा नेता दिलीप घोष करते थे, जो अब बर्धमान-दुर्गापुर से चुनावी मैदान में उतरे हैं। 2019 में उन्होंने टीएमसी के मानस भुनिया को लगभग 89,000 वोटों से हराया। 2014 में एक्टर संध्या रॉय ने सीपीआई से टीएमसी के लिए यह सीट जीती थी। इस बार यहां फैशन डिजाइनर से नेता बनीं अग्नि मित्रा पॉल को भाजपा ने टीएमसी के अभिनेता जून मालिया और सीपीआई के बिप्लब भट्टा के खिलाफ मैदान में उतारा है। साल 1989 से 2001 के बीच सीपीआई के इंद्रजीत गुप्ता ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था।

कांथी में अधिकारी परिवार को बचाना है इस बार अपना गढ़

- कांथी लोकसभा सीट को अब अधिकारी परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां 2009 से टीएमसी के शिशिर अधिकारी सांसद हैं। इस बार कांथी से तीन बार के टीएमसी सांसद सौमेंदु अधिकारी इस बार भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। टीएमसी ने स्थानीय नेता उत्तम बारिक को उतारा है, जबकि कांग्रेस-वामपंथी गठबंधन से कांग्रेस नेता उर्बशी भट्टाचार्य चुनौती दे रही हैं। टीएमसी उम्मीदवार शिशिर अधिकारी ने 2019 में भाजपा के देबाशीष सामंत को 1.1 लाख वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने माकपा के तापस सिन्हा को लगभग 2.3 लाख वोटों से हराया था। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां के सात विधानसभा क्षेत्रों में से तीन पर टीएमसी ने जीत हासिल की थी, चार सीटें भाजपा को मिली थीं।

पुरुलिया में फिर से कमल खिलाने का मौका

- पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में 2019 में भाजपा के ज्योतिर्मय सिंह महतो ने टीएमसी के मृगांका महतो को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। भाजपा ने उन्हें फिर से मैदान में उतारा है जबकि टीएमसी से इस बार शांतिराम महतो उनका मुकाबला कर रहे हैं। वह ममता बनर्जी कैबिनेट में मंत्री हैं। इस सीट पर कांग्रेस के नेपालदेव महतो किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि यह उन सीटों में एक है जहां वाम मोर्चा के साथी फॉरवर्ड ब्लॉक ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां की पांच विधानसभा सीटें भाजपा और दो टीएमसी ने जीती थीं।

बांकुड़ा में मोदी सरकार के मंत्री दूसरी जीत को प्रयासरत

- बांकुड़ा लोकसभा सीट 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई 18 सीटों में शामिल थी। यहां भाजपा के सुभाष सरकार ने टीएमसी के सुब्रत मुखर्जी को 1.7 लाख से अधिक वोटों से हराया था। पेशे से चिकित्सक सुभाष सरकार नरेंद्र मोदी की सरकार में राज्य मंत्री हैं। भाजपा ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। टीएमसी ने उनके सामने अरूप चक्रवर्ती को मैदान में उतारा है। माकपा से चुनाव लड़ रहे नीलांजन दासगुप्ता कांग्रेस के समर्थन से त्रिकोणीय संघर्ष बनाने के प्रयास में लगे हैं। इस लोकसभा सीट के सात विधानसभा क्षेत्रों में 2021 में चार भाजपा और तीन टीएमसी ने जीती थीं।

बिष्णुपुर में तिकोने संघर्ष में फिर जीत पाएंगी भाजपा

- बिष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र में 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार सौमित्र खान ने टीएमसी के श्यामल संतरा को हराया था। 2014 में टीएमसी ने यह सीट माकपा से जीती थी। इस बार भाजपा ने सौमित्र खान पर फिर अपना भरोसा जताया है, जिनका मुकाबला टीएमसी की सुजाता मंडल और माकपा की शीतल कोइबोर्ती से हुआ है। यहां तिकोना मुकाबला नजर आ रहा है। इस सीट के विधानसभा क्षेत्रों में एक पूर्व बर्धमान में है, और अन्य छह बांकुरा जिले में हैं। 2021 में चार सीटें टीएमसी और तीन भाजपा ने जीती थीं।

ओडिशा में छठे चरण के चुनाव पर संबित विवाद का साया

चुनाव डेस्क

- राज्य में छह लोकसभा सीटों के साथ शनिवार को 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे

पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा।

अमृत विचार। ओडिशा में छठे चरण में छह लोकसभा सीटों संबलपुर, कयोंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर पर मतदान होगा 2019 में भाजपा इन छह में दो सीटें जीतने में सफल रही थी। बीजद ने चार सीटें जीती थीं। राज्य में इसी के साथ इन लोकसभा सीटों के 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे।

प्रचार खत्म होने तक यहां पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रभु जगन्नाथ को लेकर जुबान फिसलने का मुद्दा छाया रहा। हालांकि विगत दिवस अखबारों में विज्ञापन देकर और सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए संबित की ओर से बिना शर्त माफी मांगते हुए अनजानी गलती के लिए गहरा खेद जताया जा चुका है। लेकिन विवाद अभी थमा नहीं था कि बात आगे बढ़ गई है। अब संबित के एक विज्ञापन पर बवाल छिड़ गया है। बीजद ने संबित द्वारा भाजपा के चुनाव चिह्न कमल के साथ प्रभु जगन्नाथ की तस्वीर का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 2019 के चुनाव में पुरी सीट पर बीजद की पिनाकी मिश्रा जीती थीं। उन्हें 5,38,321 वोट मिले थे, जबकि भाजपा से संबित पात्रा 5,26,607 वोट पाकर हार गए थे। हालांकि इस बार संबित को पुरी में भाजपा की पहली जीत का भरोसा है। यहां उनका मुकाबला मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त अरूप पटनायक से है जो बीजद के मजबूत कैडर के आधार पर अपनी जीत पक्की मान रहे हैं।

उधर, राजधानी भुवनेश्वर में 2019 के चुनाव में भाजपा की अपराजिता सारंगी की जीत राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का प्रतीक मानी गयी थी। उन्होंने बीजद के अरूप मोहन पटनायक को 23,839 वोटों से हराया था। भाजपा ने अपराजिता को फिर से मौका दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के यासिर नवाज और बीजद के मन्मथ राउतराय से हुआ है। एक और प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र कटक बीजद का मजबूत किला है। यहां 1998 के लोकसभा चुनाव में बीजद के भर्तृहरि महताब ने जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 में यह सीट जीती है। 2014 में भर्तृहरि महताब ने कांग्रेस द्वारा अभिनेत्री अपराजिता मोहंती को मैदान में उतारने के बावजूद जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में भी उन्होंने सीट बरकरार रखी। इस बार भी बीजद से भर्तृहरि महताब चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के सुरेश महापात्र, कांग्रेस से प्रमोद कुमार मल्लिक और बीजद के संतृप्त मिश्र से उनका मुकाबला हुआ है।

महबूबा को मियां अल्ताफ और जफर मन्हास की कड़ी चुनौती

चुनाव डेस्क

- अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी जबर्दस्त प्रचार के चलते रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद

पीडीपी नेता पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

अमृत विचार। छठे चरण में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी श्रीनगर और बारामुला लोकसभा सीट की तरह रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद है। इसकी वजह यहां प्रचार के अंतिम दौर में लगी रही नेताओं की भीड़ है। फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आजाद और अल्ताफ बुखारी जैसे बड़े नेताओं ने यहां रोज रोड शो और सभाएं की हैं। महबूबा बीते दो दिनों से राजौरी और पुंछ में डेरा जमाए रही हैं, तो उनकी बेटी इल्तिजा भी उनके लिए प्रचार में जुटी रही हैं। 2019 में यह सीट नेशनल कॉन्फ्रेंस जीतने में सफल रही थी। धारा 370 हटने और नए परिसीमन के बाद इस सीट पर यह पहला चुनाव है, ऐसे में पिछले नतीजे के आधार पर भी कोई भी कयास लगाना बेमानी है।

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार और गुज्जर नेता मियां अल्ताफ और अपनी पार्टी के जफर इकबाल खान मन्हास से उन्हें कड़ी चुनौती मिली है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के नेता मोहम्मद सलीम पर्रा के अलावा 10 निर्दलीय भी यहां किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसे क्षेत्रीय दलों के एकाधिकार समाप्त करने के लिए पहाड़ी जनजाति के मतदाताओं पर फोकस किए है, इस सीट अपनी पार्टी के जफर मन्हास का समर्थन कर रही है।

पूर्वांचल में भाजपा ने चौहान मतदाता साधकर सात सीटों पर किया खेला

विनय जायसवाल, मऊ

- जनवादी पार्टी के साथ आने से भाजपा को कड़े मुकाबले वाली सीटों पर बढ़त के आसार
- सुभासपा और जनवादी पार्टी के साथ सपा के गठबंधन से पिछली बार बिगड़ गया था खेल

जनवादी पार्टी नेता संजय सिंह चौहान।

अमृत विचार। पूर्वांचल की राजनीति में चुनाव के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। जनवादी पार्टी के भाजपा के साथ आने से घोसी, गाजीपुर और आसपास की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को लाभ मिलने के आसार हैं। पिछले विधानसभा चुनाव सुभासपा और जनवादी पार्टी के समाजवादी पार्टी के साथ होने से भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। सुभासपा पहले से ही भाजपा के साथ है और अब जनवादी पार्टी प्रमुख संजय सिंह चौहान के जुड़ने से पिछड़ी जाति में आने वाले चौहान (नोनिया) जाति के मतदाताओं को साधने में भाजपा को आसानी हो सकती है।

संजय चौहान को इस जाति का बड़ा नेता माना जाता है। आजमगढ़, घोसी, गाजीपुर, भदोही, चंदौली, जौनपुर, मछलीशहर आदि सीटों पर इस जाति के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है। 2019 के चुनाव में जनवादी पार्टी का सपा से गठबंधन था। संजय सिंह चौहान सपा के चुनाव निशान पर चंदौली सीट से मैदान में उतरे थे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को कड़ी टक्कर दी थी। इस सीट पर उन्हें महेंद्र नाथ पांडेय से 13,959 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। तब सुभासपा भी भाजपा के साथ नहीं थी। विधानसभा चुनाव में भी दोनों दल सपा के साथ थे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर की राजभर मतदाताओं पर अच्छी खासी पैठ है तो संजय सिंह चौहान को नोनिया चौहान जाति का प्रभावशाली नेता माना जाता है।

हालांकि भाजपा पहले फागू चौहान के सहारे नोनिया जाति के मतदाताओं को साधती रही। बाद में दारा सिंह चौहान आए तो उनके भरोसे इस तबके को साधने का प्रयास किया गया लेकिन अच्छा परिणाम न आता देख पार्टी ने संजय सिंह चौहान को साथ ले लिया। संजय सिंह चौहान सपा के सिंबल पर घोसी सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन सपा ने यहां राजीव राय को मैदान में उतार दिया। इससे वे नाराज हो गए और अब भाजपा के साथ चले गए।

राजा भैया खुलकर अब सपा तो धनंजय भाजपा के साथ, दोनों ने ही साफ कर दिया कि वे चुनाव में तटस्थ नहीं

छठे चरण में राजा भैया और धनंजय सिंह के बाहुबल की भी परीक्षा

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश की राजनीति में बाहुबली कहलाने वाले दो दिग्गजों के अचानक बदले मिजाज से चुनावी सरगर्मी बढ़ी हुई है। अब तक कई मौकों पर भाजपा के साथ खड़े राजा भैया ने अचानक सपा को समर्थन दे दिया तो वहीं, बसपा से नाराज धनंजय सिंह खुलकर भाजपा उम्मीदवारों का साथ देंगे। ऐसे में लोकसभा चुनाव के 6वें चरण में इन दोनों के प्रभाव की ही नहीं भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता, विधायक और एमएलसी समेत भाजपा के सात सांसदों की भी अग्निपरीक्षा होनी है।

25 मई शनिवार को राज्य की 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। हालांकि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और पूर्व सांसद धनंजय सिंह का एक क्षेत्र विशेष में ही प्रभाव है लेकिन इन दिनों ठाकुर राजनीति पर चल रही गुणा-गणित के बीच दोनों के अब एक दूसरे के सामने होने से पूर्वांचल की राजनीति का प्रभावित होना स्वाभाविक है। खासकर प्रतापगढ़, कौशांबी और जौनपुर के साथ आसपास की लोकसभा सीटों का मुकाबला दिलचस्प होगा।

> भाजपा राजा भैया के समर्थन से नहीं बल्कि अपने बल पर चुनाव जीतेगी। – केशव मौर्य

> धनंजय जेल से निकले तो खेल शुरू कर दिया। यह खेल सभी लोग समझते हैं। –अखिलेश यादव

राजनीति के चश्मे से देखा जाए तो राजा भैया की छवि क्षत्रिय नेता के रूप में भी है। प्रतापगढ़, कौशांबी में उनका प्रभाव है। उप्र. के चुनावी परिदृश्य में राजा भैया, धनंजय सिंह ही नहीं अन्य क्षत्रिय नेताओं जैसे बृजभूषण शरण सिंह, ब्रजेश सिंह, अभय सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे में क्षत्रियों को साधने की जुगत लगा रहे सत्तासीन दल के लिए राजा भैया का विपक्ष के साथ खड़ा होना चुनौती है। संभवतः यही कारण रहा कि राजा भैया के प्रभाव को कम करने की कोशिशें तेज हैं। पहले धनंजय सिंह को आगे किया अब कौशांबी की चायल सीट से सपा की बागी विधायक पूजा पाल को सामने लाने की तैयारी है। यह लड़ाई अब राजा भैया बनाम अनुप्रिया पटेल होकर आगे मिर्जापुर तक भी पहुंच चुकी है। राजा भैया ने एमएलसी, राज्यसभा, राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा का साथ दिया और बदले में चाहा अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में मनमुताबिक उम्मीदवार जो मिला नहीं। वहीं, धनंजय ने अपनी जगह बसपा से पत्नी श्रीकला के लोस चुनाव का टिकट लिया जो कि ऐन वक्त पर कट गया। बसपा से नाराज धनंजय, गृहमंत्री अमित शाह से मिले और भाजपा के हो गए।

भाजपा के सात सांसदों की अग्निपरीक्षा

छठे चरण में उप्र की 14 लोकसभा सीटों में से सात सीटों पर भाजपा ने अपने सांसदों पर ही विश्वास किया। एक सीट पर बसपा से आए प्रत्याशी को टिकट दिया है। पांच सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे गए हैं। सुल्तानपुर में सांसद मेनका गांधी, प्रतापगढ़ में सांसद संगमलाल गुप्ता, डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल, बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से सांसद प्रवीण निषाद, आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव ''निरहुआ'' व मछलीशहर से सांसद बीपी सरोज को टिकट दिया है।

कल इन 14 सीटों पर होगा मतदान :

सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्त कबीर नगर, लालगंज (एससी), आज़मगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (एससी) और भदोही सीट के लिए शनिवार को मतदान होगा।

मां मेनका के लिए वोट मांगने पहली बार आए वरुण गांधी

सुलतानपुर में अपनी मां मेनका गांधी के लिए सभा को संबोधित करते वरुण गांधी।

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

- नुक्कड़ सभाओं में कहा- सबका अधिकार हमारे परिवार के ऊपर है, अपना मोबाइल नंबर भी बांटा

अमृत विचारः पीलीभीत से टिकट कटने के बाद पहली बार सार्वजनिक मंच पर आए वरुण गांधी ने अपनी मां व सुलतानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के समर्थन में गुरुवार को यहां एक दर्जन से ज्यादा चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वरुण ने कहा कि सबका अधिकार हमारे परिवार के ऊपर है। कोई हमसे अलग नहीं है। पूरे सुलतानपुर में एक भी व्यक्ति से कोई गुस्सा नहीं, कोई दुश्मनी नहीं। हमारे सामने भी जो चुनाव लड़ रहे हैं, बाद में अगर वह बीमार पड़े तो सबसे पहले हम उनकी मदद करेंगे।

वरुण ने कहा कि जब मैं सुलतानपुर पहली बार आया था तो यहां पर हमें अपने पिता संजय गांधी की खुशबू मिली थी, लेकिन आज मुझे कहने में गौरव महसूस हो रहा है कि आज मैं अपनी मातृ भूमि में आ गया। मैं ये चाहता हूं अगर यहां कोई संकट कभी आए तो अपने आपको अकेला नहीं समझे। मैं अपने फोन नंबर का एक सुरक्षा कवच दे रहा हूं। जिसके पास माता मेनका का नंबर है वह और बड़ा सुरक्षा कवच है। मैं बड़ी जिम्मेदारी से यह बात कहता हूं सुलतानपुर में न काबिलियत की कमी है, न साहस की कमी है, न प्रतिभा की और न स्वाभिमान की। जिले के लोगों को केवल ऐसा एक व्यक्ति चाहिए जो उनको अपना परिवार माने।

वरुण गांधी ने कहा कि परिवार का मतलब होता है हर वार पे जो साथ दे वही परिवार होता है। हम सब वादा करते हैं खून के रिश्ते का, सुलतानपुर का कोई व्यक्ति कभी अकेला नहीं होगा। वरुण के भाषण में भाजपा और उसका शीर्ष नेतृत्व गायब दिखा। मोदी परिवार वाले टैग लाइन से हटकर उन्होंने अपने परिवार की बात की। इससे साफ दिखा कि वरुण भाजपा से अलग होकर मां के लिए वोट मांग रहे हैं।

मेनका समेत 16 महिला प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर

लखनऊ, अमृत विचार : छठे चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में भाजपा से मेनका गांधी, सपा की प्रिया सरोज, बसपा की इंदू चौधरी समेत कुल 16 महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। इन सीटों में केवल लालगंज (सु.) है जहां पर तीन महिलाएं आमने-सामने हैं। कई सीटों पर तो महिला प्रत्याशी ही नहीं हैं। लालगंज (सु.) सीट पर भाजपा से पूर्व सांसद नीलम सोनकर व बसपा से प्रोफेसर इंदु चौधरी के सामने निर्दलीय प्रत्याशी सुष्मिता सोनकर चुनाव मैदान में हैं, जबकि सपा ने दरोगा प्रसाद सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है।

सार-संक्षेप

बहरीन से अयोध्या आकर किया गोदान

अयोध्या, अमृत विचार : बहरीन में निवास और व्यवसाय कर रहे पुणे निवासी विजयन कुमारन ने वहीं के एक मंदिर में लिए गए संकल्प के तहत गुरुवार को अयोध्या पहुंचकर सात गोवंश का दान किया है। विजयन कुमारन ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अन्य अप्रवासीय भारतीयों के साथ मिल कर बहरीन के अस्कर स्थित दुर्गा मंदिर में भी पूजन कर उत्सव मनाया था। बहरीन के ही बुदइया स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी श्रीकेंस ने दुर्गा मंदिर में हुए पूजन की सफलता के लिए गोदान की सलाह दी थी। प्राण प्रतिष्ठा पूजन समारोह के लिए अप्रवासी भारतीयों के मध्य एकत्र निधि से हुए समारोह के बाद शेष निधि से कारसेवकपुरम गौशाला में सात गाय का दान किया गया| इनमें से एक गऊ व एक बछड़ा विजयान कुमारन व एक श्रीकेंस ने व्यक्तिगत निधि से दान किया। गोदान के समय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री व विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चम्पत राय, विहिप के केंद्रीय मंत्री हरिशंकर आदि उपस्थित थे।

ऑनलाइन सट्टा खिलवाने में 21 गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गुरुवार को एप इंस्टाल करवा ऑनलाइन सट्टा खिलवाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गाजियाबाद से गिरोह के 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत मिली थी कि व्हाट्सअप के माध्यम से संदेश भेज ऑनलाइन सट्टा में रकम लगाने पर मोटा मुनाफा का झांसा दिया जा रहा है। बैट डेली व योलो 247 एप इंस्टाल करवा रकम हड़प ली गई। पुलिस ने गाजियाबाद भारत सीटी सोसायटी के दो अलग-अलग कॉल सेंटरों से लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से वारदात में प्रयुक्त मोबाइल उपकरण बरामद हुआ है।

अफजाल अंसारी के मामले की सुनवाई अब 27 को

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी के मामले में गुरुवार को भी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। लगभग डेढ़ घंटे तक चली बहस के बाद न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मामले को आगामी 27 मई 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। गत चार दिनों से लगातार चल रही सुनवाई के दौरान अंसारी के अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखा और गैंगस्टर मामले में गाज़ीपुर एमपी/ एमएलए कोर्ट द्वारा मिली 4 साल की सजा को रद्द करने की मांग की। वहीं राज्य सरकार और पीयूष राय के अधिवक्ताओं ने भी अपने तर्क प्रस्तुत किये और अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग की।

कैमरे की नजर में रहेंगे आश्रम पद्धति विद्यालयों के शिक्षक

लखनऊ, अमृत विचार : शिक्षकों और विभागीय कर्मियों की मनमर्जी पर रोक लगाने और उनकी कार्यशैली पर नजर रखने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इसके बाद गुरुजन स्कूल से गायब हो सकेंगे और न कक्षाओं से। प्रदेश के 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में से 70 में सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। बता दें कि मार्च के अंतिम सप्ताह से आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगने शुरू हुए थे। समाज कल्याण निदेशक ने सभी 94 विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए थे। 70 विद्यालयों में ही सीसीटीवी कैमरे लग सके हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि इसका कंट्रोल रूम निदेशालय में होगा। इससे विद्यालयों में अध्यापक समय से आ रहे हैं और कक्षाओं में कितना समय दे रहे हैं इसकी जानकारी भी मिल सकेगी।

राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिसंबर 2024 तक निर्माणाधीन राम मंदिर के कार्य का लक्ष्य रखा गया है, जिसको पूरा के लिए राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार से शुरू होने जा रही है। बैठक में शामिल होने के लिए राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र गुरुवार को अयोध्या पहुंच गए हैं। उन्होंने रामजन्मभूमि परिसर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर मंदिर के निर्माण की प्रगति भी जानी। शुक्रवार को होने वाली बैठक में मंदिर के प्रथम व दूसरे तल के निर्माण की समीक्षा की जाएगी। प्रथम तल पर रामदरबार की स्थापना होनी है।

लोस चुनाव के कारण हाईकोर्ट में 25 को अवकाश

प्रयागराज, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में प्रयागराज में चुनाव होने के कारण इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 25 मई को अवकाश घोषित किया गया है। इस कारण उस दिन सूचीबद्ध मुकदमों की सुनवाई आगामी 27 मई को होगी। यह जानकारी हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती द्वारा जारी की गई है।

महाराष्ट्र के बच्चों ने भेजा था स्कूल को बम से उड़ा डालने का ई-मेल

ऑनलाइन गेम डी-कोड में मैसेज भेजकर बच्चों को दिया गया था टास्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के बिरला ओपन माइंड स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल महाराष्ट्र से आया था। यह मेल कुछ बच्चों ने ऑन लाइन गेम डी-कोड में मिले टास्क के तहत भेजा था। ई-मेल में क्या लिखा था, इसकी जानकारी बच्चों को नहीं थी। ऐसे में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को चेतावनी देकर छोड़ा गया है।

डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरुप सिंह ने बताया कि बिरला ओपन माइंड स्कूल को 01 मई को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। प्रधानाचार्य की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामला

संवेदनशील होने के कारण जांच में एटीएस की मदद ली गई। जांच के दौरान ई-मेल महाराष्ट्र से आने की पुष्टि हुई। जब जांच कर रही संयुक्त टीम वहां पहुंची तो पता चला कि कुछ बच्चों ने ई-मेल भेजा है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि आनलाइन डी-कोड गेम खेलते हैं। उसमें ग्रुप बनाकर टास्क पूरे किए जाते हैं। उसी दौरान मैसेज और मेल आइडी देकर ई-मेल करने को कहा गया। इस पर ग्रुप ने ई-मेल भेज दिया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पाया गया कि बच्चों को कुछ भी जानकारी नहीं थी। ऐसे में बच्चो के साथ-साथ मां-बाप को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

टास्क देने वाले की तलाश में जुटी पुलिस

डीसीपी के मुताबिक जांच में इसकी पुष्टि हुई कि बच्चों को जिसने ई-मेल भेजा है, उसे बच्चे नहीं जानते थे। ई-मेल भेजने वाले का पता लगाने के लिए बच्चों के मोबाइल को पुलिस टीम ने कब्जे में ले लिया है। टीम उस मैसेज भेजने वाले को ट्रेस कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इस स्कूल के साथ-साथ अन्य दो स्कूलों को भी इसी तरह ई-मेल भेजा गया था। उन्हें ई-मेल भेजने वाले को बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

चालू नहीं हो सकी ललितपुर इकाई बिजली संकट बरकरार

लखनऊ, अमृत विचार : भीषण गर्मी में ज्यादा लोड के कारण उत्पादन बिजलीघरों की बंद हुई इकाइयों के चालू न होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट की स्थिति बनी हुई है। ऊंचाहार व ओबरा बिजलीघरों की बंद इकाइयों के गुरुवार की देर रात तक और ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई के 25 मई को चालू होने की संभावना है। गुरुवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,315 मेगावाट दर्ज हुई। मांग व उपलब्धता के बीच अंतर बने होने के कारण प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती जारी है। गुरुवार को शाम के वक्त प्रदेश में लगभग 25,500 मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी, जबकि इस समय प्रदेश में तापीय बिजलीघरों में 4800 मेगावाट व जलीय परियोजनाओं में उत्पादन 750 मेगावाट उत्पादन हो रहा था।

मतदान कर्मी मतदाताओं से विनम्र व्यवहार करें

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदान कर्मियों को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करने के निर्देश जारी किये हैं। कहा गया है कि मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई दिक्कत न होने पाये। जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर बने वोटर असिस्टेंस बूथ पर एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ सुनिश्चित की जाय। बीएलओ स्वयं ही ड्यूटी पर तैनात रहें, उसके स्थान पर उनके पुत्र, पति व रिश्तेदार ड्यूटी पर न रहें।

मेडिकल कॉलेजों में नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट के पद पर मिलेगी नियुक्ति

लखनऊ, अमृत विचार : साल 2018 बैच के एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण चिकित्सकों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट व ट्यूटर के पद पर तैनात किया जायेगा। यह नियुक्ति उन्हें दो साल के लिए अनिवार्य शासकीय सेवा बांड के तहत मिलेगी। काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें कॉलेज आंवटित किया जायेगा।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा सार्वजनिक सूचना के संबन्ध में गुरुवार को महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्रदेश में गोरखपुर, आगरा, मेरठ, कानपुर, प्रयागराज व झांसी मेडिकल कॉलेज में नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट के पद 63000 रुपये प्रतिमाह पर सृजित किये गये हैं। साथ ही ग्रेड वेतन 5400 रुपए पर डिमांस्ट्रेटर व ट्यूटर के पद सृजित हैं। इन पदों पर बांड के तहत 2018 बैच के अभ्यर्थियों को नियुक्त किया जायेगा। ऑन लाइन काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों की प्राथमिकता और कॉलेज में सीट की उपलब्धता के आधार पर नियुक्ति दी जायेगी।

आत्मरक्षा में किया गया हमला प्रतिशोधात्मक मानना उचित नहीं

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक हत्यारोपी ससुर को जमानत देते हुए अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि कोई भी ससुर अपनी ही बेटी को विधवा बनाकर अपने दामाद को खत्म नहीं करेगा, जब तक उसके सामने गंभीर और असाधारण खतरा उत्पन्न न हो।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि यह निर्णय करने के लिए कोई स्वर्णिम मानदंड या अंकगणितीय सूत्र नहीं हो सकता है कि घटना के समय हमलावर की सोच क्या रही होगी। हमले के समय हमलावर की मानसिकता, स्वभाव, व्यवहार, आत्मरक्षा और भावनाएं घटना के समय पर हमले की प्रकृति के आधार पर उत्पन्न भ्रम और उत्तेजना पर निर्भर करती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और न्यायमूर्ति श्रीमती नंदप्रभा शुक्ला की खंडपीठ ने डॉक्टर जे. एन. मिश्रा की अपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए की।

राम मंदिर के खंभे में बनी हनुमान की मूर्ति खंडित

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास एक खंभे में बनी हनुमान की मूर्ति के खंडित होने की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रोल हो रही है। लिखा गया है कि अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर के मुख्य द्वार पर हनुमान की प्रतिमा का एक हाथ खंडित है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट संज्ञान ले। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने इस मामले से इंकार करते हुए कहा कि यह पुरानी फोटो है।

वर्ग पहेली-79

बाएं से दाएं

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण, हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण, अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

ऊपर से नीचे

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



वर्ग पहेली -78 का हल

	1 त		2 अ		3 ची	नी
4 त	रं	ग	व	ती		
	गी		ले			5 उ
6 छु		7 उ	ख	म		त
8 आ	कं	प	न		9 दू	र
छू		वे				वा
त		10 द	ल	म	ल	ना

सुडोकू -158

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			1			2		
	2			6				
			7					
4								8
				3				
					4			
							7	
		5			1			

सुडोकू -157 का हल

4	1	2	9	8	5	3	6	7
7	8	6	1	4	3	2	9	5
5	9	3	6	7	2	1	4	8
1	3	4	8	9	7	6	5	2
2	7	5	3	1	6	9	8	4
8	6	9	2	5	4	7	1	3
9	5	7	4	3	1	8	2	6
6	4	8	7	2	9	5	3	1
3	2	1	5	6	8	4	7	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 19 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 10 .10 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

मेष – आज का दिन आपके लिए तनाव भरा हो सकता है। यदि आवश्यक न हो तो कोई बड़ा निर्णय आज न लें। भाई-बहन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। अपनी रुचि के विषय का गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

वृष – आज का दिन काफी शुभ रहेगा। अधिकारियों का व्यवहार आपके लिए काफी सहयोगात्मक रहेगा। आप कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। आपको अपनी कमजोरियों को पहचानने और उसे दूर करने का काम करना चाहिए।

मिथुन – आज आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। संतान के व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पुराना ऋण चुकाने में सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। नाक, कान या गले में इन्फेक्शन की संभावना हो सकती है।

कर्क – आज ऑनलाइन ठगों से सावधान रहें।ज्यादा देर तक बैठकर करने वाले कार्यों को टालना उत्तम रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में नए मित्र मिल सकते हैं। सर्विस प्रदाता सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

सिंह – आज समाज की बुराइयों को लेकर आप कुछ रुष्ट हो सकते हैं, किंतु आपको किसी से विरोध नहीं लेना चाहिए। मौसम में बदलाव के कारण कुछ जुकाम जैसी समस्या हो सकती है। आप कई दिनों से जिस अवसर की तलाश में थे, वह आपको मिल सकता है।

कन्या – आज अचानक पुराने मित्रों से मिलने का अवसर बन सकता है। यात्रा के दौरान आप कुछ असहज रहेंगे। साइबर ठगों की चपेट में आ सकते हैं। आपकी प्रवृत्ति कुछ नया सीखने की हो सकती है। अपनी पुरानी किताबों की तरफ बढ़ सकते हैं।

तुला – आज लोग आपके प्रशंसक बन सकते हैं। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अचानक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी के साथ सामंज्य बना रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

वृश्चिक – आज मेडिकल व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों पर नजर बनाकर रखें। छात्रों को पढ़ाई में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिल सकती है।

धनु – आज आप जितने सम्मान के पात्र हैं,उतना सम्मान लोग आपको नहीं दे रहे हैं। इसीलिए आपको धैर्यवान होकर परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बड़बोलेपन के कारण लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं।

मकर – आज अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही खर्च करें। संपत्ति विवादों के परिणाम आपके पक्ष में आएंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। वैवाहिक जीवन की परेशानियों का निवारण होगा।

कुंभ – आज कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक जीवन कुछ अशांत हो सकता है। यदि आप किसी बैठक या साक्षात्कार में सम्मिलित हो रहे हैं तो परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

मीन – आज कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। व्यवसाय में धन हानि हो सकती है। इसीलिए आपको काफी सावधान रहना चाहिए। आप अपने शौकों की पूर्ति में लगे रहेंगे। घर में नजदीकी रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
आज का महात्मा – सुबह : 10 .51
चाइना गेट – रात : 07 .00

&pictures
मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी – सुबह : 11 .26
जिगर वाला नंबर 1 – शाम : 04 .45

SONY PIX
द शौशैंक रिडेम्पशन – दोपहर : 01 .15
स्पाइडर मैन – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
जहर – सुबह : 11 .00
जिस्म – रात : 08 .10

colors CINEPLEX
स्टूडेंट ऑफ द ईयर – सुबह : 08 .06
कभी अलविदा न कहना – शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 11 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू – इतना परेशान क्यों है?
गप्पू – अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू – तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू – उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी– कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू– हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी– अपनी आदत से।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

एक नजर

एयर इंडिया ने कर्मियों की वेतन वृद्धि की

नई दिल्ली। टाटा समूह के नियंत्रण में जाने के दो साल बाद एयर इंडिया के कर्मचारियों के वेतन में पहली बार वृद्धि की गई है। इसके अलावा एयरलाइन ने पायलटों के लिए वार्षिक लक्ष्य प्रदर्शन बोनस की व्यवस्था भी शुरू की है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि वेतन वृद्धि का निर्णय एक अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा जबकि वित्त वर्ष 2023–24 में प्रदर्शन के आधार पर कर्मचारियों को बोनस भी दिया जा रहा है।

अप्रैल में घट गया पीई और वीसी निवेश

मुंबई। निजी इक्विटी (पीई) और उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों का निवेश अप्रैल में 35 प्रतिशत घटकर 4 .4 अरब डॉलर रह गया है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 6 .8 अरब डॉलर था। एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। सलाहकार फर्म ईवाई और उद्योग लॉबी समूह आईवीसीए की रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल में निवेश सौदों की संख्या 98 थी।

आरबीआई लाभांश से घाटा कम होने पर भारत को मिलेगा रेटिंग समर्थन

रिजर्व बैंक के फैसले को लेकर एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के विश्लेषक ने कही बात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत अगर राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड लाभांश का उपयोग करता है, तो उसे आने वाले समय में 'रेटिंग समर्थन' मिल सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के एक विश्लेषक ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

आरबीआई के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का फैसला किया है। यह अबतक का सर्वाधिक लाभांश है। यह बजट में जताए गए 1.02 लाख करोड़ रुपये के अनुमान से दोगुने से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। एसएंडपी ग्लोबल रेटंग्स के विश्लेषक यीफर्न फुआ ने कहा- आरबीआई से अतिरिक्त लाभांश सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 0.35 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद करेगा या नहीं, यह वास्तव में अंतिम बजट पर निर्भर करेगा। यह जून के चुनाव परिणामों के बाद पारित किया जाएगा। इस साल फरवरी में संसद में पेश अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के अधिक लाभांश से घाटे में कमी कुछ बातों पर निर्भर है। अंतिम बजट में विनिवेश जैसे क्षेत्रों से राजस्व प्राप्ति कम रहती या व्यय मद में अतिरिक्त आवंटन होता है तो आरबीआई के अतिरिक्त लाभांश से घाटे में बहुत ज्यादा कमी नहीं आएगी।

पिछले साल एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' रखी थी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पिछले साल मई में ने वृद्धि पर स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग 'बीबीबी–' रखी थी। इसके साथ कमजोर वित्तीय प्रदर्शन और प्रति व्यक्ति कम जीडीपी को जोखिम के रूप में चिह्नित किया था। 'बीबीबी–' निवेश को लेकर सबसे निचले स्तर की रेटिंग है। तीनों वैश्विक रेटिंग एजेंसियों – फिच, एसएंडपी और मूडीज – ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत को सबसे कम निवेश स्तर की रेटिंग दी हुई है। निवेशक किसी देश में निवेश करते समय रेटिंग पर गौर करते हैं।

सोने में 1,050 और चांदी की कीमत में 2,500 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे में आक्रामक रुख दिखने के बाद सोने में तेज गिरावट आई। ब्योरे से संकेत मिलता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी ब्याज दरों में कटौती करने की जल्दी में नहीं हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, चांदी की कीमत भी 2,500 रुपये औंधे मुंह लुढ़कते हुए 92,600 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 95,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

एनएसई–बीएसई का बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ डॉलर पार

भारत यहां तक पहुंचने वाला बना पांचवां देश

नई दिल्ली, एजेंसी

शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बीच निवेशकों की संपत्ति बृहस्पतिवार को 4.28 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 1,196.98 अंक यानी 1.61 प्रतिशत उछलकर 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 1,278.85 अंक यानी 1.72 प्रतिशत बढ़कर 75,499.91 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर भी गया।

इस रिकॉर्ड तेजी ने बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,28,602.18 करोड़ रुपये बढ़ा दिया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण भी बृहस्पतिवार को पांच लाख करोड़ डॉलर से आगे निकल गया। इसके साथ ही इन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सम्मिलित रूप से बढ़कर 4,20,22,635.90 करोड़ रुपये यानी 5.05 लाख करोड़ डॉलर हो गया जो इसका नया उच्चस्तर है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ डॉलर के पार पहुंचने के साथ ही भारत इस मुकाम तक पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण मंगलवार को कारोबार के दौरान पांच लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंचा था।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	92,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,500
गिन्नी (प्रति नग)	55,500–55,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	74,350
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	74,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,000
चांदी तैयार	90,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	73,900
सोना जेवरात गिन्नी	72,900
चांदी पक्की	894 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,150
चांदी आभूषण	89,000।

प्याज की कमी को रोकने के लिए विकिरण प्रसंस्करण की योजना

नई दिल्ली। सरकार इस साल 1,00,000 टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए प्याज के विकिरण प्रसंस्करण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की योजना बना रही है। इस कदम का मकसद राजनीतिक रूप से संवेदनशील माने जाने वाले प्याज की कमी और मूल्यवृद्धि को रोकना है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सरकार के अनुमानों के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में कम पैदावार के कारण दुनिया के सबसे बड़े प्याज निर्यातक के उत्पादन में 2023-24 में 16 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

भंडारण मुश्किल, सरकारी खरीद को भाव नहीं दे रहा गेहूं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन हुई गेहूं खरीद

अमृत विचार : बढ़े बाजार भाव के कारण इस बार भी सरकारी गेहूं खरीद कार्य समय से पहले बंद होने वाला है। आवक न होने से सरकार के लिए किसानों से लक्ष्य के मुताबिक गेहूं खरीदना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए भंडारण करना मुश्किल है।

प्रदेश में 1 मार्च से 22 मई तक 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन (15.12 प्रतिशत) गेहूं खरीद हुई है। जबकि लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन है। 43 केंद्रों पर बोहनी तक नहीं हुई है। कारण केंद्रों पर समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति क्विंटल है और बाजार में व्यापारी 2300-2400 रुपये में सीधे गांव-गांव गेहूं खरीद रहे हैं। खरीद जून तक होगी लेकिन, आवक न होने के कारण समय से पहले केंद्र दम तोड़ गए हैं। वर्ष 2023-24 में हालात इससे भी खराब थे। 22 मई तक 60 लाख मीट्रिक टन में 2,09,706 मीट्रिक टन गेहूं ही खरीदा गया था। उस समय 2,800 रुपये प्रति क्विंटल तक बाजार भाव था। इसी उम्मीद में किसान अधिक मुनाफे के चक्कर में गेहूं घरों पर रोक रखे हैं तो व्यापारी भी डंप करने में पीछे नहीं हैं।

यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण बिगड़े हालात: गेहूं का बाजार भाव बढ़ना यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध वजह बताई जा रही है। यूक्रेन गेहूं का अधिक उत्पादन कर अन्य देशों में निर्यात करता है। जो युद्ध के कारण 2022 से नहीं कर सका। उस समय पूर्ति भारत से की गई थी। इस वजह से वर्ष 2022-23 में बाजार भाव 3 हजार से 3200 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा और खरीद 60 लाख मीट्रिक टन में महज 3.35 लाख मीट्रिक टन हो पाई। यही हालात वर्ष 2023-24 में होने के कारण 2.19 लाख मीट्रिक टन खरीद हुई। जबकि युद्ध से पहले 2021-22 में 56.41 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था। जानकारों की मानें तो पिछले वर्ष हालातों को देखते हुए गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई थी।

राशन वितरण में घटता गया गेहूं: गेहूं खरीद का असर राशन वितरण प्रणाली पर पड़ना बताया जा रहा है। इस वजह से कार्डों पर गेहूं की मात्रा घटती जा रही है। पहले पात्र गृहस्थी पर प्रति यूनिट 3 किलो गेहूं व 2 किलो चावल मिलता था, जो संशोधन कर 2 किलो गेहूं व 3 किलो चावल किया गया। इसके बाद गेहूं 1 किलो गेहूं, 2 किलो चावल व 2 किलो बाजरा किया गया। इसी तरह अंत्योदय कार्ड पर पहले 20 किलो गेहूं व 15 किलो चावल मिलता था। जो 21 किलो चावल व 14 किलो गेहूं किया गया। इसके बाद 14 किलो गेहूं व 14 किलो चावल व 7 किलो बाजरा (मोटा अनाज) मिलने लगा। हालांकि इसे मोटे अजान को बढ़ावा देना बताया जा रहा है।

वहीं राजीव मिश्रा, अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य एवं रसद विभाग ने बताया कि किसानों को बाजार में अच्छे भाव मिल रहे हैं। इस वजह से खरीद कम हो रही है। लक्ष्य पूर्ति के प्रयास जारी हैं। खाद्यान वितरण के भंडारण के लिए एफसीआई इंतजाम करती है।

राष्ट्रीय

स्वाति मालीवाल बोलीं-मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार

राज्यसभा सांसद ने साक्षात्कार में आपबीती सुनाई, बिभव ने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक साक्षात्कार में 13 मई को अपने साथ हुई आपबीती सुनाई। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि मैंने किसी को क्लीन चिट नहीं दी है। घटना के दिन अरविंद केजरीवाल घर पर मौजूद थे। साथ ही उन्होंने राज्ससभा सीट छोड़ने पर भी दो टूक जवाब दिया। इसी बीच उनके पीए बिभव कुमार वहां आए और मुझे गालियां देने लगे थे। बिभव ने कहा तेरी औकात क्या है। उन्होंने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे थे। मैंने पुलिस को फोन किया। उन्होंने 50 सेकंड का एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो वायरल कर दिया, उन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। मुझे पता है कि उन्होंने दो वीडियो वायरल किए हैं। सांसद ने कहा कि मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार हूं।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि जब केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर हमला किया तो उस वक्त मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घर में मौजूद थे। इससे पहले केजरीवाल ने कहा था कि घटना वाले दिन वह घर पर नहीं थे। मुझे बताया गया था कि सीएम केजरीवाल घर पर हैं। वह मुझसे मिलने आ रहे हैं। मैं मदद के लिए चिल्ला रही थी। लेकिन कोई मेरी मदद के लिए नहीं आया था।

वहीं स्वाति मालीवाल ने कहा कि निर्भया से पूछा गया था कि उसने ऑटो से यात्रा क्यों नहीं की, वह रात में बाहर क्यों गई और दिन में क्यों नहीं? विक्टिम शेमिंग हर महिला के साथ होती है।

आपकी लड़ाई मुझसे, मेरे माता-पिता को निशाना क्यों बना रहे हैं: केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि उनके बुजुर्ग एवं बीमार माता–पिता को उन्हें 'तोड़ने' के लिए निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा करके सारी हदें पार कर दी हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके पास प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक संदेश है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से उनके माता–पिता को परेशान करना बंद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा– मेरे पास मोदी के लिए एक संदेश है। आपने मेरे विधायकों को गिरफ्तार किया लेकिन मैं नहीं टूटा। आपने मेरे मंत्रियों को गिरफ्तार कर लिया लेकिन आप मुझे झुका नहीं सके।

पुलिस ने मारपीट मामले में केजरीवाल के माता-पिता से पूछताछ टाली

दिल्ली पुलिस आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के माता–पिता से पूछताछ करने बृहस्पतिवार को केजरीवाल के आवास पर नहीं जाएगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केजरीवाल ने बुधवार को कहा था कि पुलिस बृहस्पतिवार को उनके बूढ़े और बीमार माता–पिता से पूछताछ करने आएगी। पुलिस इस मामले में केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। सूत्रों ने कहा कि पुलिस आने वाले दिनों में पूछताछ के लिए केजरीवाल के आवास जा सकती है लेकिन वह बृहस्पतिवार को वहां नहीं जा रही। सूत्रों ने बताया कि पुलिस आने वाले दिनों में केजरीवाल से भी पूछताछ कर सकती है। वहीं केजरीवाल ने कहा था कल पुलिस ने फोन करके मेरे माता–पिता से पूछताछ के लिए वक्त मांगा था।

दवाओं की अनुपलब्धता से संबंधित जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजन बाबू फेफड़े एवं क्षय रोग संस्थान में दवाओं की कथित अनुपलब्धता से संबंधित एक जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी है। अदालत को सूचित किया गया है कि शहर में मौजूदा भंडार कुछ सप्ताह तक चलेगा और शेष आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद अदालत ने याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी। केंद्र सरकार और दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक ने अदालत में हलफनामा दायर किया जिसमें दिल्ली के भंडारण गृहों में दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ उनकी आपूर्ति का विवरण दिया गया है। इस साल की शुरुआत में दायर अपनी जनहित याचिका में एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' ने आरोप लगाया था कि अस्पताल में एकमात्र अल्ट्रासाउंड मशीन काम नहीं कर रही है।

ठाणे में रसायन कारखाने में विस्फोट, आठ लोगों की मौत

ठाणे जिले के डोंबिवली में एक रसायन फैक्ट्री में बॉयलर विस्फोट के कारण लगी आग को बुझाने की कोशिश करते अग्निशमन कर्मी। ● एजेंसी

ठाणे, एजेंसी

- विस्फोट के बाद लगी भीषण आग, 60 से ज्यादा घायल

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रसायन कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न विस्फोट होने के बाद आग लग गयी, जिसके कारण कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, डोंबिवली में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र के फेज-दो में स्थित अमुदान केमिकल कंपनी के एक बॉयलर में अपराह्न करीब 1.40 बजे विस्फोट होने से भीषण आग लग गई और आसपास के कारखानों में भी फैल गई। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में जान गंवाने वाले लोग आसपास के कारखानों में काम कर रहे थे। राज्य उद्योग और श्रम विभाग ने एक बयान जारी कर कहा कि कारखाने का बॉयलर भारत बॉयलर विनियम, 1950 के तहत पंजीकृत नहीं था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घटना को भयावह बताते हुए कहा कि रसायन कारखाने के आसपास के कारखानों में कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा-हमारी प्राथमिकता लोगों को बचाने की है। इस हादसे में आठ लोगों की जान चली गई और साठ से अधिक घायल हुए हैं। सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और उद्योगों को खतरों के आधार पर ए, बी और सी के रूप में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया है। शिंदे ने कहा-पूरे राज्य में लाल श्रेणी के अंतर्गत आने वाली सभी खतरनाक औद्योगिक इकाइयां तुरंत बंद कर दी जाएंगी।

एक नजर

हरियाणा में पकड़ी गई 75 करोड़ की अवैध शराब, मादक पदार्थ

चंडीगढ़। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन एजंसियों ने अब तक कुल 18 .56 करोड़ रुपये की नकद राशि के अलावा 56 .88 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ और अन्य कीमती वस्तुयें जब्त की हैं। इस प्रकार कुल आंकड़ा 75 .44 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लोकसभा चुनाव 2019 की चुनाव अवधि के दौरान कुल 18 .36 करोड़ रुपये की नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ और कीमती वस्तुयें जब्त की गई थीं।

सारण में 25 मई तक इंटरनेट पर रोक

छपरा। बिहार में सारण संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण के मतदान के अगले दिन मंगलवार को हुई हिंसक झड़प के मद्देनजर जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवा पर 25 मई की सुबह पांच बजे तक रोक लगा दी है। सारण के निर्वाची पदाधिकारी सह–जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने ने गुरुवार को संयुक्त रुप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने पत्रकारों की विशेष मांग पर कि उन्हें इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई है।

नवोदय अन्य जिले के होने के कारण छात्र को प्रवेश देने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्देश देते हुए की टिप्पणी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जवाहर नवोदय विद्यालय को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करे कि किसी छात्र को मात्र इस आधार पर प्रवेश से वंचित नहीं किया जाए कि वह उस जिले का नहीं है जहां पर स्कूल स्थित है। न्यायमूर्ति सी.हरि शंकर ने जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर के उस आदेश को रद कर दिया जिसमें एक छात्रा को प्रवेश देने से मना किया गया था।

अदालत ने कहा कि छात्रा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान छठी कक्षा में प्रवेश की अर्हता रखती है और वहां पर अपनी पढ़ाई जारी रखेगी। अदालत ने यह आदेश एक छात्रा की याचिका पर सुनाया जिसने पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई राष्ट्रीय राजधानी के पेशवा रोड स्थित नवयुग स्कूल में की थी और मुंगेशपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में छठी कक्षा में प्रवेश चाहती थी। स्कूल ने छात्रा को इस आधार पर प्रवेश देने से मना कर दिया था कि उसकी पिछली पढ़ाई नयी दिल्ली जिले में हुई थी जबकि मुंगेशपुर इलाका उत्तर पश्चिम दिल्ली के अंतर्गत आता है।

उच्च न्यायालय ने ध्यान दिलाया कि उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने इसी प्रकार के मामले पर गौर किया था। एक खण्डपीठ में यह मामला लंबित होने के दौरान एक अंतरिम उपाय के तौर पर पूर्व याचिका वाले छात्रा को जवाहर नवोदय विद्यालय, में पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाती है।

न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) को इसलिए यह सुनिश्चित करने निर्देश दिया जाता है अब से (पूर्व) निर्णय का अनुपाल किया जाए तथा छात्रों को इस आधार पर जेएनवी में प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाए कि वे उस जिले के नहीं हैं जहां जेएनवी स्थित है जिससे प्रत्येक छात्र को मुकदमेबाजी के लिए मजबूर न होना पड़े।

केंद्र रेवन्ना को वापस लाने में सहयोग के लिए तैयार

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

- यौन उत्पीड़न मामले में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बोले

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जनता दल (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने की एक प्रक्रिया है और केंद्र उसे देश वापस लाने में सहयोग करने के लिए तैयार है। प्रज्वल कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी हैं।

राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए जोशी ने सवाल किया कि प्रज्वल के विदेश भागने से पहले उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में क्यों नहीं लिया गया? केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। वहीं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने नरेंद्र मोदी से राजनयिक पासपोर्ट रद करने की मांग की है।

देवेगौड़ा ने प्रज्वल को स्वदेश लौटने को कहा

जनता दल (सेक्यूलर) के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पोते और पार्टी के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को कड़ी चेतावनी जारी की और उससे देश लौट कर यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच का सामना करने को कहा। देवेगौड़ा ने कहा कि जांच में परिवार के अन्य सदस्यों की तरफ से कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।

अभियुक्तों को छुड़ाने के मामले में थानाध्यक्ष निलंबित, दो गिरफ्तार

दरभंगा। बिहार के दरभंगा जिले में पुलिस अभिरक्षा से असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन चार अभियुक्तों को छुड़ा कर ले जाने के मामले में जहां जाले थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है वहीं, पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि 20 मई 2024 की रात्रि में जाले थाना पर कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा नाजायाज मजमा लगा कर जाले थाना कांड संख्या-103/24 के चार नामजद अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा से जबरदस्ती छुड़ा लिया गया। मामले के संबंध में 24 नामजद एवं 130-140 अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई।

भाजपा संविधान बदलने का सपना न देखे : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले पार्टी और देश की जनता ऐसा होने नहीं देगी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा को देश के संविधान एवं आरक्षण को खत्म करने का सपना देखना छोड़ देना चाहिए क्योंकि उनकी पार्टी और देश के करोड़ों लोग ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के दिलशाद गार्डन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि यह चुनावी संविधान बचाने का चुनाव है।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को खत्म कर दिया जाएगा क्योंकि यह सेना के खिलाफ है। उनका कहना था, अग्निपथ योजना को हम कूड़ेदान में फेंकने वाले हैं क्योंकि यह सेना के खिलाफ है, देशभक्ति के खिलाफ है। एक सैनिक को शहीद का दर्जा मिलेगा, पेंशन मिलेगी, लेकिन अग्निवीर को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न ही पेंशन मिलेगी और न ही सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का इंजन बंद कर दिया, लेकिन जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो गरीबों एवं युवाओं को आर्थिक मदद देकर इस इंजन को फिर से चालू किया जाएगा।

हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के लिए भाजपा जिम्मेदार : प्रियंका गांधी

सिरसा (हरियाणा)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने हरियाणा में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार की बृहस्पतिवार को आलोचना की। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा–पूरे देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में है जिसकी कीमत यहां के युवाओं को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा–जनता बेतहाशा महंगाई, भ्रष्टाचार और भाजपा की अस्थिरता से तंग आ चुकी है और एक बड़ा बदलाव लाने जा रही है। प्रियंका ने कहा–प्रदेश में पार्टी की जबरदस्त लहर है। कांग्रेस राज्य की सभी सीटें भारी अंतर से जीतेगी। प्रियंका ने इससे पहले हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार कुमारी सैलजा के पक्ष में रोड शो का नेतृत्व किया।

आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	14	24
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	13	20
वरुण (कोलकाता)	14	20

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	14	741
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	14	583
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	12	533

सनराइजर्स या रॉयल्स किसे मिलेगा फाइनल का टिकट

चेन्नई, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को जब दूसरे क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी तो यह आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा तथा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन की चतुर स्पिन जोड़ी के बीच मुकाबला भी होगा।

हेड और अभिषेक की जोड़ी आक्रामक बल्लेबाजी को नए स्तर तक ले गई है और इस जोड़ी को प्रशंसकों से 'ट्रेविषेक' नाम मिला है। हेड ने मौजूदा सत्र में 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं जबकि अभिषेक के नाम पर 207.04 के स्ट्राइक रेट से 470 रन दर्ज हैं। दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं। उप्पल या कोटला या वानखेड़े की तुलना में चेपक में खेलना हालांकि बिलकुल अलग होगा क्योंकि यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता। अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं और टूर्नामेंट के आखिरी चरण में उनकी फॉर्म में सुधार हुआ है। रॉयल्स को उम्मीद होगी कि देश के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर चहल के साथ वह हेड, अभिषेक और क्लासेन को जल्दी से जल्दी पवेलियन भेज देंगे जिससे कि वे मैच पर नियंत्रण बना सकें। जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो एक बार फिर जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे।

भुवनेश्वर कुमार और पैट कमिंस की अनुभवी जोड़ी को भी कुछ करना होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में भुवनेश्वर ने कोई विकेट नहीं लिया। सनराइजर्स की समस्या टीम में दो अच्छे स्पिनरों का नहीं होना भी है। रॉयल्स की बात करें तो आरसीबी खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत टीम ने आखिरकार पांच मैचों से जीत के इंतजार को खत्म कर दिया। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम ने कुछ सकारात्मक संकेत दिखाए, खासकर यशस्वी ने और वह अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे।

- हैदराबाद के बल्लेबाजों और राजस्थान के स्पिनरों के बीच होगी कड़ी टक्कर
- फाइनल मुकाबले विजेता टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स का करना होगा सामना

खेल डायरी

क्वालीफायर में भारत को मिल सकता है कोटा: कुट्टप्पा

नई दिल्ली। मुक्केबाजी कोच सीए कुट्टप्पा का मानना है कि 25 मई से बैंकॉक में शुरू होने वाले अंतिम पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत कम से कम चार से पांच और कोटा स्थान हासिल कर सकता है। कुट्टप्पा ने बताया थाईलैंड क्वालीफायर से, हमें निश्चित रूप से 4-5 कोटा स्थान हासिल करने की उम्मीद है और हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं। इस बार हमारे पास निश्चित मौका है। उन्होंने कहा प्रत्येक मुक्केबाज को 2-3 स्पैरिंग सत्र मिले और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम बहुत सकारात्मक हैं। प्रशिक्षण शिविर में कुल 13 देशों ने भाग लिया। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस आदि के मुक्केबाजों के साथ स्पैरिंग सत्र ने हमारे मुक्केबाजों को बहुत कुछ दिया इस विश्वास के साथ कि उन्हें पेरिस में बड़े मंच पर चुनौती दी जा सकती है।

प्रीतिस्मिता ने रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

लीमा (पेरू)। भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में महिला 40 किग्रा वर्ग में युवा क्लीन एवं जर्क विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल की प्रीतिस्मिता ने 75 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड में बुधवार को यहां एक किग्रा का सुधार किया। उन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन स्नैच में भी 57 किग्रा के वजन से कुल 133 किग्रा वजन उठाया और कुल भार के विश्व रिकॉर्ड की दो किग्रा से बराबरी करने से चूक गईं। ज्योशना साबर ने कुल 125 किग्रा वजन उठाकर रजत जीता। तुर्की की फातमा कोलकैक कुल 120 किग्रा उठाकर कांस्य जीतने में सफल रहीं। भारत के दो अन्य भारोत्तोलकों ने भी पहले दिन पदक मंच पर जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन से हटीं टेनिस की दिग्गज जेसिका पेगुला

पेरिस। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं क्योंकि वह इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। अमेरिका की जेसिका दो साल पहले रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। फ्रेंच ओपन रविवार को शुरू होगा। जेसिका को इसी सत्र में गर्दन में चोट लगी थी। जेसिका ने इंस्टाग्राम पर लिखा मैंने सामान्य अभ्यास शुरू किया है लेकिन उबरने और खेल में वापसी को लेकर बेहद सुरक्षित रुख अपना रही हूं। अगर मुझे पांच से सात दिन और मिलते तो मैं शत प्रतिशत खेलती। निश्चित तौर पर मैं ग्रास कोर्ट पर पूर्ण सत्र और गर्मियों के बाकी सत्र के लिए वापसी करूंगी।

फ्रेंच ओपन: पहले दौर में नडाल का मुकाबला ज्वेरेव से

पेरिस। राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन में खेलने का फैसला कर लिया है और गुरुवार को जारी ड्रॉ के मुताबिक 14 बार के चैंपियन खिलाड़ी के सामने पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव की मुश्किल चुनौती होगी। टूर्नामेंट की निदेशक एमेली मौरेस्मो ने कहा नडाल के साथ कुछ भी संभव है। वह इस बात को लेकर असमंजस में थे कि दो सत्रों से चोट के कारण प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के बाद रोलां गैरों में प्रतिस्पर्धा करेंगे या नहीं। कूल्हे की सर्जरी के कारण वह पिछले साल फ्रेंच ओपन में नहीं खेल पाए थे। इस महीने इटैलियन ओपन में हार के बाद नडाल ने कहा कि उन्हें इस बारे में सोचने की जरूरत है कि पेरिस में खेलना है या नहीं। उन्होंने हालांकि लाल बजरी पर अभ्यास जारी रखा था और उनका नाम आधिकारिक तौर पर ब्रैकेट में था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ज्वेरेव के खिलाफ उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन का सेमीफाइनल खेला था। ज्वेरेव उस मैच में टखने में चोट के कारण बीच में हट गए थे।

भारत की महिला-पुरुष जूनियर हॉकी टीमें हारीं

ब्रेडा (नीदरलैंड)। भारत की पुरुष और महिला जूनियर हॉकी टीमों को बुधवार को यूरोप के मौजूदा दौरे पर बेल्जियम की टीमों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत की दोनों जूनियर टीमों को बेल्जियम की टीमों के खिलाफ 2-3 के समान अंतर से हार मिली। महिला टीम के लिए दोनों गोल बिनिमा धान (49वें और 58वें मिनट) ने किए जबकि पुरुष टीम के लिए दोनों गोल कप्तान रोहित (44वें और 57वें मिनट) ने दागे। महिला टीम अगला मैच 24 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि पुरुष टीम को गुरुवार को ही ब्रेडा में ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से भिड़ना है।

भारत के अभय और सेंथिलकुमार जीते

दोहा। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने बुधवार को यहां 53500 डॉलर इनामी प्रतिष्ठित क्यूएसएफ 3 स्क्वाश प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। यह टूर्नामेंट पीएसए विश्व टूर की ब्रॉन्ज स्तर की प्रतियोगिता है। सेंथिलकुमार ने पहले दौर में स्थानीय दावेदार यूसेफ एसाम फराग को हराया जबकि अभय ने पाकिस्तान के मोहम्मद आसिम खान को शिकस्त दी। सेंथिलकुमार अगले दौर में मिस्र के सातवें वरीय ओमान मोसाद से भिड़ेंगे जबकि अभय फ्रांस के छठे वरीय अगस्ते डुसोर्ड के खिलाफ खेलेंगे।

टी-20 विश्व कप खिताब की चाह में भारत

खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी दिग्गजों की नजर, एक दशक पहले फाइनल में पहुंची थी भारतीय टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 क्रिकेट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच भारत के पास दुनिया की सबसे लुभावनी और सबसे अधिक देखी जाने वाली लीग है। इसके बावजूद भारत की राष्ट्रीय टीम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह की सफलता हासिल नहीं कर पाई है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम जब आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और कैरेबिया जाएगी तो उसकी नजरें दूसरे खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि इंडियन प्रीमियर लीग में पैसे और प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेरों को आकर्षित करती है।

भारत हालांकि आईपीएल की शुरुआत के बाद से टी20 विश्व कप जीतने में नाकाम रहा है। वर्ष 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहले टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भारत सिर्फ एक बार 2014 में फाइनल में पहुंच पाया और तब उसे श्रीलंका के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। खिताब का यह सूखा अन्य प्रारूपों में भी दिखा। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पिछला खिताब 2013 में इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता। इसके अलावा टीम ने 50 ओवर के विश्व कप में पिछला खिताब 2011 में जीता। पिछले साल भारत को इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसके कुछ महीने बाद घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर के विश्व कप के फाइनल में भी टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई। एक अरब 40 करोड़ की जनसंख्या वाले क्रिकेट के दीवाने देश के प्रशंसकों के लिए 50 ओवर में विश्व कप की हार को पचाना आसान नहीं था क्योंकि टीम अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी और जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगा और नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। टीम 12 जून को अमेरिका जबकि 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलेगी।

भारतीय एकादश में ऋषभ पंत का दावा मजबूत: पार्थिव पटेल

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत के शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी का जिक्र करते हुए विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत का दावा ज्यादा मजबूत बताया। लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी20 लीग की घोषणा के लिए यहां पहुंचे पार्थिव ने कहा टीम में विकल्प की कोई कमी नहीं है और ऐसे में टीम में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल एक साथ खेल सकते हैं। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के विकेटकीपर की पहली पसंद के बारे में काफी चर्चा हो रही है क्योंकि आईपीएल के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने शानदार प्रदर्शन किया है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने इस दौरान 13 मैचों में 446 रन बनाए। उनकी टीम हालांकि प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही। पार्थिव ने विकेटकीपर के बारे में पूछे जाने पर कहा भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम देखे तो इसमें कोई शक नहीं कि विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए पंत पहली पसंद होंगे।

टी-20 विश्व कप 2024 के लिए चुने गए मैदान

मैदान	शहर
सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम	नॉर्थ साउंड, एंटीगा और बारबुडा
केंसिंग्टन ओवल	ब्रिजटाउन, बारबाडोस
प्रोविडेंस स्टेडियम	प्रोविडेंस, गयाना
डैरेन सैमी स्टेडियम	ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया
अर्नोस व्हेल स्टेडियम	किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस
ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम	सैन फर्नांडो, त्रिनिदाद एंड टोबैगो
सेंट्रल ब्रोवर्ड पार्क लॉडरहिल	फ्लोरिडा, अमेरिका
ग्रैंड प्रीरी स्टेडियम	डलास (टेक्सास), अमेरिका
नासाउ काउंटी इंटरनेशनल	लॉन्ग आइलैंड (न्यूयॉर्क), अमेरिका

विश्व विजेता

2007	भारत
2009	पाकिस्तान
2010	इंग्लैंड
2012	वेस्ट इंडीज
2014	श्रीलंका
2016	वेस्टइंडीज
2021	ऑस्ट्रेलिया
2022	इंग्लैंड

टी-20 विश्व कप में अब तक के सबसे बड़े रिकॉर्ड

सर्वाधिक रन	विराट कोहली (भारत) 27 मैचों में 1,141 रन।
टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन	विराट कोहली (भारत) ने 2014 विश्व कप में 319 रन बनाए थे।
सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर	ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन।
सर्वाधिक शतक	क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) ने 2007 और 2016 में 2-2 शतक बनाए।
सर्वाधिक विकेट	शाकिब अल हसन (बांग्लादेश) 36 मैचों में 47 विकेट।
टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट	वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका) 2021 विश्व कप में 16 विकेट।
सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े	अजंता मेंडिस (श्रीलंका) 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 8 रन देकर 6 विकेट।
सर्वाधिक शिकार	महेंद्र सिंह धोनी (भारत) 33 मैचों में 32 शिकार।
सर्वाधिक कैच (फील्डर)	एबी डिविलियर्स (दक्षिण अफ्रीका) 30 मैचों में 23 कैच।
उच्चतम स्कोर	श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ 6 विकेट पर 260 रन बनाए।
न्यूनतम स्कोर	नीदरलैंड्स की टीम 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 39 रन पर ऑलआउट।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचे नोवाक

जिनेवा। नोवाक जोकोविच ने अपने 37वें जन्मदिन का जश्न गैर वरीय यानिक हैंफमैन को सीधे सेटों में हराकर जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर मनाया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने हैंफमैन को 6-3, 6-3 से हराया जो एटीपी टूर्नामेंटों में उनकी 1100 वीं जीत है। जोकोविच दूसरे सेट में एक समय 0-3 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह गेम जीतकर सेट और मैच अपने नाम किया। हैंफमैन ने पहले दौर में एंडी मरे को 7-5, 6-2 से हराया था। सत्र के पहले खिताब की तलाश में जुटे जोकोविच अगले दौर में डेनिस शापोवालोव और टेलोन ग्रीक्सपूअर के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। जिनेवा ओपन का फाइनल शनिवार को होगा जबकि इसके एक दिन बाद रोलां गैरो पर मुख्य ड्रॉ के मुकाबले शुरू होंगे जहां जोकोविच गत चैंपियन हैं।

मैच फिक्सिंग मामले में एलपीएल फ्रेंचाइजी को रद करने का फैसला बदला

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट ने दांबुला थंडर्स फ्रेंचाइजी के मालिक तमीम रहमान की मैच फिक्सिंग के संदेह में गिरफ्तारी के कारण फ्रेंचाइजी को समाप्त करने की घोषणा के एक दिन बाद अपने फैसले से पलटते हुए कहा कि उसकी टी20 लीग मैचों की तय कार्यक्रम के मुताबिक आगे बढ़ेगी और इसमें सभी पांच टीमें शामिल होंगी। एसएलसी ने घोषणा की कि फ्रेंचाइजी का एक नया मालिक होगा और टूर्नामेंट एक से 21 जुलाई तक योजना के अनुसार आयोजित किया जाएगा। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र अपनी तय योजना और पांच टीमों के मैचों के तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी रहेगा। सभी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों को आश्वस्त करते हैं कि लीग की अखंडता और क्रिकेट की भावना पूरे टूर्नामेंट के दौरान संरक्षित रहेगी। बांग्लादेशी मूल के ब्रिटिश नागरिक रहमान को अदालत के आदेश के बाद शहर के भंडारनायके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

पाकिस्तान में प्रतिभा दिखाएगी चित्रकूट की उन्नति

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

अमृत विचार। चित्रकूट जिले के गांव हन्ना बिनैका की उन्नति त्रिपाठी 25 जून से पाकिस्तान में होने वाली 31 वीं एशियाई इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्नति की इस उपलब्धि से उसके गांव ही नहीं बल्कि जिले में खुशी का माहौल है। इसके अलावा उसे यूएसए के ह्यूस्टन में होने वाली विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में भी खेलने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता 12 जुलाई से होगी।

इस्लामाबाद में 25 जून से एशियाई खिलाड़ियों की स्क्वैश प्रतियोगिता होगी। इसमें भाग लेने के लिए देश भर से जिन प्रतिभाओं का चयन किया गया है, उसमें उन्नति भी हैं। उन्नति ने दो से छह मई तक के ट्रायल में हिस्सा लिया था और उसमें अव्वल रहने के बाद उनको पाकिस्तान जाने का अवसर मिला। उन्नति की देश में स्क्वैश की अंडर 17 कैटेगरी में छठवीं रैंक है। उन्नति के पिता हरिओम त्रिपाठी भारतीय स्क्वैश टीम के वर्ष 2000 से 2015 तक कोच रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्नति पाकिस्तान में अंडर 17 कैटेगरी में चौथे रैंक पर खेलेंगी। उन्नति के भाई अंश भी स्क्वैश के माहिर खिलाड़ी हैं। भाई-बहन छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। 16 वर्षीया उन्नति मुंबई में इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में अंडर-17 वर्ग में बालिकाओं का खिताब जीत चुकी हैं।

- हन्ना बिनैका गांव की बेटी है होनहार स्क्वैश खिलाड़ी

6 साल की उम्र से शुरू किया स्क्वैश खेलना

पिता हरिओम खुद भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। वह चेन्नई की एकेडमी में प्रशिक्षण दिया करते थे। वह बताते हैं कि उन्नति ने महज छह साल की उम्र में स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया था। जब वह देहरादून की एक खेल संबंधी कोचिंग से संबद्ध हुए तो उन्नति भी वहीं पढ़ने और उनसे खेल का गुर सीखने लगी।

मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चालिहा ने किया उलटफेर

सिंधू ने यू जिन को हराया, अश्मिता जीतीं

कुआलालंपुर, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को हराया लेकिन दिन का आकर्षण अश्मिता चालिहा रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में तीसरी वरीय बेइवेन झेंग को हराकर उलटफेर करते हुए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी। चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने इसके बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झेंग को तीन गेम में 21-19 16-21 21-12 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अश्मिता ने दूसरी बार किसी सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। अश्मिता पिछले कुछ समय से अच्छी लय में हैं। उन्होंने उबेर कप में कनाडा की मिशेल ली को हराया जबकि जापान की अया ओहोरी और पिछले हफ्ते चीन की हेन युई को हराने के करीब पहुंची। भारतीय खिलाड़ी हालांकि वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रही और फिर लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में कड़ी टक्कर मिली।

ओलंपिक से पहले लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में लेंगी प्रशिक्षण

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए दिग्गज भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में प्रशिक्षण लेगी। आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के तहत पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों की तैयारी के लिए फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के लिए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। लक्ष्य सेन आठ से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में प्रशिक्षण लेंगे। इसके साथ ही ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को कार्तिक ने कहा अलविदा

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतर्राष्ट्रीय करियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस खेल के प्रशंसकों के दिलों पर राज किया।

आईपीएल में आरसीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया। 20 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई बार टीम से अंदर-बाहर होने वाले कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। पिछले कुछ समय से कमेंटेटर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक ने 38 साल की उम्र में भी विकेट के पीछे अपनी फिटनेस और बल्ले से चतुराई भरे शॉट खेल कर खुद को आज के दौर में भी प्रासंगिक बनाए रखा।

बॉलीवुड हलचल

वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी हो गयी है। अक्षय कुमार स्टार वेलकम टू द जंगल इन दिनों काफी सुर्खियों में है। इसके लिए मेकर्स ने लगभग दस एकड़ की जगह पर सेट लगाया गया। उसके लिए फिल्म के निर्माताओं ने लगभग 200 घोड़े, घुड़सवारों के साथ मंगवाए थे। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट हुआ है, जिसमें कलाकारों के साथ ही 500 बैकग्राउंड डांसर्स भी शामिल थे। पूरा मुंबई शेड्यूल लगभग 40 दिनों का रहा। फिल्म वेलकम टू द जंगल में 20 सेलेब्स एक साथ नजर आएंगे। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन, आफताब शिवदसानी, अरशद वारसी, लारा दत्ता, दिशा, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल, तुषार कपूर, कृष्णा सहित करीब 20 कलाकार हैं। फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं और निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं।

भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता विजय राज, फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करते नजर आ सकते हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। इसी कड़ी में विजय राज का नाम भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि विजय राज भूल भुलैया 3 का हिस्सा होंगे। वह अहम और मजेदार रोल में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

भारत में जन्मी जया बडिगा अमेरिकी कोर्ट में बनी जज

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में देंगी सेवाएं
- 2022 से उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी

भारतीय-अमेरिकी वकील जया बडिगा को कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने बडिगा की नियुक्ति की। इससे पहले वह 2022 से सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी हैं। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में जन्मी बडिगा न्यायाधीश रॉबर्ट एस. लाफम की जगह लेंगी।

डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य बडिगा ने 2020 में कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखभाल सेवा विभाग में और 2018 में कैलिफोर्निया गवर्नर के आपातकालीन सेवा कार्यालय में एक वकील के रूप में भी काम किया। सैक्रामेंटो कंट्री पब्लिक लॉ लाइब्रेरी के अनुसार, बडिगा एक प्रमाणित पारिवारिक कानून विशेषज्ञ हैं और उन्होंने दस वर्ष से अधिक समय तक पारिवारिक कानून से संबंधित काम किया है।

राज सिंह बधेशा फ्रेस्नो काउंटी में नियुक्त : इस बीच, गवर्नर ने फ्रेस्नो काउंटी के राज सिंह बधेशा को फ्रेस्नो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया। बधेशा न्यायाधीश जॉन एन. कपेटन का स्थान लेंगे जो सेवानिवृत्त हो गए हैं।

दिल्ली के लेडी श्री राम हंसराज व अन्य कॉलेजों को उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित लेडी श्रीराम कॉलेज, हंसराज कॉलेज और रामजस कॉलेज सहित एक दर्जन से अधिक कॉलेजों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, लेकिन गहन तलाशी के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

एक दिन पहले, इसी तरह का एक ई-मेल नॉर्थ ब्लॉक को भेजा गया था, जिसमें उसे बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शाम चार बजकर 38 मिनट पर लेडी श्रीराम कॉलेज में बम होने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। इसके कुछ देर बाद अन्य कॉलेजों को भी ऐसे ही धमकी भरे ई-मेल मिले। स्थानीय पुलिस, एक बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ते से लैस बम का पता लगाने वाली एक टीम लेडी श्रीराम कॉलेज पहुंची और तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

प्ले स्टोर की फर्जी ऐप से सावधान बैंक अकाउंट हो सकता है खाली

आज के मॉडर्न समय में स्मार्ट फोन और उस फोन में मौजूद ढेरों ऐप्स हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये ऐप्स हमारा मनोरंजन तो करते हैं, साथ ही हमें जरूरी सेवाएं भी देते हैं। अब तक हमें लगता था कि प्ले स्टोर में मौजूद ऐप्स तो सुरक्षित हैं। हम किसी भी ऐप को आंख मूंदकर डाउनलोड कर लेते थे। लेकिन सावधान, ठगों और क्रिमिनलों की नजर से अब प्ले स्टोर भी अछूता नहीं है। साइबर क्रिमिनल कुछ ऐसे नकली ऐप बना रहे हैं, जिन्हें इंस्टॉल करने के बाद आपकी पर्सनल जानकारी लीक हो सकती है या फिर आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। इसी को लेकर भारत सरकार के सिक्योरिटी पोर्टल 'साइबर दोस्त' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने एक इमेज शेयर करते हुए बताया है कि गूगल प्ले स्टोर पर यूनियन-रिवार्ड.एपीके नाम से एक ऐप मौजूद है। ये ऐप देखने में यूनियन बैंक के असली ऐप जैसा लगता है, लेकिन यह एक फेक एंड्रॉयड ऐप है। इससे पहले भी साइबर दोस्त फेक लोन ऐप्स और फेक स्टॉक ट्रेडिंग ऐप से अलर्ट रहने की चेतावनी दे चुका है। इसलिए आज जरूरत की खबर में बात फेक ऐप्स की।

असली व नकली ऐप्स को इस तरह पहचाने

आमतौर पर जब हमें कोई भी ऐप डाउनलोड करना होता है तो हम गूगल के प्ले स्टोर या एपल के एप स्टोर पर जाकर उसे डाउनलोड करते हैं। इन ऐप स्टोर्स पर कई ऐसे फर्जी ऐप भी मौजूद हैं, जो यूजर्स की निजी जानकारी चोरी करने से लेकर बैंक अकाउंट को खाली कर सकते हैं। साइबर क्रिमिनल नकली ऐप्स की डिजाइनिंग बेहद सफाई से करते हैं, जिससे आम लोगों के लिए अंतर कर पाना मुश्किल होता है।

मोबाइल बैंकिंग सुरक्षित पर सावधानी जरूरी

साइबर एक्सपर्ट ईशान सिन्हा बताते हैं कि मोबाइल बैंकिंग पूरी तरह सुरक्षित है, क्योंकि बैंक बेहद सेफ और हाई इन्क्रिप्शन टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हैं। बस कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। जैसे- मोबाइल बैंकिंग ऐप डाउनलोड करने की सबसे सुरक्षित जगह आपके बैंक की वेबसाइट है। आपके मोबाइल बैंकिंग ऐप को सुरक्षित रखने के लिए पासवर्ड नींव की तरह होता है। इसलिए स्ट्रॉन्ग पासवर्ड जरूर बनाएं। बैंकिंग ऐप्स के इन-ऐप फिंगरप्रिंट डिवाइस का प्रयोग करें।

फर्जी ऐप्स से फोन को बचाएं

अगर आपने पहले ही कोई संदिग्ध ऐप इंस्टॉल कर लिया है, जिसकी वजह से आपकी डिवाइस स्लो हो गई है या अनचाहे विज्ञापन आ रहे हैं तो ऐसे ऐप्स को तुरंत अनइंस्टॉल कर दें। इसके अलावा अगर आपको स्मार्टफोन के किसी ऐप के संदिग्ध होने की आशंका है तो इन स्टेप्स को फॉलो करें। जैसेकि- अपने फोन या टेबलेट को रीस्टार्ट करें। एक अच्छा एंटीवायरस इंस्टॉल करें।

नकली ऐप्स के इंटरफेस असली जैसे होते हैं

नकली मोबाइल ऐप्स ऐसे एप्लिकेशन होते हैं, जो वैलिड ऐप्स के लुक और अंदर के इंटरफेस से काफी मिलते-जुलते होते हैं। जिससे आसानी से यूजर्स को इंस्टॉल करने के लिए धोखा दिया जा सके। इन्हें इतने सलीके से बनाया जाता है कि ज्यादातर यूजर्स के लिए असली और नकली ऐप्स के बीच अंतर कर पाना मुश्किल होता है। ये वैलिड ऐप स्टोर जैसे ऐपल के ऐप स्टोर या गूगल के प्ले स्टोर पर भी हो सकते हैं। कुछ नकली ऐप्स आपके कैमरे को कंट्रोल करने की परमिशन मांगते हैं।

एक नजर

रामास्वामी ने जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक प्राइमरी जीती

वाशिंगटन। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य सीनेट के चुनाव में उम्मीदवारी हासिल करने की कोशिश कर रहे भारतीय-अमेरिकी अश्विन रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राज्य प्राइमरी जीत ली है। हालांकि, भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला जयपाल को ओरेगन राज्य से कांग्रेस चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक प्राइमरी चुनाव हार गई हैं। रामास्वामी (23) ने कहा नवंबर में मैं रिपब्लिकन सीनेटर शॉन स्टिल का सामना करूंगा-जिन पर डोनाल्ड ट्रम्प के साथ 2020 में फर्जी मतदाता होने का आरोप लगाया गया था।

ब्रुनेई की जेलों में बंद पांच लोगों में एक भारतीय

बंदर सेरी बेगवान। ब्रुनेई की जेल में बंद पांच विदेशियों में एक भारतीय वरिष्ठ नागरिक शामिल है जिन्हें आव्रजन उल्लंघन के लिए कैद और जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी ब्रुनेई के आव्रजन एवं राष्ट्रीय पंजीकरण विभाग (आईएनआरडी) ने दी। आईएनआरडी के अनुसार 60 वर्षीय भारतीय नागरिक को देश में समय से ज्यादा रुकने के लिए छह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा एक 64 वर्षीय फिलिपिनो को ज्यादा समय तक रुकने पर नौ महीने की जेल की सजा सुनाई गई और कोड़े मारने के बदले में 800 ब्रुनेई डॉलर (590 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया।

ऋषि सुनक व विपक्षी दल चुनाव प्रचार में जुटे

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा विपक्षी नेता बृहस्पतिवार से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। सुनक ने देश में महज छह सप्ताह बाद चार जुलाई को आम चुनाव कराने की घोषणा एक दिन पहले ही की थी। भारतीय मूल के नेता सुनक (44) ने बुधवार शाम बारिश के बीच 10 डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों से अपने भाषण से देश के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। प्रधानमंत्री ने चुनाव के लिए स्पष्ट योजना, साहसिक कदम, सुरक्षित भविष्य का नारा दिया है। उन्होंने पूर्वी लंदन में एक प्रचार कार्यक्रम की शुरुआत की।

गुप्त सूचनाएं लीक करने वाला पाकिस्तानी एजेंट गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात एटीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि पोरबंदर तट पर मछली पकड़ने का व्यवसाय करने वाले पोरबंदर, सुभाष नागर निवासी जतीन जीतेन्द्र चारणिया (21) पिछले चार महीनों से अद्विका प्रिंस नामके पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में है, जो भारतीय तटरक्षक की जेटी और उसके जहाजों के बारे में जानकारी फेसबुक मेसेंजर, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे चैट एप्लिकेशन के माध्यम से पाकिस्तान के एजेंट को भेजता है और बदले में पैसे प्राप्त करता है।

महाराष्ट्र में एसडीआरएफ के तीन जवान डूबे

पुणे। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक नाव के नदी में पलट जाने के बाद राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के एक सब-इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल डूब गये। यह घटना अकोले तहसील के सुगाव गांव के पास सुबह करीब 7 बजकर 45 मिनट पर एक युवक की तलाश के दौरान हुई, जो बुधवार को एक अन्य व्यक्ति के साथ प्रवरा नदी में डूब गया था। तलाशी दल में एसडीआरएफ के चार कर्मी और एक नागरिक शामिल था। अहमदनगर के पुलिस अधीक्षक राकेश ओला ने कहा कल दो युवक नदी में डूब गए।

पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश के तटों से टकराएगा भीषण चक्रवात रेमल

रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है हवा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की खाड़ी में उठने वाला भीषण चक्रवाती तूफान रेमल पश्चिम बंगाल और उससे सटे बांग्लादेश के तट से टकराएगा। बंगाल की खाड़ी के ऊपर दबाव तेज होता जा रहा है, जिस कारण रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मॉनसून पूर्व मौसम में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवात है।

हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवात के नामकरण प्रणाली के अनुसार इस तूफान का नाम रेमल रखा गया है। भारत मौसम विभाग की वैज्ञानिक मोनिका शर्मा ने बताया यह प्रणाली शुक्रवार की सुबह तक मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक दबाव क्षेत्र में केंद्रित हो जाएगा। यह शनिवार की सुबह एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा और इसमें तेजी आयेगी। इसके बाद रविवार शाम तक यह एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट पर पहुंचेगा। आईएमडी के मुताबिक, रविवार को चक्रवात के कारण 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

मौसम कार्यालय ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी दी है। समुद्र में मछली पकड़ने गए मछुआरों को तट पर लौटने तथा 27 मई तक बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्र की सतह के गर्म तापमान के कारण चक्रवाती तूफान तेजी से अपनी गति बढ़ा रहे हैं और लंबे समय तक अपनी शक्ति बरकरार रख रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप महासागर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से अधिकांश अतिरिक्त गर्मी को अवशोषित कर रहे हैं।

चक्रवात की प्रतीकात्मक फोटो।

बंगाल और अरब सागर बहुत गर्म

वैज्ञानिक राजीवन ने कहा बंगाल की खाड़ी और अरब सागर इस समय बहुत गर्म हैं, इसलिए उष्णकटिबंधीय चक्रवात आसानी से बन सकता है। उन्होंने कहा कि यह चक्रवात न केवल समुद्र द्वारा नियंत्रित होते हैं, बल्कि इसमें वायुमंडल भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीएस पई के अनुसार, समुद्र की सतह के गर्म तापमान का मतलब अधिक नमी है, जो चक्रवातों की तीव्रता के लिए अनुकूल है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा कि कम दबाव प्रणाली को चक्रवात में बदलने के लिए समुद्र की सतह का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक होना आवश्यक है। बंगाल की खाड़ी में सतह का तापमान फिलहाल 30 डिग्री सेल्सियस है।

पन्नू मामले में प्रत्यर्पण के खिलाफ निखिल गुप्ता की याचिका खारिज

लंदन। चेक की संवैधानिक अदालत ने अमेरिकी सरजमीं पर एक खालिस्तानी चरमपंथी की हत्या की साजिश रचने के मामले में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता की याचिका खारिज कर दी। गुप्ता चेक की राजधानी प्राग की एक जेल में कैद है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने गुप्ता (52) के खिलाफ पिछले वर्ष नवंबर में मुकदमा दाखिल किया था।

गुप्ता पर भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर खालिस्तानी अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने का आरोप है। पन्नू अमेरिका में रहता है और उसके पास अमेरिकी और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक गणराज्य के प्राग से गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह जेल में है। अमेरिकी सरकार उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कराने की कोशिश कर रही है।

- चेक संवैधानिक अदालत ने की याचिका खारिज

चेक संवैधानिक अदालत ने प्रत्यर्पण के खिलाफ गुप्ता की याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने बुधवार को एक बयान में कहा कि संवैधानिक अदालत को ऐसी किसी परिस्थिति का भान नहीं हुआ, जिसमें प्रत्यर्पण को मंजूर करने से संवैधानिक मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता का किसी भी प्रकार का उल्लंघन होता हो। संवैधानिक अदालत ने कहा कि इसने व्यवस्था दी है कि अधीनस्थ अदालत ने प्रत्यर्पण को रोक सकने वाले सभी पहलुओं पर पूर्ण रूप से विचार किया। इतना ही नहीं इसने इन दलीलों को भी खारिज कर दिया कि यह मामला राजनीतिक था। संवैधानिक अदालत ने कहा चेक अदालत के समक्ष शिकायतकर्ता की याचिका पर सुनवाई यहां समाप्त होती है।

ताइवान को चारों तरफ से घेरकर चीन का युद्धाभ्यास

बीजिंग/ताइपे, एजेंसी

- नए राष्ट्रपति की जीत से नाराज ड्रैगन, कहा- इसकी सजा मिलेगी

ताइवान में तीन दिन पहले चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति की शपथ के बाद चीन ने गुरुवार को ताइवान को चारों तरफ से घेरकर दो दिन का युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ऐसा पहली बार है जब चीन ताइवान के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर रहा है। इससे पहले तक वह सिर्फ ताइवान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाता आया है। दरअसल, ताइवान में इस साल जनवरी में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने उम्मीदवार लाई चिंग ते को अलगाववादी कहा था। साथ ही ताइवानियों को चेतावनी दी थी कि अगर वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें।

हालांकि, चीन की धमकी के बावजूद ताइवान में चीनी विरोधी नेता लाई चिंग-ते को जीत हासिल हुई। उनकी शपथ के बाद चीनी सेना के प्रवक्ता कर्नल ली शी ने कहा था कि ताइवानियों को इसकी सजा मिलेगी।

शी ने कहा था कि चीन की थल सेना, नौसेना और वायु सेना इस संयुक्त अभ्यास से ताइवान की आजादी को बढ़ावा देने वाले अलगाववादियों को जवाब देंगे। इस अभ्यास में लड़ाकू विमान और नौसेना के कई युद्धपोत शामिल हैं। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, चीनी सेना के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने यह युद्धाभ्यास स्थानीय समयानुसार सुबह 7:45 बजे (भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5:15 बजे) शुरू किया। चीन ने इस अभ्यास को जॉइंट स्वॉर्ड-2024ए नाम दिया है।

ताइवानी राष्ट्रपति बोले- चीन सैन्य अभ्यास रोके

ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन से सैन्य अभ्यास रोकने को कहा है। लाई ने चीन से अपील की है कि वह अपने आक्रोश को रोककर पूरे इलाके में शांति बनाए रखने की कोशिश करे। लाई के मुताबिक जिन द्वीपों के पास अभ्यास चल रहा है वे ताइवान के हैं। वहीं, ताइवानी सेना को भी अलर्ट पर रखा गया है, जिससे पूरे इलाके में शांति बनी रहे। राष्ट्रपति बनने के बाद लाई चिंग-ते ने भी अपने पहले संबोधन में कहा था कि ताइवान स्वतंत्र देश है, जो देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए कुछ भी कर सकता है।

पुणे कार हादसा : नाबालिग के दादा से पूछताछ

पुणे, एजेंसी

पुणे पुलिस पोर्शे कार दुर्घटना मामले में संलिप्त 17 वर्षीय लड़के के दादा से बृहस्पतिवार को पूछताछ कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुणे पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने किशोर के पिता, स्टाफ सदस्यों और मुंडवा क्षेत्र में शराब परोसने वाले दो बार के मालिक के खिलाफ दर्ज मामले के सिलसिले में लड़के के दादा को पूछताछ के लिए तलब किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा नाबालिग के दादा से फिलहाल पुणे पुलिस आयुक्तालय में अपराध शाखा के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। पुणे के कल्याणी नगर में रविवार तड़के पोर्शे कार के नाबालिग चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिससे दोनों की मौत हो गयी थी।

पोर्श कार का अस्थायी पंजीकरण होगा रद

पुणे। जिस पोर्श कार की चपेट में आकर दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हुई थी, उसके अस्थायी पंजीकरण को रद करने की प्रक्रिया आरटीओ ने शुरू कर दी है। पोर्श टायकन कार को अस्थायी पंजीकरण के आधार पर महाराष्ट्र भेजे जाने से पहले मार्च में बेंगलुरु के एक डीलर ने इसका आयात किया था।

नाबालिग का दादा डॉन का करीबी, मरवाने को दी थी सुपारी

पुणे। पुणे में शिवसेना के पूर्व पार्षद अजय भोसले ने कार हादसे के आरोपी नाबालिग के दादा पर अंडरवर्ल्ड के साथ संबंध होने का आरोप लगाया है। अजय ने दावा किया है कि 15 साल पहले छाटा राजन गैंग को उसकी हत्या करने की सुपारी दी थी। वह 2009 में वडगांव शेरी विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना के उम्मीदवार थे, उस समय कोरेगांव पार्क क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान उन पर कथित तौर पर गोली चलाई गई थी।

सिंगापुर में मुस्तफा समूह का बड़े पैमाने पर डेटा लीक

सिंगापुर। सिंगापुर के लिटिल इंडिया में शॉपिंग मॉल का संचालन करने सहित कई क्षेत्रों में कारोबार कर रहे मुस्तफा ग्रुप का डेटा बड़े पैमाने पर लीक हो गया है और इस द्विपीय देश की डेटा सुरक्षा एजेंसी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। चर्चित हैकर मंच ब्रीचफोरम के साइबर हमलावरों ने दावा किया है कि उन्होंने मुस्तफा समूह के ग्राहकों और कर्मचारियों की निजी जानकारी चोरी कर ली है।

हाल के सप्ताह में मंच को बंद कर दिया है। हैकर ने पूर्व में दावा किया था कि उसने कंपनियों द्वारा संभावित अपराधियों की पहचान के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वैश्विक डेटाबेस से डेटा चोरी की है।

उत्सव

कोलकाता में बौद्ध भिक्षुओं ने गुरुवार को महाबोधि सोसाइटी में बुद्ध पूर्णिमा (वैशाख पूर्णिमा) के अवसर पर भगवान बुद्ध की पूजा की।

खगोल विज्ञान | क्षुद्रग्रहों की विविधता उजागर करती है यह खोज

वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वां क्षुद्रग्रह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोल वैज्ञानिकों ने एक जुड़वां क्षुद्रग्रह खोज निकाला है। यह दोनों एक दूसरे से कुछ ही दूरी पर मौजूद रहकर अपने पथ पर सफर करते हैं। इनसे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। यह खोज क्षुद्रग्रहों की विविधता बताती है।

क्षुद्र ग्रह पृथ्वी के सबसे बड़े दुश्मन माने जाते हैं। इनमें से न जाने कौन कब पृथ्वी से टकरा जाय, इस कारण वैज्ञानिकों की नजर इन पर बनी रहती है। मगर अब जिस क्षुद्रग्रह की खोज हुई है, वह विचित्र है। पहली बार इस तरह की खोज हुई है। यह ट्रोजन क्षुद्रग्रहों के लिए नासा के मिशन लुसी द्वारा खोजा गया हैं। लूसी मिशन अंतरिक्ष में जब डिंकिनेश नामक क्षुद्रग्रह से गुजर रहा था, तो उसे नजर आ गई। पहली नजर में देखने पर यह चंद्रमा प्रतीत हो रहा था। मगर से देखने पर इसकी वास्तविकता आश्चर्यजनक लगी। इसकी जांच पड़ताल करने पर पता चला कि यह दो वस्तुओं से बना है जो गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से भौतिक रूप से एक दूसरे को छूते हैं, लेकिन पूरी तरह से एक दूसरे में विलय नहीं होते हैं। यह खोज अप्रत्याशित थी। कॉर्नेल कोल्बी मेरिल, कोलोराडो विश्वविद्यालय और बर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को इस खोज का श्रेय जाता है। इस क्षुद्रग्रह की प्रकृति को बाइनरी यार्कोव्स्की-ओ''कीफ-रेडज़िएव्स्की-पैडैक प्रभाव कहा जाता है। यह क्षुद्रग्रह लगभग 790 मीटर व्यास का है।

जुड़वां क्षुद्र ग्रह की तस्वीर। ● अमृत विचार

अभी और भी प्रकृति के हो सकते हैं क्षुद्रग्रह

इस क्षुद्रग्रह के मिलने के बाद वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि विविध प्रकृति के कई अन्य क्षुद्र ग्रह हमारे अपने सौर मंडल में मौजूद हो सकते हैं। आने वाले समय में क्षुद्रग्रहों के अनेक रहस्य खुलेंगे। इसके लिए नई तकनीक इजाद की जा रही हैं।

ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति रईसी को सुपूर्द-ए-खाक किया

दुबई। ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को देश की सबसे पवित्र शिया दरगाह में बृहस्पतिवार को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी कुछ दिन पहले हेलीकॉप्टर दुर्घटना में विदेश मंत्री तथा छह अन्य लोगों के साथ मृत्यु हो गई थी। रईसी को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह के अंदर एक कब्र में दफनाया गया है।

इस दरगाह में शिया समुदाय के आठवें इमाम दफन हैं। साल 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद रईसी पहले शीर्ष सरकारी अधिकारी हैं जिन्हें इस दरगाह में दफनाया गया है। वह पहले दरगाह और उससे जुड़े एक परोपकारी फाउंडेशन का जिम्मा संभाल चुके थे। हेलीकॉप्टर हादसे में 63 वर्षीय रईसी, विदेश मंत्री हुसैन आमिर और छह अन्य की मौत हो गई थी।

विकासशील देशों पर भारी कर्ज कम करने में मदद करने का आग्रह

वाशिंगटन, एजेंसी।

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने की बैठक

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं से केन्या और अन्य विकासशील देशों को नुकसान पहुंचा रहे भारी कर्ज के बोझ को कम करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है।

इस अफ्रीकी देश के किसी नेता द्वारा 15 वर्ष में की गयी यह अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा है। इस कार्रवाई का आह्वान ऐसे समय में किया गया जबकि राष्ट्रपति बाइडन अफ्रीकी देशों से अपनी इस अपील पर जोर दे रहे हैं कि अमेरिका आर्थिक प्रतिद्वंद्वी चीन की तुलना में बेहतर भागीदार हो सकता है। बीजिंग अफ्रीका महाद्वीप में अपना निवेश बढ़ा रहा है। यह काम अक्सर उच्च-ब्याज दर पर ऋण देकर और अन्य कठिन वित्तीय शर्तों के साथ किया जा रहा है। बाइडन और रूटो चाहते हैं कि ऋणदाता देश उन विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण बाधाओं को कम करें जो उच्च ऋण बोझ की वजह से लाचार हैं।



केन्या के राष्ट्रपति के साथ जो बाइडन।